kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-15 ❒ अंक-127 ❒ रविवार, 07 जून 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12




तथ्यों की अनदेखी कर चुनिंदा आंकड़ों का इस्तेमाल राजनीति के लिए किया जा सकता है लेकिन राष्ट्रहित तथ्यों पर आधारित होता है। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर 'अधूरी जानकारी' खतरनाक साबित हो सकती है।

जगत प्रकाश नड्डा


सामाजिक जागरण के प्रतीक थे बिरसा मुंडा: विजेंद्र गुप्ता 11

धामी ने किया खेत बचाओ अभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान 12


# विकास में बाधा डालने वालों के वर्तमान और भविष्य दोनों स्वाहा होंगे : योगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



❒ रामभक्तों के लिए खुली अयोध्या, रामद्रोहियों के लिए नहीं: सीएम

❒ गोंडा में 516 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास

❒ तुष्टिकरण नहीं, विकास की राजनीति से बदली तस्वीर: योगी

❒ गोंडा को आधुनिक उत्तर प्रदेश की नई पहचान देंगे: मुख्यमंत्री

गोंडा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में अब वह दौर नहीं रहा जब दंगाइयों और उपद्रवियों के सामने सरकारें नतमस्तक हो जाती थीं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति किसी पर्व, उत्सव या धार्मिक आयोजन में बाधा डालने का प्रयास करेगा तो उसका ''वर्तमान के साथ भविष्य भी स्वाहा हो जाएगा।''

मुख्यमंत्री शनिवार को गोंडा जिले के कटरा और करनैलगंज विधानसभा क्षेत्रों में कुल 516 करोड़ रुपये की 262 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कटरा विधानसभा क्षेत्र में 256 करोड़ रुपये तथा करनैलगंज विधानसभा क्षेत्र में 260 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों का अन्नप्राशन कराया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब रामभक्तों को ही अयोध्या जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, लेकिन आज स्थिति बदल चुकी है। उन्होंने कहा, ''पहले रामभक्त अपने प्रभु श्रीराम के दर्शन के लिए अयोध्या नहीं जा पाते थे। आज राम मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है और अब अयोध्या में रामभक्त ही जा सकते हैं, रामद्रोही नहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोंडा के युवा ऊर्जावान, किसान मेहनती तथा महिलाएं प्रतिभाशाली हैं, लेकिन लंबे समय तक तुष्टिकरण, जातिवाद, भाई-भतीजावाद और अराजकता की राजनीति के कारण जनपद अपेक्षित विकास से वंचित रहा। उन्होंने कहा कि अब प्रदेश के सभी 75 जिलों, तहसीलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायतों तक बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। सरकार ''सबका साथ, सबका विकास'' की भावना के साथ कार्य कर रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता के समर्थन से प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, सड़क, पुल और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार इसी जनसमर्थन का परिणाम है। उन्होंने कहा, ''जब आपने कमल का बटन दबाया तो मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मिला। इसी कारण उत्तर प्रदेश में विकास और निवेश की धनवर्षा हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब निवेश केवल नोएडा, गाजियाबाद और मेरठ तक सीमित नहीं है, बल्कि गोंडा जैसे जिलों में भी उद्योग और निवेश पहुंच रहा है, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने यूपी पुलिस भर्ती सहित विभिन्न सरकारी नौकरियों में गोंडा और आसपास के जिलों के युवाओं को अवसर मिलने का उल्लेख किया। योगी आदित्यनाथ ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ेगी और स्वास्थ्य भी बेहतर होगा। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सौर ऊर्जा के उपयोग से बिजली खर्च कम होगा और हरित ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के विकास के लिए कई नई योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मटियारी घाट पर दीर्घ सेतु निर्माण, घाघरा नदी के किनारे बाढ़ नियंत्रण कार्य तथा टेढ़ी नदी पर लंबे समय से लंबित पुल निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। ● शेष पेज 11 पर

### परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति के चलते गोण्डा को नहीं मिला उचित सम्मान

**गोण्डा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले गोंडा जिले को लंबे समय तक परिवारवाद, भाई-भतीजावाद और तुष्टीकरण की राजनीति के कारण उसका उचित सम्मान नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन सरकार के पिछले वर्षों के प्रयासों से आज गोण्डा के युवाओं को नई पहचान और सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियों और निवेश आधारित रोजगार के अवसरों में जिले के युवाओं की भागीदारी बढ़ी है। उन्होंने दावा किया कि सरकार बिना किसी जाति, धर्म, क्षेत्र या पंथ के भेदभाव के पात्र लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है और विकास योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## प्रज्ञानंद ने जीता नार्वे शतरंज का खिताब

**एजेंसी**



**इतिहास**

❒ नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने

❒ मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत : प्रज्ञानंदा

ओस्लो, एजेंसी। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा इतिहास रचते हुए नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने जीत के साथ शनिवार को कहा कि यह मेरे करियर की सबसे बड़ी उपलब्धि और जीत है। महान खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन सहित दुनिया के कुछ सबसे मजबूत खिलाड़ियों को हराने से यह खिताब और भी यादगार बन गया है। प्रज्ञाननंदा ने आखिरी दिन की शुरुआत 15 अंक के साथ तीसरे स्थान से की। उन्होंने अंतिम बाजी में जर्मनी विन्सेंट कीमर को पराजित किया। जीत से उनके 18 अंक हो गए और उन्होंने अमेरिका के वेस्ली सो और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को पछाड़कर खिताब जीता।

उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट में खिलाड़ियों का स्तर बहुत ऊंचा था। औसत रेटिंग भी अब तक के सबसे ऊंचे स्तर में से एक थी जिससे उनकी जीत का महत्व और बढ़ गया। उन्होंने अपने खिताबी सफर में दुनिया के नंबर एक और सात बार के चैंपियन कार्लसन को दो बार हराया। उन्होंने कड़े मुकाबले में खिताब जीता क्योंकि ओपन वर्ग के सभी छह खिलाड़ियों की रेटिंग 2700 से ऊपर थी। कार्लसन 2840 रेटिंग के साथ शीर्ष खिलाड़ी थे जिससे इस खिताब की अहमियत और बढ़ गई। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह मेरे करियर की सबसे बड़ी जीत है। औसत रेटिंग के मामले में भी यह अधिक मजबूत है। मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि विज्क आन जी (टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट) में कुछ खिलाड़ी 2600 रेटिंग वाले होते हैं लेकिन यहां सिर्फ शीर्ष खिलाड़ी हैं। इसे जीतना अधिक खास है और इसमें यह बात भी जुड़ जाती है कि मैग्नस वहां थे। साथ ही लगातार चार बाजी जीतना भी। उनकी पिछली सबसे बड़ी जीत नीदरलैंड्स के विज्क आन जी में 2025 टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट में आई थी। वेस्ली सो, जो आखिरी दिन से पहले टूर्नामेंट में आगे चल रहे थे, ने अलीरेजा फिरोजो के खिलाफ अपना क्लासिकल गेम बराबरी (ड्रॉ) पर खत्म किया। बाद में सो ने आर्मागेडन गेम जीता और अतिरिक्त अंक हासिल किए। ओस्लो में शानदार टूर्नामेंट के बाद फिरोजा तीसरे स्थान पर रहे। दुनिया के नंबर वन खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और वर्ल्ड चैंपियन गुकेश डोम्माराजू के बीच हुआ मुकाबला ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### जो सैको की मुजफ्फरनगर दंगों पर लिखी किताब भारत में वितरित नहीं होगी : पेंगुइन

**नयी दिल्ली।** पत्रकार एवं लेखक जो सैको का मुजफ्फरनगर दंगों पर आधारित ग्राफिक्स उपन्यास भारत में वितरित नहीं किया जाएगा। 'पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया' (पीआरएचआई) ने शनिवार को यह जानकारी दी। मूल रूप से पेंगुइन-यूके द्वारा 2025 में प्रकाशित, 'द वन्स एंड फ्यूचर रायट' के इस साल अगस्त-सितंबर तक भारतीय बाजार में आने की उम्मीद थी। पीआरएचआई के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह निर्णय स्थानीय कानूनी, नियामक, वाणिज्यिक और बाजार संबंधी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, ''हमारी मानक प्रक्रिया के अंतर्गत, भारत में आयात या वितरण संबंधी निर्णय लेने से पहले स्थानीय कानूनी, नियामक, वाणिज्यिक और बाजार संबंधी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए पुस्तकों की समीक्षा की जाती है। भारतीय बाजार से संबंधित मामलों को मूल प्रकाशक के साथ सामान्य प्रक्रिया के तहत साझा किया गया था। इससे पहले, 'इंडियन एक्सप्रेस' ने खबर दी थी कि प्रकाशक ने ''गलत नक्शे'' के कारण पुस्तक के वितरण पर रोक लगा दी है और मूल प्रकाशक की ओर से ''कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है''। अपने पिछले उपन्यासों में गाजा, फलस्तीन और बाल्कन में संघर्ष के चित्रण के लिए उपन्यासकार सैको को काफी सराहना मिली है। अपने नवीनतम उपन्यास में, सैको ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में 2013 में हुए सांप्रदायिक दंगों का विस्तृत वर्णन किया है, जिनमें कथित तौर पर 60 से अधिक लोग मारे गए और 40,000 से अधिक लोग विस्थापित हुए थे। इस पुस्तक की आयातित प्रतियां कुछ ऑनलाइन मंचों पर उपलब्ध हैं।

### फिरोजपुर में पिकअप-ट्रक की टक्कर में नौ की मौत

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर जिले में शनिवार सुबह पिकअप और ट्रक की टक्कर में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 10 घायल हो गए। हादसा फिरोजपुर-फाजिल्का मार्ग पर जंगा वाला मोड़ के पास उस समय हुआ। पुलिस के अनुसार, वाहन में महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। जलालाबाद से अमृतसर जिले के ब्यास जा रहे थे। वे अपने एक रिश्तेदार की अस्थियां ब्यास नदी में विसर्जित करने के लिए निकले थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को तत्काल फिरोजपुर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. निखिल गुप्ता ने बताया कि गंभीर रूप से घायल लोगों को आगे के इलाज के लिए फरीदकोट स्थित गुरु गोबिंद सिंह सरकारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। हादसे में मामूली रूप से घायल 12 वर्षीय अंशप्रीत सिंह ने बताया कि वह अपनी दादी पूरो बाई की अस्थियां विसर्जित करने परिवार के साथ जा रहा था। उसने बताया कि परिवार सुबह करीब 3:30 बजे यात्रा पर निकला था। जंगा वाला मोड़ के पास पहुंचते ही हादसा हो गया।

## यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर में तीन कंपनियों का भूमि आवंटन रद्द

**कैनविज टाइम्स ब्यूरो**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के अलीगढ़ फ़ेज-1 डिफेंस नोड में भूमि आवंटित तीन कंपनियों के आवंटन रद्द कर दिए हैं।

यह कार्रवाई कंपनियों द्वारा करीब पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य और औद्योगिक गतिविधियां शुरू न करने के कारण की गई है। यूपीडा के अनुसार यह कदम राज्य सरकार की उस नीति के तहत उठाया गया है, जिसके तहत रक्षा एवं एयरोस्पेस विनिर्माण के लिए आरक्षित भूमि का समयबद्ध निवेश, जवाबदेही और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। प्राधिकरण ने कहा कि संबंधित कंपनियां बार-बार की गई समीक्षा और निगरानी के बावजूद अपनी परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में आगे नहीं बढ़ा सकीं।

अधिकारियों का कहना है कि परियोजनाओं में लंबे समय तक हुई देरी से औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन की संभावनाएं प्रभावित हो रही थीं। अनुपालन समीक्षा के बाद उपीडा ने लीज समझौते के प्रावधानों के तहत आवंटन निरस्त करने की प्रक्रिया पूरी की। यूपिडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी दीपक कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर राष्ट्रीय महत्व की परियोजना है और इसके भीतर उपलब्ध भूमि रक्षा विनिर्माण के लिए एक रणनीतिक संसाधन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल वही निवेशक भूमि आवंटन बनाए रख सकेंगे जो निर्धारित समयसीमा के भीतर परियोजनाओं को धरातल पर ● शेष पेज 11 पर

## जंतर-मंतर पर जुटे काकरोच जनता पार्टी के समर्थक, मांगा इस्तीफा

नई दिल्ली। काकरोच जनता पार्टी के संस्थापक अभिजीत दीपके सहित उनके सैकड़ों समर्थक शनिवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने के लिए जुटे। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ नारेबाजी की और परीक्षा लीक मामले को लेकर उनका इस्तीफा मांगा। अभिजीत ने इस दौरान घोषणा की कि अगर धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं देते हैं तो यह आंदोलन देशभर में चलाया जाएगा। इसके साथ ही अगले शनिवार को उन्होंने एक बार फिर जंतर-मंतर पर पार्टी समर्थकों को जुटने का अनुरोध किया। जानकारी के अनुसार शिकागो से शनिवार सुबह अभिजीत दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-3 पर पहुंचे। यहां पर पुलिस ने उन्हें सुबह 10 से शाम 5 बजे तक प्रदर्शन करने की अनुमति दी और फिर कड़ी सुरक्षा के बीच उन्हें गाड़ी से जंतर-मंतर ले जाया गया।

वहां बड़ी संख्या में युवाओं ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस प्रदर्शन में लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने भी हिस्सा लिया। प्रदर्शन के दौरान अभिजीत ने ● शेष पेज 11 पर

## आरोपपत्र के दस्तावेज आरोपी को उपलब्ध कराना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी आरोपी को आरोपपत्र का हिस्सा रहे दस्तावेजों तक पहुंच से वंचित नहीं किया जा सकता। ऐसा करने से आरोपी के निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। यह टिप्पणी न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदूरकर की पीठ ने की। पीठ ने निर्देश दिया कि 1923 के शासकीय गोपनीयता अधिनियम के तहत 2007 में दर्ज एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे सेवानिवृत्त मेजर जनरल वीके सिंह को कुछ अत्यंत गोपनीय दस्तावेजों की टाइप की हुई प्रतियां उपलब्ध कराई जाएं। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई का मामला यह नहीं है कि सिंह द्वारा मांगे गए दस्तावेज मुकदमे के लिए अप्रासंगिक हैं। कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष की एकमात्र आपत्ति यह थी कि ये दस्तावेज राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत गोपनीय हैं और उनकी प्रतियां उपलब्ध कराने पर उनके सार्वजनिक होने की आशंका है। सिंह देश की खुफिया एजेंसी रॉ के अधिकारी भी रह चुके हैं। पीठ ने 18 मई के अपने आदेश में कहा कि यह स्थापित कानून है कि किसी आरोपी को आरोपपत्र का हिस्सा बने दस्तावेजों, जिनमें सामान्य डायरी के दस्तावेज भी शामिल हैं, तक पहुंच से वंचित नहीं किया जा सकता। सीबीआई ने सितंबर 2007 में सिंह के खिलाफ एक शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया था। आरोप था कि उन्होंने अपनी पुस्तक 'इंडियाज एक्सटर्नल इंटेलीजेंस- सीक्रेट्स ऑफ रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' प्रकाशित कर गोपनीय जानकारी का खुलासा किया।

### हाईकोर्ट का आदेश रद्द

सुप्रीम कोर्ट ने अपना आदेश उस याचिका पर दिया, जिसमें सिंह ने गत सितंबर में दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। हाईकोर्ट ने निचली अदालत के दिसंबर 2009 के उस आदेश में संशोधन किया था, जिसमें अभियोजन पक्ष को सिंह द्वारा मांगे गए दस्तावेजों की प्रतियां उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। सिंह ने सीआरपीसी की धारा 207 के तहत अधीनस्थ अदालत में आवेदन दाखिल कर अभियोजन पक्ष को कुछ ऐसे दस्तावेज उपलब्ध कराने का निर्देश देने का अनुरोध किया था, जो आरोपपत्र का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें नहीं दिए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने सभी परिस्थितियों को देखते हुए हाईकोर्ट का आदेश रद्द कर दिया।

## मोदी के नेतृत्व के दौरान भारत को प्रतिबंधों की धमकी उल्टी पड़ेगी: पुतिन

**एजेंसी**




मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण बयान में कहा कि भारत हमेशा एक संप्रभु देश की तरह कार्य करता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावशाली नेतृत्व में भारत के खिलाफ किसी भी प्रकार के प्रतिबंधों या सैन्य दबाव की धमकी तुरंत 'बूमरैंग' की तरह लौटकर आएगी।

पुतिन ने अपनी बात में यह उल्लेख किया कि भारत ने हमेशा अपने फैसले स्वतंत्रता और संप्रभुता के साथ लिए हैं, और इसके लिए किसी बाहरी दबाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता, दृढ़ता और नेतृत्व कौशल की भी सराहना की, जो भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर एक मजबूत और प्रभावशाली देश के रूप में स्थापित करता है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब वैश्विक राजनीति में विभिन्न देशों के बीच व्यापार, सुरक्षा और कूटनीतिक तनाव बढ़ रहे हैं। पुतिन का यह कहना है कि भारत की विदेश नीति हमेशा निष्पक्ष और संतुलित रही है, और वह किसी भी दबाव में जल्दबाजी में प्रतिक्रिया नहीं करता। भारत की संप्रभुता और स्वायत्तता उच्च प्राथमिकता है और इसे संरक्षण देना सभी हितधारकों का कर्तव्य है। विशेषज्ञों का कहना है कि पुतिन द्वारा भारत समर्थक इस बयान से यह स्पष्ट है कि द्विपक्षीय रिश्ते मजबूत होंगे और दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ेगा। साथ ही, यह बयान अन्य वैश्विक शक्तियों के लिए भी एक संदेश है कि भारत अपनी संप्रभुता के लिए दृढ़ता से खड़ा रहेगा।

# अमेरिका-ईरान एक बार फिर सैन्य टकराव के बेहद करीब

**एजेंसी**



वॉशिंगटन/तेहरान। अमेरिका-ईरान के बीच शुक्रवार को तनाव एक बार फिर सीधे सैन्य टकराव के बेहद करीब पहुंच गया। दोनों पक्षों ने दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल परिवहन मार्गों में से एक होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास एक-दूसरे पर सैन्य हमले किये।

खाड़ी क्षेत्र में संघर्ष विराम की परीक्षा के बीच ईरान के अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलें दागे जाने के बाद अमेरिकी सेना ने जवाबी कार्रवाई करते हुए ईरानी ड्रोन और रडार ठिकानों को निशाना बनाया। इसी दौरान एक अन्य मोर्चे पर इजरायल-लेबनान में संघर्ष विराम समझौता होने के बावजूद इजरायली सेना और हिजबुल्लाह के बीच झड़पें तेज हो गयी हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर यह युद्धविराम लागू है, लेकिन जमीन पर इसका पालन बेहद कमजोर नजर आ रहा है। अमेरिकी केंद्रीय कमान (सेंटकॉम) ने एक बयान में कहा कि ईरानी बलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य और पड़ोसी खाड़ी देशों की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन दागे। शुरुआती आकलन के अनुसार, अमेरिकी सेना ने कुवैत और बहरीन को निशाना बनाकर दागी गयी सात मिसाइलों में से छह को हवा में ही नष्ट कर दिया, जबकि सातवीं मिसाइल लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही गिर गयी। बयान में कहा गया है कि किसी भी अमेरिकी कर्मी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। सेंटकॉम ने कहा, ''बहरीन में अमेरिकी नौसेना के पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचाने के ईरानी दावे पूरी तरह झूठे हैं।'' इससे पहले ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने दावा किया था कि उसने 'क्षेत्र में मौजूद दुश्मन के ठिकानों' पर हमले किये हैं। अमेरिकी अधिकारियों ने यह भी बताया कि क्षेत्र में सक्रिय जहाजों के लिए सीधा खतरा बने ईरान के चार हमलावर ड्रोन को मार गिराया गया। जवाब में अमेरिका ने गोरुक और केश्म द्वीप पर स्थित ईरान के रडार और तटीय रक्षा ठिकानों पर हमले किये। ये वे महत्वपूर्ण ठिकाने हैं, जहां से तेहरान समुद्री यातायात पर नजर रखता है। अमेरिकी अधिकारियों ने इस कार्रवाई को रक्षात्मक कदम बताया। इसका उद्देश्य वाणिज्यिक जहाजरानी मार्गों की रक्षा करना और भविष्य के हमलों को रोकना है। ईरान ने इस घटनाक्रम को अलग तरह से पेश किया है। वहां की अर्ध-सरकारी 'मेहर न्यूज एजेंसी' ने खबर दी है कि ईरानी बलों ने जलडमरूमध्य के पास चेतावनी के तौर पर गोलीबारी की थी, जो संभवतः क्षेत्र में अमेरिकी नौसेना के जहाजों की नयी तैनाती के जवाब में की गयी थी। ईरान ने पूरे क्षेत्र में दुश्मन के ठिकानों को सफलतापूर्वक निशाना बनाने का भी दावा किया, हालांकि सेंटकॉम ने बहरीन में अमेरिकी पांचवें बेड़े के मुख्यालय को नुकसान पहुंचने की रिपोर्टों का सिरे से खंडन किया है। तड़के सुबह बहरीन और ● शेष पेज 11 पर

### ट्रंप के साथ किसी भी परमाणु समझौते पर भरोसा नहीं, अमेरिका से रुक गयी है बातचीत : ईरान

तेहरान। ईरान के सर्वोच्च नेता के एक वरिष्ठ सलाहकार एवं इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के पूर्व कमांडर-इन-चीफ मोहसिन रेजाई ने वर्ष 2015 के जेसीपीओए समझौते से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पीछे हटने का जिक्र करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ फिलहाल परमाणु पर कोई बातचीत नहीं होगी। श्री रेजई ने यह भी कहा कि ईरान-अमेरिका के बीच बातचीत बंद हो गयी है और इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए श्री ट्रंप को कदम उठाना चाहिए। ईरानी मीडिया के अनुसार, आईआरजीसी के पूर्व प्रमुख ने अमेरिका को दोबारा आक्रामकता दिखाने के खिलाफ चेतावनी दी। उन्होंने कहा, अगर उन्होंने फिर से सैन्य कार्रवाई का रास्ता चुना, तो वह एक अंधेरी और अंतहीन सुरंग में प्रवेश कर जायेंगे। उन्होंने कहा कि अगर युद्ध और नाकेबंदी जारी रही तो ईरान इस टकराव को फारस की खाड़ी से आगे हिंद महासागर, लाल सागर, बाब अल-मंडेब जलडमरूमध्य और भूमध्य सागर तक बढ़ा सकता है। श्री रेजाई ने इस बात पर जोर दिया कि बातचीत गतिरोध पर पहुंच गयी है और ईरान के फ्रीज किये गये फंड को जारी करना विश्वास बहाली के लिए एक जरूरी परीक्षा है। उन्होंने 'सीएनएन' से कहा, ल़ अब गेंद ट्रंप के पाले में है और ईरान के रोके गये फंड को जारी करना विश्वास बहाली के उपाय के रूप में काम करेगा। यह बातचीत आगे बढ़ाने के अमेरिका की ख्वाहिश का इम्तिहान भी होगा।

# पीएम सूर्य घर योजना का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुंचाना प्राथमिकता : शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। प्रदेश के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत तथा नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक शीघ्रता से पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों, बैंकों एवं वेंडरों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए योजना के क्रियान्वयन में आने वाली बाधाओं को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

सर्किट हाउस सभागार में आयोजित योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए मंत्री ने योजना की प्रगति, उपलब्धियों एवं आगामी कार्ययोजना की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने वाराणसी में कार्यरत वेंडरों से सीधे संवाद कर जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं की जानकारी ली और उनके त्वरित समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने विद्युत विभाग को प्री-कॉन्फिगर्ड मीटरों की स्थापना में तेजी लाने तथा पहले से स्थापित मीटरों का कॉन्फिगरेशन प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीकी प्रक्रियाओं में अनावश्यक विलंब से योजना की गति प्रभावित होती है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में विभिन्न बैंकों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाया जाए। पात्र आवेदकों से केवल आवश्यक दस्तावेज ही लिए जाएं तथा बिना उचित कारण किसी भी आवेदन को अस्वीकृत न किया जाए। उन्होंने कहा कि आसान वित्तीय सहायता योजना की सफलता का महत्वपूर्ण आधार है। मंत्री ने अप्रैल और मई माह में सौर ऊर्जा स्थापना के क्षेत्र में यूपीनेडा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष श्रेणी में स्थान प्राप्त करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय वेंडरों, उपभोक्ताओं, जिला प्रशासन और संबंधित विभागों के संयुक्त प्रयासों को देते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के माध्यम से उत्तर प्रदेश स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। सभी विभागों और संस्थाओं को पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए प्रदेश को इस योजना के अंतर्गत देश में प्रथम स्थान पर स्थापित करने का लक्ष्य हासिल करना होगा। इससे आम नागरिकों के बिजली खर्च में कमी आने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी नई मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान मंत्री ने ''सोलर दीदी'' को प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया तथा योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार और जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया।

# भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। ज्येष्ठ माह में बड़े मंगल एवं शनिवार के पावन अवसर पर शहर भर में धार्मिक आयोजनों और भंडारों की धूम देखने को मिल रही है। इसी क्रम में शनिवार को राजाजीपुरम स्थित ई-ब्लॉक मार्केट में भारतीय जन सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को सब्जी-पूड़ी, कढ़ी-चावल एवं बूंदी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व सांसद डॉ. अशोक बाजपेई ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ अर्जित किया। समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेयी 'शीलू' ने कहा कि भारतीय जन सेवा समिति विगत कई वर्षों से समाज सेवा और जरूरतमंदों की सहायता के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से संस्था समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का कार्य कर रही है। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, महामंत्री सत्येंद्र सिंह, पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया, पूर्व मंत्री सुधाकर त्रिपाठी, एमएलसी अरविंद त्रिपाठी 'गुड्डू', राजीव मिश्रा, प्रकाश मिश्रा, विनीत शुक्ला 'बीनू', विकास श्रीवास्तव 'बाबा', लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, महामंत्री पवन मनोचा, सेंट्रल बार के अध्यक्ष अखिलेश जायसवाल, मंडल अध्यक्ष सोमेंद्र पांडेय, पार्षद अनूप कमल सक्सेना, अजय दीक्षित, गौरी सांवरिया, शिवकुमार यादव 'गुड्डू', गणेश प्रसाद वर्मा, पुरुषोत्तम पुरी, पूर्व पार्षद नागेंद्र सिंह, शिवपाल सांवरिया, संतोष राय, अतुल दीक्षित, माधुरी शुक्ला, तारा चंद्र रावत, अनुराग पांडेय, बीना गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के सदस्य सुनील मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# यात्रियों और नागरिकों को मिलेगी त्वरित पुलिस सहायता, सुरक्षा व्यवस्था होगी और मजबूत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने शुक्रवार को थाना सिगरा क्षेत्र के अंतर्गत वाराणसी जंक्शन के सामने स्थापित नए पुलिस सहायता केन्द्र का उद्घाटन किया। इस केन्द्र की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाते हुए नागरिकों, यात्रियों एवं व्यापारियों को त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराना है।

वाराणसी जंक्शन पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों के आवागमन को देखते हुए यह सहायता केन्द्र सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उद्घाटन के अवसर पर पुलिस आयुक्त ने कहा कि जनसुरक्षा कमिश्नरेट पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है और नागरिकों को सुरक्षित तथा भरोसेमंद वातावरण उपलब्ध कराना पुलिस की जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि सहायता केन्द्र पर तैनात पुलिसकर्मी क्षेत्र में लगातार निगरानी रखेंगे तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। यह केन्द्र विशेष रूप से महिला सुरक्षा, वरिष्ठ नागरिकों की सहायता और यात्रियों के मार्गदर्शन को अधिक सुलभ बनाएगा।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि यह सहायता केन्द्र अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा जनसुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों के प्रभावी समाधान में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। इससे रेलवे स्टेशन और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त शिवहरी मीणा, पुलिस उपायुक्त काशी जोन गौरव बंशवाल, सहायक पुलिस आयुक्त शुभम कुमार, प्रभारी निरीक्षक सिगरा सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संभल : कब्रिस्तान और ग्राम समाज की जमीन पर बनी मस्जिद पर चला बुलडोजर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संभल। जनपद संभल के नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम कसेरुआ में कब्रिस्तान और ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से निर्मित मुस्तफा कादरी मस्जिद पर शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर चल गया। हालांकि इससे पहले शुक्रवार को हटाने का आदेश तहसीलदार न्यायालय द्वारा जारी किया था। इस कार्य के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें नायब तहसीलदार दीपक जुरैल को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई थी।

कसेरुआ गांव में गाटा संख्या 409 जो की कब्रिस्तान की भूमि है जिस पर 280 वर्ग मीटर में मस्जिद निर्मित है प्रशासन का कहना है कि कब्रिस्तान की भूमि पर मस्जिद का निर्माण कानूनी और धार्मिक दोनों ही दृष्टिकोण से गलत है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भी कब्रिस्तान की जमीन पर मस्जिद नहीं बनाई जा सकती। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कई थानों की फोर्स को मौके पर तैनात किया गया तथा दो बटालियन पीएसी भी मौके पर मौजूद रही। इस विषय में जानकारी देते हुए नसरीन नामक युवती ने रोते हुए कहा कि यह एकतरफा आदेश हुआ है। मस्जिद का हमारा एक प्वाइंट भी नहीं सुना गया है। यह मस्जिद 1980 से वक्फ बोर्ड में दर्ज है, हमारी कहीं नहीं सुनी गई। तहसीलदार ने भी नहीं सुना। उन्होंने ही यह आदेश दिया है, कोई भी फर्जी कागजात नहीं है। रो इसी वजह से रही हूं कि हमारी मस्जिद जा रही है हमारे दादा परदादा ने नमाज पढ़ी है यह कब्रिस्तान भी तो हमारा ही है। इस विषय में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी संभल अंकित खंडेलवाल ने बताया कि संभल तहसील के गांव कसेरूमें कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत थी जिसका नियमानुसार वाद दर्ज करने के बाद तहसीलदार की कोर्ट में निर्णय के बाद उसकी अपील जिला अधिकारी के कोर्ट में दाखिल की गई वहां साक्ष्य देने का अवसर दिया गया किंतु इनके द्वारा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके चलते 1200 वर्ग मीटर के अवैध कब्जे को आज हटाया जा रहा है। वहीं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि जिला प्रशासन ओर पुलिस के द्वारा आज गांव कसेरउ में अवैध कब्जा हटाने की मुहिम चल रही है। उसमें आज एक मस्जिद जो कि कब्रिस्तान की जमीन पर बनी हुई है उसका न्यायिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ध्वस्त किया जा रहा है। यहां पर तीन थानों का फोर्स, सीओ असमोली ओर अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। मस्जिद जब ध्वस्त की जा रही थी तो उसमें आई लव मोहम्मद और विभिन्न प्रकार के पोस्टर भी मिले हैं इसकी जानकारी प्राप्त की जा रही है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या 17–टेन्डर–उप.मु.अभि./नि.–5/लखनऊ–ई.पी.सी.**
**दिनाँक 22.05.2026 का पहला शुद्धिपत्र**

**संख्याः 17-टेन्डर-उप.मु.अभि./नि.-5/लखनऊ-ई.पी.सी./प्रथम शुद्धिपत्र दिनाँक : 05.06.2026**

दिनांक 23.05.2026 को समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 17–टेन्डर–उप.मु. अभि./नि.–5/लखनऊ–ई.पी.सी. दिनाँक 22.05.2026 के संबंधित तिथियों में प्रशासनिक आधार पर निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

| विवरण | वर्तमान तिथि | संशोधित |
|---|---|---|
| (एन आई टी) आर एफ पी आमंत्रण की तिथि | 25.05.2026 | कोई संशोधन नहीं |
| बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 19.06.2026 | 03.07.2026 |
| प्रथम प्री बिड मीटिंग | 19.06.2026 | 03.07.2026 |
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 04.07.2026 | 18.07.2026 |
| द्वितीय प्री बिड मीटिंग (यदि आवश्यक) | 09.07.2026 | 25.07.2026 |
| रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 24.07.2026 | 05.08.2026 |
| निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने/देखने की अंतिम तिथि | 22.08.2026 समय 11:00 बजे तक | 24.08.2026 समय 11:00 बजे तक |
| ई–निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | 22.08.2026 समय 11:00 बजे तक | 24.08.2026 समय 11:00 बजे तक |
| क्लॉज संख्या 2.11.2 मे सूचीबद्ध सभी दस्तावेजों को भौतिक रूप से प्रस्तुत करने की तिथि | 27.08.2026 समय 11:00 बजे तक | 29.08.2026 समय 11:00 बजे तक |
| ई–निविदा खुलने की तिथि | 27.08.2026 समय 16:00 बजे के बाद | 29.08.2026 समय 11:00 बजे के बाद |

अन्य सभी नियम और शर्तें समान रहेंगी। 1928/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गाजीपुर एनकाउंटर मामले की जांच होगी, दोषी पाए जाने पर कार्रवाई : केशव मौर्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गाजीपुर एनकाउंटर मामले पर समाजवादी पार्टी सांसद डिंपल यादव द्वारा उठाए गए सवालों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यदि मामले में किसी प्रकार की लापरवाही या दोष सामने आता है तो जांच के बाद संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

प्रयागराज में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस को आपराधिक मामलों में कार्रवाई करनी पड़ती है। कई बार ऐसी घटनाओं में परिजनों की ओर से शिकायतें भी आती हैं, जिनकी जांच कराई जाती है। उन्होंने कहा कि गाजीपुर एनकाउंटर प्रकरण की भी जांच कराई जाएगी और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और सांसद डिंपल यादव को बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान अपराध और दंगों की घटनाएं अधिक होती थीं, जबकि वर्तमान सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई अपराधी पुलिस दल पर हमला करता है तो पुलिस आत्मरक्षा और कानून के तहत जवाबी कार्रवाई करती है। उन्होंने दोहराया कि एनकाउंटर से जुड़े मामले की निष्पक्ष जांच होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूरे होने के संदर्भ में डिंपल यादव द्वारा बेरोजगारी और महंगाई को लेकर की गई टिप्पणी पर भी मौर्य ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ा है और जिन वस्तुओं का आयात पहले विदेशों से किया जाता था, उनका निर्माण अब भारत में हो रहा है। उन्होंने विपक्षी दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनता दल और तृणमूल कांग्रेस जैसे दल सत्ता से बाहर होने के कारण ''राजनीतिक बेरोजगारी'' का सामना कर रहे हैं और इसी वजह से सरकार पर आरोप लगा रहे हैं। मौर्य ने दावा किया कि पिछले 12 वर्षों में केंद्र और पिछले 9 वर्षों में उत्तर प्रदेश में विकास कार्य पारदर्शी ढंग से हुए हैं तथा युवाओं के लिए रोजगार और अवसर बढ़े हैं। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती से अखिलेश यादव और डिंपल यादव की मुलाकात तथा गाय को राष्ट्रीय माता घोषित करने के अभियान के समर्थन के प्रश्न पर भी उपमुख्यमंत्री ने प्रतिक्रिया दी और कहा कि गौ संरक्षण के लिए भाजपा लगातार कार्य कर रही है। उन्होने विपक्ष पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाते हुये दावा किया कि भाजपा सरकार गौ संरक्षण और गौ संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विपक्ष अवसरवादी राजनीति कर रहा है। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा पुनः सरकार बनाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र में भी भाजपा का नेतृत्व मजबूत बना रहेगा और देश को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा वर्तमान में भी जनता के विश्वास की पार्टी है और भविष्य में भी विकास तथा सुशासन के एजेंडे पर आगे बढ़ती रहेगी।



## डूडा कॉलोनी में चला 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय एवं यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जन्मदिवस तथा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को पारा स्थित नरपत खेड़ा डूडा कॉलोनी में ''एक पेड़ माँ के नाम'' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सेक्टर संयोजक राम नरेश मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मुदित मिश्रा, आलोक शर्मा, कृतिका मिश्रा, अर्शि शर्मा, मनोज सिंह, यशपाल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

उप–मुख्य अभियन्ता/नि०– अयोध्या/उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित प्रोफॉर्मा पर मोहर बन्द ई–निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम** | उप–मुख्य अभियन्ता/नि०–अयोध्या/उत्तर रेलवे, लखनऊ के अधीन अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर होलिडे होमस, अधिकारी विश्राम गृह (ORH) और पर्यवेक्षक विश्राम गृह का निर्माण कार्य। |
| 2. | **कार्य पूरा करने की अवधि** | 12 (बारह) माह |
| 3. | **कार्य की अनुमानित लागत** | ₹1550.12 लाख |
| 4. | **धरोहर राशि** | ₹31,00,300.00 |
| 5. | **ई निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख** | निविदाएँ दिनाँक 29/06/2026 को 15:00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की जा सकती है तथा दिनाँक 29/06/2026 को समय 15:00 बजे खोली जाएगी। |
| 6. | **विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र** | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 08/06/2026 से आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध रहेंगें व दिनाँक 15/06/2026 से 29/06/2026 समय 15:00 बजे तक ई–निविदा अपलोड की जा सकती है |

संख्या 259–टेण्डर/उप–मुख्य अभियन्ता/नि०– अयोध्या/लखनऊ
दिनाँक 05/06/2026 1932/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अग्नि सुरक्षा जांच शुरू, लेकिन वर्षों तक क्यों नहीं हुई निगरानी?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। दिल्ली के एक होटल में हुए भीषण अग्निकांड के बाद लखनऊ विकास प्राधिकरण और अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम ने शहर के होटलों और रेस्त्रां में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच शुरू कर दी है। शनिवार को विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और 29 होटल संचालकों से स्वीकृत भवन मानचित्र तथा फायर एनओसी से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। हालांकि इस कार्रवाई के साथ कई सवाल भी उठने लगे हैं। जिन होटलों और व्यावसायिक भवनों की अब जांच की जा रही है, यदि उनमें अग्नि सुरक्षा संबंधी खामियां या मानचित्र के विपरीत निर्माण मिलता है तो यह स्थिति अचानक नहीं बनी होगी। ऐसे में सवाल यह है कि संबंधित विभागों द्वारा पहले नियमित निरीक्षण और निगरानी क्यों नहीं की गई? शहर में वर्षों से संचालित अनेक होटल, रेस्त्रां और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि अग्नि सुरक्षा केवल किसी बड़े हादसे के बाद चलाए जाने वाले अभियान का विषय नहीं होना चाहिए, बल्कि इसकी नियमित समीक्षा और सुरक्षा ऑडिट होना आवश्यक है। यदि समय रहते कमियों की पहचान कर उन्हें दूर किया जाए तो संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। एलडीए अधिकारियों के अनुसार निरीक्षण के दौरान एकत्र किए गए बिंदुओं का दस्तावेजों से मिलान किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। वहीं आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में भी अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, मॉक ड्रिल और लंबित प्रमाण पत्रों के मुद्दों पर चर्चा की गई। फिलहाल शहर वासियों की नजर इस बात पर है कि यह अभियान केवल औपचारिक जांच तक सीमित रहता है या फिर वर्षों से चली आ रही कमियों को दूर करने और जिम्मेदार पक्षों की जवाबदेही तय करने की दिशा में भी प्रभावी कदम उठाए जाते हैं।

# 305 शिकायतें, सिर्फ 8 का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



**समाधान दिवस में एसडीएम और तहसीलदार ने सुनी फरियाद, अधिवक्ताओं व सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन**

(कोरांव), प्रयागराज। कोरांव तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चले इस कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) संदीप तिवारी, तहसीलदार रोशनी सोलंकी और एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान कुल 305 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से केवल 8 का मौके पर निस्तारण किया जा सका, जबकि 297 शिकायतें लंबित रह गईं।

समाधान दिवस के दौरान पूर्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण तिवारी ने अपने अधिवक्ता साथियों के साथ नारेबाजी की। उन्होंने मांग की कि धारा 24 से संबंधित मामलों में पत्थरगद्दी का कार्य नहीं किया जा रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बारिश से पहले इन मामलों का निस्तारण नहीं हुआ, तो लोगों को एक साल और इंतजार करना पड़ेगा। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भी विभिन्न मुद्दों पर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा, जिसके बाद स्थिति शांत हुई।सामाजिक कार्यकर्ता अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने एसडीएम से शिकायत की कि खाद्य, ड्रग सहित कई विभागों के अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित नहीं होते हैं। इस पर एसडीएम ने आश्वासन दिया कि मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजकर सभी विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा जाएगा। एसडीएम ने फरियादियों की शिकायतें सुनने के बाद संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए और उसकी आख्या पोर्टल पर अपलोड की जाए, ताकि बार-बार शिकायतें न आएं। स्थानीय लोगों ने इस बात पर चिंता व्यक्त की कि जब करछना तहसील में जिलाधिकारी आते हैं, तो कोरांव तहसील में जिलाधिकारी या अन्य जिम्मेदार जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित क्यों नहीं होते। उन्होंने प्रयागराज के जिलाधिकारी से अगले संपूर्ण समाधान दिवस में कोरांव आने की अपील की है। प्राप्त शिकायतों का विवरण इस प्रकार हैः राजस्व से संबंधित 138, पुलिस से 52, विकास से 45, शिक्षा से 2, स्वास्थ्य से 1, समाज कल्याण से 2 और अन्य विभागों से 65 शिकायतें प्राप्त हुईं।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-Sig-Tender-17-2026-27 |
| कार्य का नाम | नॉर्दर्न रेलवे के लखनऊ डिवीज़न में लगाए गए अवनी रावेल (Avani Ravel) मेक के ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन और अलार्म सिस्टम का 36 (छत्तीस) महीनों के लिए सालाना मरम्मत अनुबंध (ARC)। |
| अनुमानित लागत | रु. 1,35,49,069.00 |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 2,71,000.00 |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 36 महीने |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03.06.2026, 15:30 बजे |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |


• ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.: 106-Sig-Tender-17-2026-27 दिनांक: 03.06.2026 1942/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रेम प्रसंग में युवती की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता


मृतक मानसी फाइल फोटो


हत्यारोपी विशाल फोटो

❐ जंगल में फेंका शव, 12 दिन बाद कंकाल के रूप में मिले अवशेष

❐ सीतापुर से अपहृत 19 वर्षीय युवती के कपड़े, खोपड़ी और अस्थियां बीकेटी के देवरई कला जंगल में बरामद, प्रेमी गिरफ्तार

### गर्भवती होने की आशंका बनी हत्या की वजह

पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी और युवती के बीच प्रेम संबंध थे। पूछताछ में यह तथ्य भी सामने आया कि युवती गर्भवती थी। पुलिस को आशंका है कि इसी कारण आरोपी ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। हालांकि वास्तविक कारणों की पुष्टि विवेचना और वैज्ञानिक रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

बख्शी का तालाब,लखनऊ।।सीतापुर के संधाना थाना क्षेत्र से अपहृत 19 वर्षीय युवती की हत्या कर शव जंगल में फेंकने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी प्रेमी की निशानदेही पर बीकेटी क्षेत्र के देवरई कला गांव के निकट जंगल से युवती के कंकालनुमा अवशेष बरामद किए हैं। बरामद कपड़ों और अन्य सामान की पहचान परिजनों ने युवती मानसी के रूप में की है।प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग और गर्भवती होने के बाद हत्या किए जाने की बात सामने आई है।

पुलिस के अनुसार मानसी पुत्री महेश निवासी कस्बा एवं थाना संधना, जनपद सीतापुर, 25 मई को घर से ग्राम कुचलयी स्थित महाविद्यालय जाने के लिए निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। परिजनों की तहरीर पर थाना संधाना में अपहरण का मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की गई थी।विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों और संदिग्ध विशाल पाल निवासी ग्राम सरैया थाना संधाना से पूछताछ में महत्वपूर्ण सुराग मिले। इसके बाद पुलिस शनिवार की सुबह आरोपी को साथ लेकर बीकेटी थाना क्षेत्र के देवरई कला जंगल पहुंची। आरोपी की निशानदेही पर जंगल में तलाशी के दौरान युवती के कपड़े, चप्पल, खोपड़ी, अस्थियां और बाल बरामद हुए।पुलिस की जांच में सामने आया कि आरोपी और युवती के बीच प्रेम संबंध थे। आरोप है कि युवती के गर्भवती होने के बाद आरोपी ने उसकी हत्या कर दी और साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को आउटर रिंग रोड (किसान पथ) किनारे जंगल में फेंक दिया। लगभग 12 दिन बीत जाने के कारण शव पूरी तरह क्षत-विक्षत होकर कंकाल में तब्दील हो चुका था।सूचना पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए। बरामद अवशेषों को पोस्टमार्टम और अन्य विधिक कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि आवश्यकतानुसार डीएनए परीक्षण भी कराया जाएगा। जंगल से बरामद कपड़े, चप्पल और अन्य सामान देखकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उनकी पहचान मानसी के रूप में की। हालांकि पुलिस ने पहचान की वैज्ञानिक पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण कराने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है, जिससे किसी प्रकार की आशंका न रहे।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से प्रवीण गर्ग और वियतनामी प्रशिक्षकों ने भेंट की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। राजधानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को वोवीनाम एसोसिएशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने वोवीनाम मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया प्रतिनिधि मंडल के साथ कालिदास मार्ग आवास पर भेंट की। प्रतिनिधि मंडल में ख्वाजा मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय के कुलपति अजय तनेजा, वियतनाम से वोवीनाम मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर के लिए आए हुए वर्ल्ड वोवीनाम फ़ेडरेशन के टेक्निकल कमेटी के डायरेक्टर मास्टर हुईन खैक गुयेन और कोच मास्टर फाम ची थिन्ह एसोसिएशन राष्ट्रीय महासचिव शंकर महाबले (महाराष्ट्र), टेक्निकल डायरेक्टर देवेन मोएरंथम (मणिपुर), विनोद लखेरा (संयुक्त सचिव), बृजेश कुमार भाऊ (जम्मू कश्मीर) ऋषि पाल भारती, देवेंद्र सिंह रावत और विनम्र गर्ग ने भेंट की। भेंट के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी को लखनऊ में चल रहे सात दिवसीय नेशनल टेक्निकल सेमिनार की जानकारी दी। राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय वोवीनाम फ़ेडरेशन की देखरेख में लखनऊ में आयोजित विशेष प्रशिक्षण शिविर के आयोजन पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि वोवीनाम अब राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। वियतनाम दौरे के दौरान वहां भी उन्होंने वियतनामी मार्शल आर्ट के अद्भुत प्रदर्शन को देखा था। वोवीनाम खेल दोनों देशों के बीच पारस्परिक संबंधों को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। खेल के भारत में प्रचार प्रसार के लिए हर संभव मदद दिलाने के लिए प्रयास करेंगे। रक्षा मंत्री ने कंबोडिया में नवंबर माह में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में भारतीय खिलाड़ियों के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दी प्रतिनिधि मंडल ने रक्षा मंत्री को पुष्प गुच्छ, वोवीनाम अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट किया। वियतनामी प्रशिक्षक के रूप में लखनऊ आए वर्ल्ड वोवीनाम फ़ेडरेशन के टेक्निकल डायरेक्टर हुईन खैक गुयेन ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को वियतनाम के जरनल सेक्रेटरी और राष्ट्रपति तो लाम का वियतनाम में हुई भेंट का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया। लखनऊ के ख्वाजा मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण तकनीकी सेमिनार में 21 प्रदेशों से सीनियर खिलाड़ी और मास्टर्स वियतनामी प्रशिक्षकों की देखरेख में विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

# आईटी सिटी–वेलनेस सिटी में जमीन खरीद पर रोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए की महत्वाकांक्षी आईटी सिटी एवं वेलनेस सिटी परियोजनाओं के प्रथम चरण में शामिल भूमि की खरीद-फरोख्त पर रोक लगा दी गई है। एलडीए के प्रस्ताव पर प्रदेश सरकार ने अधिसूचना जारी करते हुए संबंधित क्षेत्रों में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम-2013 की धारा-11 लागू कर दी है।

एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि अधिसूचना लागू होने के बाद अधिसूचित क्षेत्र में जिला कलेक्टर की पूर्व अनुमति के बिना किसी भी प्रकार का भूमि हस्तांतरण, विक्रय अथवा क्रय नहीं किया जा सकेगा। साथ ही प्रभावित भूस्वामियों और स्थानीय निवासियों को अपनी आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत करने के लिए 60 दिन का समय दिया जाएगा। प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण जिला कलेक्टर द्वारा सुनवाई के बाद किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दोनों योजनाओं में लैंड पूलिंग, किसानों से सहमति के आधार पर भूमि क्रय तथा अर्जन के माध्यम से भूमि जुटाने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। वर्तमान में लैंड पूलिंग नीति के तहत किसानों से समझौते किए जा रहे हैं। इस दौरान यह संज्ञान में आया कि कुछ निवेशक और रियल एस्टेट कारोबारी विकसित भूखंड प्राप्त करने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर कृषि भूमि खरीदने का प्रयास कर रहे हैं। इससे मूल भू-स्वामियों के हित प्रभावित होने और योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न होने की आशंका थी। इसी को देखते हुए धारा-11 लागू करने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि लैंड पूलिंग का विकल्प पूर्ववत खुला रहेगा, लेकिन इसका लाभ केवल उन्हीं भू-स्वामियों को मिलेगा जिनका नाम वर्तमान में राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। अधिसूचना जारी होने के बाद भूमि खरीदने वाले नए व्यक्तियों को लैंड पूलिंग नीति का लाभ नहीं मिलेगा। आईटी सिटी योजना के प्रथम चरण में 686.66 हेक्टेयर क्षेत्र में विकास कार्य प्रस्तावित हैं। इसके अंतर्गत तहसील मोहनलालगंज के ग्राम बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकंदरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली एवं भटवारा में धारा-11 लागू की गई है। वहीं वेलनेस सिटी योजना के प्रथम चरण में 485 हेक्टेयर क्षेत्र में विकास कार्य किए जाएंगे, जिसके लिए ग्राम बक्कास, मलूकपुर ढकवा, चौरहिया, चौरासी, दुलारमऊ, नूरपुर बेहटा एवं मस्तेमऊ की भूमि को अधिसूचित किया गया है। प्रथमेश कुमार के अनुसार धारा-11 लागू होने से जमीन की कीमतों में कृत्रिम वृद्धि पर रोक लगेगी, वास्तविक भू-स्वामियों के हित सुरक्षित रहेंगे तथा दोनों परियोजनाओं का नियोजित और पारदर्शी विकास सुनिश्चित हो सकेगा।

कई दिनों से ऑपरेशन का इंतजार कर रहा मरीज, सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर सवाल

# तबादलों की भेंट चढ़ी जिंदगी!

कैनविज टाइम्स संवादाता




ठाकुरगंज, लखनऊ। सरकारी अस्पतालों में मरीजों को बेहतर और समयबद्ध इलाज उपलब्ध कराने के दावों के बीच राजकीय टीबी सह संयुक्त चिकित्सालय की एक घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्था की संवेदनशीलता और प्रशासनिक कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिए हैं। यहां भर्ती एक मरीज कई दिनों से ऑपरेशन की प्रतीक्षा कर रहा है। जबकि अस्पताल प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी का खामियाजा उसे भुगतना पड़ रहा है।

परिजनों का आरोप है कि मरीज को ऑपरेशन के लिए कई दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था। शुरुआत में अस्पताल प्रशासन ने आयुष्मान भारत योजना के भुगतान का हवाला देकर भर्ती और उपचार में देरी की। काफी प्रयासों और भागदौड़ के बाद मरीज को भर्ती तो कर लिया गया, लेकिन ऑपरेशन आज तक नहीं हो सका। जानकारी के अनुसार शनिवार को मरीज का ऑपरेशन निर्धारित था और परिवार को उम्मीद थी कि लंबा इंतजार खत्म होगा। लेकिन अंतिम समय में ऑपरेशन सूची में क्रम बदलने और अन्य प्रशासनिक कारणों का हवाला देकर प्रक्रिया फिर टाल दी गई। इस फैसले ने मरीज और उसके परिजनों की चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ा दी हैं। मामले में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. एन.बी. सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो परिजनों का आरोप है कि उन्होंने अधूरी जानकारी देने के बाद फोन काट दिया और अस्पताल अधीक्षक से बात करने की सलाह देकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। इधर अस्पताल में हाल ही में हुए प्रशासनिक बदलाव और नए अधीक्षक के कार्यभार संभालने के बाद व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। मरीजों और तीमारदारों का कहना है कि भीषण गर्मी के बावजूद वार्डों में पर्याप्त एसी की व्यवस्था नहीं है। गर्म और उमस भरे वातावरण में मरीजों की हालत और अधिक खराब हो रही है। लेकिन उनकी समस्याओं पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जा रहा। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि अधिकारियों के तबादले, प्रशासनिक फ़ेरबदल और योजनागत भुगतान की प्रक्रियाएं मरीजों के इलाज से बड़ी हो जाएं। तो आम नागरिक आखिर किस पर भरोसा करे? क्या सरकारी अस्पतालों में इलाज मरीज की जरूरत के आधार पर होगा या फाइलों और आदेशों की गति पर? स्वास्थ्य विभाग अक्सर सुविधाओं के विस्तार और बेहतर सेवाओं के दावे करता है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। एक मरीज का कई दिनों तक ऑपरेशन के इंतजार में रहना सिर्फ एक व्यक्ति की परेशानी नहीं। बल्कि उस व्यवस्था की तस्वीर है जहां प्रशासनिक अव्यवस्था का सीधा असर मरीजों की जिंदगी पर पड़ रहा है। अब देखना यह होगा कि स्वास्थ्य विभाग इस मामले का संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधिकारियों से जवाब तलब करता है या फिर यह मामला भी सरकारी तंत्र की उदासीनता के बीच दबकर रह जाएगा।

# दिव्यांगजनों को मिला त्वरित न्याय, 96.38 फीसदी शिकायतों का हुआ निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार में दिव्यांगजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी के उद्देश्य से दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-180-1995 प्रभावी माध्यम के रूप में उभरी है। सरकार का दावा है कि 96 फीसदी शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में विभाग ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अप्रैल 2025 से मार्च 2026 के दौरान कुल सात हजार 707 शिकायतें प्राप्त हुईं थीं। उनमें से सात हजार 428 शिकायतों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया है। इस प्रकार कुल 96.38 प्रतिशत शिकायतों का समाधान किया गया है।

हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (पेंशन) योजना से संबंधित सात हजार 281 शिकायतें, स्वावलंबन कार्ड से संबंधित 52 शिकायतें और दुकान निर्माण एवं संचालन योजना से संबंधित 67 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके अतिरिक्त शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना से संबंधित 23 शिकायतें, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना से संबंधित 69 शिकायतें और अन्य विषयों से जुड़ी 215 शिकायतें दर्ज की गईं थी। इसमें स्वावलंबन कार्ड, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना और अन्य कई महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण किया गया है।

दिव्यांगजन अपनी समस्याओं, शिकायतों और योजनाओं से संबंधित जानकारी के लिए विभाग की टोल-फ्री हेल्पलाइन 1800-180-1995 पर संपर्क कर सकते हैं। विभाग की ओर से शिकायतों के समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण के लिए निरंतर निगरानी की जा रही है।

# योग प्रोटोकॉल अभ्यास में उमड़ा जनसैलाब

❐ 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने की अपील, प्रतिदिन योग को जीवन में अपनाने का दिया संदेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। पतंजलि योग समिति गंगागंज के तत्वाधान में आयोजित योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रम में सैकड़ों योग साधकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह ने योगाभ्यास कर लोगों को नियमित योग करने का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पतंजलि योग समिति लखनऊ के अध्यक्ष उदय राज द्वारा म्यूजिक योग के साथ हुई, जिसमें योग साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसके बाद पतंजलि योग समिति गंगागंज के अध्यक्ष नागेश कुमार ने योग प्रोटोकॉल के तहत उपस्थित जनसमूह को विभिन्न योग आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के बाद समिति के सदस्यों ने विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह का स्वागत एवं सम्मान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि योग को केवल कार्यक्रम तक सीमित न रखकर इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। उन्होंने सभी से आगामी 21 जून को ग्रामीण स्टेडियम गंगागंज में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। योग साधकों को संबोधित करते हुए ओंकार सिंह ने कहा कि योग और यज्ञ के माध्यम से जीवन को स्वस्थ और सुखमय बनाया जा सकता है। वहीं सरिता तिवारी ने महिलाओं से योग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अवनीश कुमार सिंह ने कई योग साधकों को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में सीपीएल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार, जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल वर्मा , पंचशील शिक्षा निकेतन के डायरेक्टर सुधांशु मिश्रा एवं पतंजलि योग समिति विस्तार लखनऊ, मीडिया प्रभारी अनिल वर्मा, श्रीराम ग्लोबल समिति, जनेश्वर मिश्र पार्क समिति सहित कई संस्थाओं के सदस्य और बड़ी संख्या में योग साधक मौजूद रहे।

# जमीन बंटवारे के विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❐ लाठी-डंडों और सरिया से मारपीट के आरोप, दोनों पक्षों के कई लोग घायल दो की हालत गम्भीर

नगराम, लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के छतौनी गांव में जमीन बंटवारे को लेकर शनिवार सुबह दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट और खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और सरिया से हमला करने का आरोप लगाया है। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, कमला देवी पत्नी रामसुंदर निवासी छतौनी की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि जमीन बंटवारे को लेकर विवाद के दौरान रामसजीवन, राजेंद्र प्रसाद, शिवा और आलोक ने मिलकर उनके पति रामसुंदर पर लाठी-डंडों और सरिया से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचीं कमला देवी और उनके पुत्र रूपेश के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरे पक्ष से शिवा पुत्र रामसजीवन निवासी छतौनी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि जमीन विवाद को लेकर रामसुंदर, रूपेश कुमार, रोशनलाल, कमलेश कुमार, जितेंद्र कुमार और कमला देवी ने उनकी मां राजरानी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की।

आरोप है कि बचाव करने पहुंचे शिवा, रामसजीवन, राजेंद्र और राजेश कुमारी के साथ भी मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना की सूचना डायल-112 और एंबुलेंस को दी गई। इसके बाद दोनों पक्षों के घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि छतौनी गांव में जमीन बंटवारे के विवाद को लेकर दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में क्रॉस मुकदमे दर्ज कर लिए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है, साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सपा की मासिक बैठक का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय 6, लाजपत राय भवन, कैसरबाग, लखनऊ पर मासिक बैठक आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष जयसिंह ‘जयन्त’ ने की। बैठक का संचालन जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष जयसिंह ‘जयन्त’ ने उपस्थित सभी नेताओं एवं पदाधिकारियों से कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद के प्रत्येक बूथ पर नये मतदाताओं के नाम जोड़ने को कहा एवं जनपद के सभी बूथ प्रभारी एवं बूथ कमेटियां बनायी जायें। साथ ही विधान परिषद स्नातक चुनाव में बने हुए मतदाताओं की जांच कर नाम बढ़ाये जाने के निर्देश दिये।

साथ ही अवध बार लखनऊ के महामंत्री एवं नवनिर्वाचित पार्षद ललित तिवारी का जिला कार्यालय पर सभी पदाधिकारियों एवं नेताओं ने भव्य स्वागत किया एवं अखिल भारतीय वाहन चालक महासंघ के



नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद कुमार यादव का भी भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव चौधरी जगदीप सिंह यादव, सांसद आर0के0 चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष सी0एल0 वर्मा, पूर्व मेयर प्रत्याशी मधु गुप्ता, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह यादव, प्रदेष सचिव विजय सिंह यादव, चौधरी ज्ञान सिंह, दिनेष कुमार सिंह, अषोक यादव, रामगोपाल यादव, वीर बहादुर सिंह, अमरपाल सिंह, रंजीत यादव, गिरधारी लाल लोधी, अकरम उर्फ बब्लू, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राजबाला रावत के साथ अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी विशाख नैयर ने सुनीं जनसमस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

# 421 शिकायतें पहुंचीं 72 का मौके पर निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहनलालगंज।लखनऊ, मोहनलालगंज तहसील सभागार में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसमस्याओं को लेकर फरियादियों की भारी भीड़ उमड़ी। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने स्वयं उपस्थित होकर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए।सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 421 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 72 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया। राजस्व, पुलिस, विद्युत, विकास, समाज कल्याण, पेंशन, आवास तथा भूमि विवाद से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं।जिलाधिकारी ने एक-एक प्रार्थना पत्र की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच करने तथा पात्र व्यक्तियों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। कई मामलों का तत्काल समाधान कराया गया, जबकि जटिल मामलों में जांच के उपरांत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने भी कानून-व्यवस्था से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान निगोहां गांव निवासी रामसेवक, राजेन्द्र, दीपक पुत्रगण स्वर्गीय राम आसरे तथा राम खेलावन पुत्र स्वर्गीय मंगली ने एक शिकायत पत्र देकर राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए।

शिकायतकर्ताओं ने बताया कि उनकी भूमि से संबंधित विवाद न्यायालय में विचाराधीन है। उनका कहना है कि गाटा संख्या 1306 एवं 1307 से जुड़े मामले में उपजिलाधिकारी न्यायालय द्वारा बीते 15 मई को एकपक्षीय आदेश पारित किया गया था। आदेश की जानकारी मिलने पर उन्होंने न्यायालय में पुनः वाद दायर कर अपना पक्ष रखा, जिसे न्यायालय द्वारा स्वीकार भी कर लिया गया।पीड़ितों का आरोप है कि इसके बावजूद राजस्व निरीक्षक एवं निगोहां पुलिस द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के विपक्षी पक्ष को विवादित भूमि पर कब्जा दिला दिया गया। शिकायतकर्ताओं का यह भी आरोप है कि कार्रवाई के दौरान परिवार की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया तथा जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया। विरोध करने पर उन्हें थाने ले जाकर कई घंटों तक बैठाए रखने और बाद में 151 में चालान किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।पीड़ित परिवार ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों एवं संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही न्यायालय में मामला लंबित रहने तक विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने तथा किसी भी पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है।सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रस्तुत शिकायत के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है। अब शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच के बाद प्रशासन द्वारा उठाए जाने वाले कदमों पर सभी की निगाहें टिकी हैं।इस समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी पवन पटेल एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह तहसीलदार ऋतुराज शुक्ला नायब तहसीलदार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समाधान दिवस के दौरान सभागार में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली और अधिकारी लगातार शिकायतों के निस्तारण में जुटे रहे। शिकायतें सुनने के उपरांत जिलाधिकारी विशाख जी नैयर ने कहा कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा तथा जनता को न्याय दिलाने में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाएगी।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस : शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : सीडीओ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को सीडीओ अभिषेक कुमार और एसपी डॉ ख्याति गर्ग ने तहसील मोहम्मदी में ''संपूर्ण समाधान दिवस'' में आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मा. मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। सीडीओ ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 60 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये, जिसमें 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 30, पुलिस 12, विकास 06, आपूर्ति 07, नगर निकाय के 05 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठांकित कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम चिलुवाराजू आर, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, एसीएमओ, तहसीलदार अरुण कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। समाधान दिवस में पहुंचे 68 मामले, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने दिए कड़े निर्देश धौरहरा तहसील में एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से राजस्व विभाग से संबंधित नौ प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कराया। एडीएम ने पूर्व तहसील दिवसों में प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अगली संपूर्ण समाधान दिवस में निस्तारण आख्या का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट सहित उपस्थित हों। धारा-24 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता के तहत मेड़बंदी के बाद लगाए गए पिलरों को क्षति पहुंचाने के मामलों में ग्राम वाली और बबुरी के संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कोतवाली धौरहरा में एफआईआर दर्ज कराई गई है। संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर एडीओ सहकारिता, रमियाबेहड़ के वेतन अवरोधन के निर्देश दिए। एडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पद्म कांत शर्मा प्रभात को मिला अकादमी पुरस्कार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बिसवां सीतापुर । बिसवां के वरिष्ठ साहित्यकार कला समीक्षक स्तंभकार कवि पद्म कांत शर्मा प्रभात को अकादमी पुरस्कार से विभूषित किये जाने पर साहित्यकारो और प्रबुद्ध वर्ग में खुशी व्याप्त हुई। लोगों ने बधाई और शुभकामनाएं दी। श्री शर्मा को लखनऊ स्थित राजभवन में आयोजित एक भव्य गरिमामयी समारोह के दौरान सीतापुर के गौरव, वरिष्ठ साहित्यकार एवं कला समीक्षक श्री शर्मा को अकादमी सम्मान से अलंकृत किया गया। उन्हें यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के अंतर्गत संगीत नाटक अकादमी द्वारा कला समीक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट, अद्वितीय और दीर्घकालीन सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया है। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने श्री शर्मा को इस शीर्ष सम्मान से नवाजा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने राज्यपाल का बधाई संदेश पढ़कर सुनाया और संस्कृति उत्थान में कलाकारों व समीक्षकों के अमूल्य योगदान की भूरि-भूरि सराहना करते हुए सभी का अभिनंदन किया। सम्मान प्रदान करने वालों में अकादमी के अध्यक्ष डॉ. जयंत खोत, उपाध्यक्ष डॉ. विभा सिंह, राज्यपाल के प्रमुख सचिव व ओएसडी डॉ. सुधीर बोबड़े तथा अकादमी के निदेशक डॉ. शोभित नाहर प्रमुख रूप से शामिल रहे। मूल रूप से बिसवां (सीतापुर) के रहने वाले श्री शर्मा साहित्य जगत में प्रभात उपनाम से प्रखर कविताएं लिखते हैं। सांस्कृतिक रिपोर्टिंग, स्तंभ लेखन और कला विषयक पत्रिकाओं के कुशल संपादन में महारत रखने वाले श्री शर्मा का सामाजिक सरोकारों से बेहद गहरा लगाव रहा है। साहित्य और कला जगत के इस शीर्ष सम्मान से नवाजे जाने पर समूचे जनपद में हर्ष की लहर दौड़ गई है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विधायक निर्मल वर्मा, एमएलसी पवन सिंह, पूर्व विधायक महेंद्र सिंह यादव,बज्ञान तिवारी, रमेश बाजपेई विरल, संदीप सरस, राम चंद्र वर्मा, सिराज अहमद आशीष मिश्र, अश्वनी त्रिपाठी, मधुकर वर्मा, पीयूष बाजपेई ,पवन मिश्र, वीरेश मिश्र,सीमा रस्तोगी, कैलाशपति रस्तोगी, सरला अवस्थी, आराध्य शुक्ला, संदीप मिश्र,सरस, अलंकृता अवस्थी सहित कला, साहित्यकारों एवं प्रबुद्ध वर्ग तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके प्रति अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# नियो हॉस्पिटल के डॉक्टर पर निकाह का झांसा देकर शोषण का आरोप, सीएम से लेकर डीजीपी तक पहुंची शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिले के चर्चित नियो हॉस्पिटल से जुड़ा एक मामला इन दिनों सुर्खियों में है। अस्पताल में कार्य कर चुकी एक पूर्व नर्स ने अस्पताल के डॉक्टर मुनीफ पर शादी का झांसा देकर वर्षों तक शारीरिक शोषण करने, कई बार जबरन गर्भपात कराने, कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए समझौते का नाटक करने और बाद में विवाह से मुकर जाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता ने मामले में पुलिस अधीक्षक लखीमपुर खीरी सहित मुख्यमंत्री, डीजीपी उत्तर प्रदेश, जिलाधिकारी और राज्य महिला आयोग को शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। शिकायत के अनुसार पीड़िता वर्ष 2023 में नियो हॉस्पिटल में नर्स के रूप में कार्यरत थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात डॉक्टर मुनीफ से हुई। महिला का आरोप है कि डॉक्टर ने पहले उससे मित्रता बढ़ाई और फिर निकाह का भरोसा देकर उसके साथ संबंध बनाए। पीड़िता का कहना है कि डॉक्टर लगातार उसे विश्वास दिलाते रहे कि दोनों जल्द ही विवाह के बंधन में बंधेंगे। इसी भरोसे के आधार पर दोनों के बीच संबंध आगे बढ़ते गए। महिला का आरोप है कि कुछ समय बाद डॉक्टर ने उसे दूसरे अस्पताल में नौकरी भी दिलवाई और लगातार अपने संपर्क में रखा। शिकायत में कहा गया है कि इसी दौरान वह कई बार गर्भवती हुई, लेकिन हर बार डॉक्टर द्वारा दबाव बनाकर गर्भपात कराया गया। पीड़िता का दावा है कि उसने विवाह के भरोसे पर सब कुछ सहन किया क्योंकि उसे विश्वास था कि भविष्य में डॉक्टर उससे निकाह करेंगे। मामले ने उस समय नया मोड़ ले लिया जब महिला को लगा कि उससे किए गए वादे पूरे नहीं किए जा रहे हैं। इसके बाद वर्ष 2025 में उसने महिला थाने में डॉक्टर मुनीफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। शिकायत के मुताबिक मुकदमा दर्ज होने के बाद डॉक्टर पर कानूनी कार्रवाई का दबाव बढ़ा तो उन्होंने विवाह करने का आश्वासन दिया। आरोप है कि इसी आधार पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया और नोटरी पर सहमति पत्र भी तैयार कराया गया। पीड़िता का कहना है कि डॉक्टर के आश्वासन पर भरोसा करते हुए उसने अपने बयान बदल दिए, जिसके बाद मामला शांत हो गया। लेकिन जैसे ही कानूनी संकट टला, डॉक्टर ने विवाह करने से इंकार कर दिया। महिला का आरोप है कि जब उसने शादी की बात दोबारा उठाई तो उसके साथ अभद्रता की गई, गाली-गलौज की गई और मारपीट भी की गई। शिकायत में लगाए गए आरोप यहीं तक सीमित नहीं हैं। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि विवाह से इंकार करने के बाद डॉक्टर ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। महिला का कहना है कि आरोपी अपने प्रभाव और रसूख का इस्तेमाल कर मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है, जिसके कारण उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में पूरे घटनाक्रम का विस्तृत उल्लेख करते हुए आरोपी डॉक्टर के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने और निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। इसके साथ ही शिकायत की प्रतियां मुख्यमंत्री कार्यालय, डीजीपी कार्यालय, जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी तथा राज्य महिला आयोग को भी भेजी गई हैं। मामले के उच्च स्तर तक पहुंचने के बाद अब प्रशासनिक और पुलिस महकमे की भूमिका पर भी नजरें टिकी हुई हैं।

वहीं मामले की जानकारी लेने और आरोपी पक्ष का पक्ष जानने के लिए जब डॉक्टर मुनीफ से फोन पर संपर्क किया गया तो उन्होंने सभी आरोपों को निराधार बताया। डॉक्टर मुनीफ का कहना है कि उनका अस्पताल अच्छी तरह संचालित हो रहा है और आरोप लगाने वाली महिला कुछ लोगों के बहकावे में आकर उनके खिलाफ झूठे और बेबुनियाद आरोप लगा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में सच्चाई सामने आ जाएगी। स्थानीय स्तर पर यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों के बीच तरह-तरह की चर्चाएं हैं और कई सामाजिक संगठनों ने भी मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाई है। वहीं पीड़िता का कहना है कि उसे केवल न्याय चाहिए और वह चाहती है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर सच्चाई सामने लाई जाए।

# सहारा में फंसी रही जीवनभर की कमाई, कैंसर से जूझते वरिष्ठ पत्रकार रोहित मिश्र का निधन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर/महोली। महोली के वरिष्ठ एवं मान्यता प्राप्त पत्रकार, समाज के सजग प्रहरी तथा सहारा क्यू शॉप यूनिक प्रोडक्ट रेंज लिमिटेड के पीड़ित निवेशक (जमाकर्ता) रोहित मिश्र का कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से संघर्ष करते हुए दुखद निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पत्रकारिता जगत, सामाजिक संगठनों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर दौड़ गई है। रोहित मिश्र लंबे समय से कैंसर से पीड़ित थे। परिजनों और शुभचिंतकों का कहना है कि सहारा इंडिया परिवार में जमा उनकी मेहनत की कमाई वर्षों से फंसी हुई थी, जिसका भुगतान नहीं हो सका। आर्थिक कठिनाइयों के बीच उन्होंने बीमारी से लड़ने का भरसक प्रयास किया, लेकिन अंततः जीवन की जंग हार गए।उनके निधन ने एक बार फिर उन लाखों निवेशकों की पीड़ा को सामने ला दिया है, जिनकी जीवनभर की बचत विभिन्न योजनाओं में फंसी हुई है और जो अपने ही धन की वापसी के लिए वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। क्षेत्र के लोगों ने इसे अत्यंत पीड़ादायक और चिंताजनक स्थिति बताया है।आजाद अधिकार सेना, सीतापुर के जिला अध्यक्ष नवल किशोर मिश्रा ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा कि रोहित मिश्र का निधन समाज और पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए ईश्वर से शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।उन्होंने कहा कि रोहित मिश्र जैसे अनेक निवेशक अपने ही धन की वापसी की प्रतीक्षा करते-करते दुनिया छोड़ रहे हैं, जो अत्यंत दुखद और चिंताजनक है।

# लखीमपुर खीरी में बड़ा फ़ेरबदल: साइबर थाने को मिले नए अफसर, कई थानों के अध्यक्ष बदले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद की कानून व्यवस्था को अधिक मजबूत और चुस्त-दुरुस्त बनाने के लिए आज एक बड़ा प्रशासनिक फ़ेरबदल किया गया है। दिनांक 05 जून 2026 को पुलिस प्रशासन द्वारा जारी अधिकारिक प्रेस नोट के अनुसार, कई निरीक्षकों और उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए उन्हें नई तैनातियां सौंपी गई हैं। इस ट्रांसफर लिस्ट में बढ़ते साइबर अपराधों से निपटने के लिए साइबर क्राइम पुलिस थाने को विशेष रूप से मजबूत किया गया है। थाना प्रभारियों और चौकियों में हुए मुख्य बदलावः

राजू रावः प्रभारी निरीक्षक थाना फरधान से अब प्रभारी साइबर क्राइम पुलिस थाना बनाए गए हैं।

अवनीश कुमार सिंहः पुलिस लाइन्स से हटाकर इन्हें प्रभारी निरीक्षक थाना खीरी की कमान सौंपी गई है।

बबिता पटेलः प्रभारी चौकी गढी (थाना कोतवाली सदर) से अब थानाध्यक्ष महिला थाना नियुक्त की गई हैं।

अवनीश कुमारः वरिष्ठ उपनिरीक्षक थाना भीरा से अब थानाध्यक्ष तिकुनियां बनाए गए हैं। निराला तिवारीः थानाध्यक्ष खीरी से हटाकर इन्हें थानाध्यक्ष फरधान की जिम्मेदारी दी गई है। शिल्पी शुक्लाः थानाध्यक्ष महिला थाना से अब प्रभारी चौकी मिश्राना (थाना कोतवाली सदर) भेजी गई हैं। साइबर क्राइम पुलिस थाने की टीम हुई मजबूतः

जिले में डिजिटल और साइबर अपराधों पर लगाम लगाने के लिए साइबर थाने में अनुभवी पुलिस अफसरों की तैनाती की गई है। नए आदेश के तहत निम्नलिखित अधिकारियों को साइबर थाने में नवीन तैनाती मिली हैः

निरीक्षक अनिल कुमार तिवारीः थाना ए0एच0टी0 से हटाकर अब साइबर थाना की जिम्मेदारी दी गई है।

उपनिरीक्षक दीपांकर शर्माः थाना पलिया से स्थानांतरित कर साइबर थाना भेजा गया है। उपनिरीक्षक युवराज बालियानः थाना धौरहरा से अब साइबर थाना में तैनात किए गए हैं। महिला उपनिरीक्षक शिल्पी शुक्लाः अभी तक थानाध्यक्ष महिला थाना के पद पर थीं, जिन्हें अब प्रभारी चौकी मिश्राना, थाना कोतवाली सदर नियुक्त किया गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। सभी स्थानांतरित अधिकारियों को जल्द से जल्द अपने नए तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# महोली में डीएम व एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं सम्पूर्ण समाधान दिवस में 102 शिकायतें

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सीतापुर । जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में मा0 विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली शिखा शुक्ला, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 सुखरंजन समद्दर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 102 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सदर में प्राप्त 112 प्रार्थना पत्रों में से 14, तहसील बिसवां में प्राप्त 24 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील लहरपुर में प्राप्त 37 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 84 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सिधौली में प्राप्त 110 प्रार्थना पत्रों में से 11, तहसील मिश्रिख में प्राप्त 83 प्रार्थना-पत्रों में से 08 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

# अभियान के तहत 14 बसों के काटे चालान, 12 बसों को किया सीज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर यातायात पुलिस और एआरटीओ विभाग की संयुक्त टीम ने जनपद में अनाधिकृत बसों और ओवरलोड वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया और अभियान के तहत 14 बसों का चालान किया तथा 12 बसों को सीज किया। जनपद में कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने, सार्वजनिक परिवहन को सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने तथा निर्धारित मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा, एआरटीओ (प्रवर्तन) हरिओम एवं यातायात निरीक्षक बच्चू सिंह के नेतृत्व में विशेष चेकिंग एवं प्रवर्तन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत लगभग 60 बसों की जांच की गई। जिसमें 14 बसों का चालान किया गया तथा 12 बसों को सीज किया गया। इस दौरान टीम ने बंद की गई बसों में यात्रा कर रहे यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए रोडवेज बसों की व्यवस्था कर रवाना किया। इसके अलावा खनन सामग्री के ओवरलोड परिवहन के आरोप में 03 डम्परों का चालान किया गया तथा 03 अन्य वाहनों के विरुद्ध भी ओवरलोडिंग की कार्यवाही की गई। ओवरलोड सवारी ढोने के मामले में 03 ऑटो विभिन्न थानों में निरुद्ध किए गए तथा 07 ऑटो का चालान किया गया। साथ ही मालवाहक वाहनों में अवैध रूप से यात्रियों के परिवहन के अभियोग में 04 वाहनों का चालान एवं 02 वाहनों को सीज किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात शुभम वर्मा ने समस्त वाहन स्वामियों एवं संचालकों को निर्देशित किया है कि वे अपने वाहनों का संचालन मोटर वाहन अधिनियम एवं संबंधित नियमों के अनुरूप ही करें। अन्यथा संबंधित वाहनों के खिलाफ कठोर प्रवर्तन कार्यवाही की जाएगी।

# डीएम–एसपी ने तहसील पुवायां में सुनी समस्याएं, निस्तारण के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील पुवायां में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने लोगों की शिकायतों और समस्याओं को सुना तथा प्राप्त सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान डीएम ने भूमि पैमाइश में लापरवाही बरतने पर कानूनगो आदर्श और समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिशासी अभियंता विद्युत पुनीत निगम के निलंबन के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, विद्युत एवं आपूर्ति विभाग की प्राप्त शिकायतों को आज ही व्यवस्थित कर रविवार को संतोषजनक निस्तारण कराते हुए शाम 06 बजे तक आवास पर आकर अवगत कराएं। उन्होंने तहसीलदार एवं नायाब तहसीलदार को सख्त निर्देश दिए कि जनता दर्शन, संपूर्ण समाधान दिवस या अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं का संबंधित लेखपाल तथा कानून द्वारा गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाए। समाधान दिवस पर राजस्व, विद्युत, पुलिस और विकास आदि से संबंधित 175 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें से कुल 06 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। डीएम ने कहा कि शिकायत निस्तारण में मौके पर जाना जरूरी है और शिकायतकर्ता के साथ फोटो अवश्य लिया जाए। सभी शिकायतों को निस्ताण निर्धारित समय में किया जाए। एसपी ने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही जनसामान्य की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाए तथा पुलिस एवं प्रशासन के मध्य समन्वय स्थापित करते हुए जनसमस्याओं का समाधान किया जाए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व अरविंद कुमार, डीएफओ सचिन कुमार, सीएमओ डॉ. विवेक मिश्रा, एसडीएम पुवायां सदानंद सरोज सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## माँ संकटा देवी धाम क्षेत्र में अवैध मछली पालन का आरोप, कार्रवाई की मांग को लेकर सौंपा गया प्रार्थना पत्र

महमूदाबाद, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील समाधान दिवस में माँ संकटा देवी पावन धाम क्षेत्र की शत्रु संपत्ति स्थित तालाब में कथित रूप से अवैध मछली पालन और जीव हत्या का मामला उठाया गया। इस संबंध में पूर्व सभासद शिवेन्द्र प्रताप यादव ने अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया है कि माँ संकटा देवी मंदिर क्षेत्र की शत्रु संपत्ति की भूमि पर स्थित तालाब में अवैध रूप से मछली पालन किया जा रहा है। उनका कहना है कि इस कार्य से धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं तथा हिंदू आस्था को ठेस पहुंच रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इस मामले का स्थानीय स्तर पर विरोध नहीं किया जा रहा है और संबंधित लोगों की मिलीभगत से यह गतिविधि संचालित हो रही है। शिवेन्द्र प्रताप यादव ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि आरोप सही पाए जाएं तो दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही धार्मिक स्थल की पवित्रता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने की भी मांग की गई है। प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## अवैध शराब फैक्ट्री पर छापेमारी एक गिरफ्तार, 25 लीटर कच्ची शराब व बनाने के उपकरण बरामद

शाहजहांपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सिंधौली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तिउलग गांव में खन्नौत नदी किनारे संचालित अवैध शराब फैक्ट्री पर छापेमारी की और कच्ची शराब बनाते हुए मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से 25 लीटर अवैध कच्ची शराब और शराब बनाने के उपकरण बरामद करते हुए 200 लीटर लहन को मौके पर नष्ट किया। पकड़ा गया अभियुक्त थाना सदर बाजार क्षेत्र के गांव मऊ बासक का रहने वाला धनपाल पुत्र जानकी प्रसाद है। पुलिस के अनुसार, इससे पहले भी अभियुक्त अवैध शराब के मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। छापेमारी करने वाली पुलिस टीम में थाना सिंधौली के उपनिरीक्षक निमेश कुमार के साथ आरक्षी पुष्पेन्द्र कुमार और शिवम कुण्डलिया मौजूद रहे।

# गौरीगंज के विधायक तेरह करोड़ इक्यानबे लाख रुपये की सड़क परियोजना का किया शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता




अमेठी। विधानसभा क्षेत्र गौरीगंज में आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं क्षेत्रीय विकास को नई दिशा प्रदान करने की प्रतिबद्धता के तहत विधायक राकेश प्रताप सिंह ने राज्य सड़क निधि योजना के अंतर्गत स्वीकृत सड़क परियोजना का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिलान्यास किया। स्वामी दशरथ जी महाराज की कुटी शादीपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधायक राकेश प्रताप सिंह ने नेवादाऽगाजनपुरऽदुवरियाऽपूरे पहलवानऽपलियाऽमुसाफिरखाना मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शुभारम्भ किया।यह परियोजना तेरह करोड़ इक्यानबे लाख चौबीस हजार रुपये की लागत से पांच किलोमीटर आठ सौ मीटर निर्मित की जायेगी।आम जनमानस को सम्बोधित करते हुये विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, युवा एवं महिलाओं के समग्र विकास को प्राथमिकता देते हुए आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने हेतु निरंतर कार्य कर रही है।उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में सुदृढ़ सड़क नेटवर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बेहतर सड़क सम्पर्क से न केवल आवागमन सुगम होता है बल्कि कृषि, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार के अवसरों में भी उल्लेखनीय वृद्धि होती है। इस महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण एवं चौड़ीकरण से क्षेत्र के हजारों नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। इस मौके पर चेयरमैन बृजेश अग्रहरी, सुंदर लाल तिवारी. राम करण सिंह, गंगाराम मौर्य, शिव शंकर सिंह, राज कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, रामगोपाल कौशल, खुशीराम पासी सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# पुलिस कर्मियों के मेधावी बच्चों को एसपी ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक द्वारा हाईस्कूल में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मियों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया।वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफ़ेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में शनिवार को पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा जनपद में नियुक्त पुलिसकर्मियों के दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट अंक अर्जित करने मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।मेधावियों में छात्रा जान्हवी यादव नें सत्तानबे प्रतिशत, छात्र प्रांजल यादव ने तिरानबे प्रतिशत, छात्र उज्जवल गौर ने बानबे प्रतिशत व छात्र प्रथम प्रकाश दूबे ने नब्बे प्रतिशत अंक अर्जित किये। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने बच्चों से संवाद कर उनको बधाई देते हुये कहा कि यह सफलता केवल एक पड़ाव है असली मंजिल अभी बाकी है।एसपी ने बच्चों को भविष्य की हर प्रतियोगिता में सफल होने हेतु जीवन में एक अनुशासित दिनचर्या और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का मूलमंत्र दिया। एसपी द्वारा विषम परिस्थितियों और कठिन ड्यूटी के बावजूद बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा व संस्कार देने के लिये पुलिसकर्मी अभिभावकों के प्रयासों की भूरि भूरि प्रशंसा की गई। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर व अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# कच्चे मकान की दीवार के मलबे में दबकर मां बेटी की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी,थाना जामो क्षेत्र की ग्राम पंचायत घाटमपुर के गांव पूरे परमेश्वरी में शनिवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया।कच्चे मकान की दीवार अचानक भरभराकर गिरने से उसके मलबे में दबकर मां और बेटी की मौत हो गई जबकि आठ वर्षीय बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गया है। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। इस हृदय विदारक घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला को मौके पर भेजकर पीड़ित परिवार से फोन पर वार्ता करते हुये शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढ़स बंधाया है।थाना क्षेत्र के गांव निवासी ओमप्रकाश अपनी पत्नी कमलेश कुमारी उम्र पैंतीस वर्ष, बेटी आशी उम्र सात और आठ वर्षीय बेटे दीपांशु के साथ शुक्रवार रात अपने कच्चे मकान में सो रहे थे। शनिवार सुबह करीब पांच बजे मकान की दीवार अचानक भर भराकर गिर गई जिससे परिवार के सदस्य मलबे में दब गये। घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद मलबा हटाकर सभी को बाहर निकाला और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जामो पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने कमलेश कुमारी और उनकी पुत्री आशी को मृत घोषित कर दिया वहीं गम्भीर रूप से घायल दीपांशु को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। इस घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है तथा गांव में मातम छाया हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गया है। इस सम्बंध में थाना जामो के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बताया कि मिट्टी की दीवार गिरने से यह हादसा हुआ है डेथ मेमो के आधार पर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# छत्रपति शिवाजी महाराज राज्याभिषेक दिवस पर शरबत प्याऊ एवं लैया वितरण का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महमूदाबाद, सीतापुर। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस के पावन अवसर पर विश्व मानवाधिकार कानून एवं अपराध नियंत्रण ट्रस्ट भारत के नगर अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा एवं उनके सहयोगी आलोक कुमार वर्मा सहित अन्य सहयोगियों द्वारा बस स्टॉप, महमूदाबाद पर शरबत प्याऊ एवं लैया वितरण भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के राष्ट्रीय संरक्षक एस.एस. दिनकर तथा राष्ट्रीय न्यूज़ एडिटर एवं मीडिया प्रमुख अनुज कुमार जैन ने भी पुष्प अर्पित कर छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं। आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, यात्रियों एवं राहगीरों ने शरबत एवं लैया प्रसाद ग्रहण किया। उपस्थित लोगों ने इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता, जनसेवा एवं राष्ट्रभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने वाला प्रेरणादायक आयोजन बताया। इस अवसर पर ओम प्रकाश वर्मा, कमल वर्मा, जीशान कदीर, राजा राम सहित अनेक गणमान्य नागरिक, श्रद्धालु एवं भक्तजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भीषण गर्मी के बीच लोगों को राहत प्रदान करना तथा सेवा, सहयोग एवं मानवता के मूल्यों को बढ़ावा देना रहा। सभी सहयोगियों एवं स्थानीय नागरिकों के सामूहिक प्रयास, समर्पण एवं जनसहभागिता से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी एवं सेवा भाव से प्रेरित कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प व्यक्त किया। छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक दिवस पर आयोजित यह सेवा कार्यक्रम समाज में परोपकार, राष्ट्रप्रेम एवं जनकल्याण की भावना को सुदृढ़ करने वाला एक अनुकरणीय प्रयास सिद्ध हुआ।

# जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु जनपद की तीनों तहसीलों में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल (बहजोई) । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में तहसील गुन्नौर के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जायें, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज तहसील गुन्नौर में आए प्रार्थना पत्रों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त शिकायती पत्रों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारी गंभीरता पूर्वक एवं गुणवत्तापूर्ण शत प्रतिशत निस्तारण करना सुनिश्चित करें। शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं शीघ्र निस्तारण निचले स्तर पर ही सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अगर कोई भी ठियाबंदी उखाड़ने का कार्य करे तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए पावंद सहित ठोस से ठोस कार्यवाही करना सुनिश्चित किया जाए। पैमाईश के मामलों में सहमति बनाकर पैमाईश सुनिश्चित की जाए। धारा 67 के मामलों का निस्तारण शीघ्र हो। अपने अपने पटल पर पत्रावलियों का रखरखाव सही से हो यह सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि एक ही गाँव में कितनी शिकायतें आ रही हैं तथा इसका क्या कारण है, उसको लेकर जानकारी एकत्र कर आगामी सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत प्रस्तुत की जाए। चक मार्गों को कब्जा मुक्त कराने को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। गांवों के सम्पर्क मार्गों को गड्ढा मुक्त कराने को लेकर भी निर्देशित किया। वर्षा से पूर्व जलभराव आदि समस्याओं के निस्तारण को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्राकृतिक आपदा, नदी में डूबने आदि घटनाओं के रोक थाम के लिए क्या क्या कार्य किये जा रहे हैं उसको लेकर जानकारी प्राप्त करते हुए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने घाटों पर साफ सफाई तथा बैरिकेडिंग तथा नदी में पानी की गहराई आदि से संबंधित साईन ऐज लगवाने को लेकर भी संबंधित को निर्देशित किया। फार्मर रजिस्ट्री तथा राजस्व प्रकरणों को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि राजस्व एवं पुलिस की टीम समन्वय बनाते हुए शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करना सुनिश्चित करे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, प्रभागीय वनाधिकारी प्रीती यादव,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। जारी जिला सूचना कार्यालय जनपद संभल।

# राजस्व मामलों के निस्तारण के लिए 30 जून तक चलाए विशेष अभियान: जिलाधिकारी

एजेंसी

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं, 167 शिकायतों में 16 का मौके पर निस्तारण**

जौनपुर । उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में शाहगंज तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन. एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह की उपस्थिति में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने जनसुनवाई कर लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में कुल 167 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 16 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। समाधान दिवस में भूमि विवाद, अतिक्रमण, नाली निर्माण और राजस्व संबंधी मामलों से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। अंगुली निवासी नरेंद्र प्रताप सिंह ने नवीन परती भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की, जिस पर जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। वहीं शाहगंज निवासी संतोष कुमार यादव की टूटी नाली संबंधी शिकायत पर संबंधित अधिकारियों को जांच कर कार्रवाई करने को कहा गया। ग्राम खुदौली निवासी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा चकमार्ग की भूमि की पैमाइश कराने की मांग पर उपजिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी को संयुक्त टीम बनाकर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक जून से 30 जून तक राजस्व मामलों के निस्तारण के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन तथा जनसुनवाई से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान किया जाए। इस अवसर पर परियोजना निदेशक के.के. पाण्डेय, उप जिलाधिकारी शाहगंज कुणाल गौरव, क्षेत्राधिकारी शाहगंज, तहसीलदार सौरभ कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जनपद की अन्य तहसीलों में भी सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

## जन्मदिन पर मजदूरों के बीच पहुंचे समाजसेवी शकील अंसारी, बांटी खुशियां और सहायता

नानपारा, बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जन्मदिन को सेवा और समाजहित से जोड़ते हुए संकल्प सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के संस्थापक अध्यक्ष एवं समाजसेवी शकील अंसारी ने एक बार फिर अनूठी मिसाल पेश की। अपने जन्मदिवस के अवसर पर उन्होंने साथियों के साथ श्रमिकों के बीच पहुंचकर उनका हालचाल जाना, आर्थिक सहयोग प्रदान किया तथा फल वितरित कर खुशियां साझा कीं। इस दौरान संस्थान पदाधिकारियों ने भी उनके सेवा कार्यों की सराहना करते हुए जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।संकल्प सेवा संस्थान उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी संस्थापक अध्यक्ष शकील अंसारी का जन्मदिवस मनाया। समाजसेवी शकील अंसारी अपने साथियों के साथ सुबह गांधी पार्क स्थित लेबर मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने मजदूरों के बीच समय बिताया, उनका हालचाल जाना तथा फल वितरित करने के साथ आर्थिक सहायता प्रदान की। इसके बाद सभी प्रधान डाकघर के निकट स्थित लेबर मंडी पहुंचे, जहां भी श्रमिकों को आर्थिक सहयोग एवं फल वितरित किए गए। इस अवसर पर संस्थान के महामंत्री केशव पाण्डेय, वॉलिंटियर इन चीफ मनोज तिवारी, प्रवक्ता सुरेश शाह, डी.के. श्रीवास्तव, भाजपा नेता आनंद श्रीवास्तव, संत बहादुर वर्मा, डी.पी. श्रीवास्तव एडवोकेट, आलोक श्रीवास्तव (पप्पू भैया), संपादक रामसखी वर्मा, परवीन ओलिवर न्यूटन, अयूब अंसारी, दीपांशु वर्मा, हलीम अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बाद में संस्थान के पदाधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने शकील अंसारी को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। इसके उपरांत संस्थान के कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित उच्च अधिकारियों को मांगपत्र भेजने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी लोग सतरूपा अष्टभुजा दुर्गा मंदिर पहुंचे, जहां मंदिर परिसर में सहजन एवं आम के पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया।

## संभल : कब्रिस्तान और ग्राम समाज की जमीन पर बनी मस्जिद पर चला बुलडोजर, डीएम-एसपी रहे मौजूद

संभल। जनपद संभल के नखासा थाना क्षेत्र के ग्राम कसेरुआ में कब्रिस्तान और ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से निर्मित मुस्तफा कादरी मस्जिद पर शनिवार को प्रशासन का बुलडोजर चल गया। हालांकि इससे पहले शुक्रवार को हटाने का आदेश तहसीलदार न्यायालय द्वारा जारी किया था। इस कार्य के लिए एक विशेष टीम का गठन किया गया था जिसमें नायब तहसीलदार दीपक जुरैल को टीम का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई थी। कसेरुआ गांव में गाटा संख्या 409 जो की कब्रिस्तान की भूमि है जिस पर 280 वर्ग मीटर में मस्जिद निर्मित है प्रशासन का कहना है कि कब्रिस्तान की भूमि पर मस्जिद का निर्माण कानूनी और धार्मिक दोनों ही दृष्टिकोण से गलत है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भी कब्रिस्तान की जमीन पर मस्जिद नहीं बनाई जा सकती। कार्रवाई के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत कई थानों की फोर्स को मौके पर तैनात किया गया तथा दो बटालियन पीएसी भी मौके पर मौजूद रही। इस विषय में जानकारी देते हुए नसरीन नामक युवती ने रोते हुए कहा कि यह एकतरफा आदेश हुआ है। मस्जिद का हमारा एक प्वाइंट भी नहीं सुना गया है। यह मस्जिद 1980 से वक्फ बोर्ड में दर्ज है, हमारी कहीं नहीं सुनी गई। तहसीलदार ने भी नहीं सुना। उन्होंने ही यह आदेश दिया है, कोई भी फर्जी कागजात नहीं है। रो इसी वजह से रही हूं कि हमारी मस्जिद जा रही है हमारे दादा परदादा ने नमाज पढ़ी है यह कब्रिस्तान भी तो हमारा ही है।

इस विषय में जानकारी देते हुए जिलाधिकारी संभल अंकित खंडेलवाल ने बताया कि संभल तहसील के गांव कसेरुमें कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत थी जिसका नियमानुसार वाद दर्ज करने के बाद तहसीलदार की कोर्ट में निर्णय के बाद उसकी अपील जिला अधिकारी के कोर्ट में दाखिल की गई वहां साक्ष्य देने का अवसर दिया गया किंतु इनके द्वारा कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया जिसके चलते 1200 वर्ग मीटर के अवैध कब्जे को आज हटाया जा रहा है।

वहीं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि जिला प्रशासन ओर पुलिस के द्वारा आज गांव कसेरउ में अवैध कब्जा हटाने की मुहिम चल रही है। उसमें आज एक मस्जिद जो कि कब्रिस्तान की जमीन पर बनी हुई है उसका न्यायिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ध्वस्त किया जा रहा है। यहां पर तीन थानों का फोर्स, सीओ असमोली ओर अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। मस्जिद जब ध्वस्त की जा रही थी तो उसमें आई लव मोहम्मद और विभिन्न प्रकार के पोस्टर भी मिले हैं इसकी जानकारी प्राप्त की जा रही है।

# बच्चों के उत्साह से नई ऊंचाइयों पर पहुंचा गुरुकुल विद्या समर कैंप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। गुरुकुल विद्या में आयोजित समर कैंप बच्चों के उत्साह और सहभागिता के चलते एक यादगार आयोजन बनकर उभरा। 21 जून से प्रारंभ हुए इस कैंप ने बच्चों को सीखने, आनंद लेने और अपनी प्रतिभा को निखारने का बेहतरीन मंच प्रदान किया। कैंप का आयोजन गुरुकुल विद्या के पीठाधीश्वर साकेत मिश्रा के मार्गदर्शन एवं प्राचार्या नीरा मिश्रा के नेतृत्व में संपन्न हुआ। भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कैंप का व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं किया गया, ताकि बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके बावजूद गुरुकुल विद्या के प्रति बच्चों का आकर्षण लगातार बढ़ता गया और एक-दो बच्चों से शुरू होकर संख्या 20 से अधिक पहुंच गई। पूरे कैंप के दौरान सीखने, मनोरंजन और उत्साह का माहौल बना रहा।

इस समर कैंप में केवल सीतापुर ही नहीं, बल्कि लखीमपुर, दिल्ली सहित अन्य स्थानों से भी बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों, खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और व्यक्तित्व विकास से जुड़े सत्रों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कई बच्चों ने अपनी प्रतिभा से सभी का दिल जीत लिया, जिसकी अभिभावकों और शिक्षकों ने खूब सराहना की।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मेघा आँवला का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस दौरान बच्चों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और प्रकृति की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया।

समर कैंप के अंतिम दिन 6 जून को बच्चों के लिए विशेष भोज, खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। पूरे दिन उनके चेहरों पर खुशी और उत्साह साफ झलकता रहा, यहां तक कि किसी का भी घर लौटने का मन नहीं था।

बच्चों की इसी लगन और उत्साह को देखते हुए पीठाधीश्वर साकेत मिश्रा ने समर कैंप को पुनः 15 जून से शुरू करने का निर्णय लिया है। गुरुकुल परिवार ने अभिभावकों और बच्चों से अपील की है कि जो बच्चे इस बार शामिल नहीं हो सके, वे आगामी सत्र में भाग लेने के लिए विद्यालय से संपर्क करें।

यह समर कैंप एक बार फिर साबित कर गया कि सही अवसर मिलने पर बच्चों का उत्साह हर परिस्थिति पर भारी पड़ता है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में गूंजीं जनता की समस्याएं, 123 में से 13 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

औरैया। जनता की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद के सदर तहसील में 'संपूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिले के आला अधिकारियों ने प्रशासनिक और पुलिस टीम के साथ मौजूद रहकर एक-एक कर फरियादियों की गंभीर शिकायतों को सुना और उनके समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रहे अपर जिलाधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक ने आए हुए नागरिकों को भरोसा दिलाया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी (ट्क्ख्र) और सीओ सिटी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे, जिन्होंने राजस्व और पुलिस से जुड़े मामलों की गहन समीक्षा की। सदर तहसील में आयोजित इस शिविर में कुल 123 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें से अधिकांश मामले भूमि विवाद, अवैध कब्जों और आपसी रंजिश से जुड़े हुए थे। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद 13 शिकायतों का मौके पर ही सफल निस्तारण कर दिया।

# नोएडा गाजियाबाद अब नहीं गोंडा भी निवेश का केंद्र,सीएम योगी ने दी 516 करोड़ की सौगात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को गोंडा जनपद में 516 करोड़ रुपये की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। उन्होंने इस मौके पर आयोजित समारोह में कहा कि,पहले राम का नाम लेने पर प्रतिबंध था,अब तो अयोध्या में रामभक्त के अलावा कोई रामद्रोही घुस ही नहीं सकता, ऐसी व्यवस्था कर दी गई है।विदेशी आक्रांताओं को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए।अयोध्या अब गौरव की अनुभूति करा रही मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने कहा कि, आज अयोध्या चमक रही है, एक नई अयोध्या का मॉडल आपके सामने खड़ा हुआ है।हर व्यक्ति गौरव की अनुभूति करता है। आपके पूर्वज आपको आशीर्वाद दे रहे होंगे।पहले राम का नाम लेने पर ही प्रतिबंध था,गोलियां चलती थीं। भगवान राम का भक्त अयोध्या नहीं जा सकता था। अब तो अयोध्या में रामभक्त के अलावा कोई रामद्रोही घुस ही नहीं सकता, ऐसी व्यवस्था कर दी गई है।सीएम योगी ने कहा कि, 2017 के पहले जब गलत सरकार आती थी तो विकास केवल एक गांव तक सीमित हो गया था। सन 2015 में गोंडा में दुर्गा पूजा के समय दंगा हुआ था।गोंडा में दुर्गा पूजा नहीं करने दी जाती थी। सत्ता में बैठे हुए लोग 2017 से पहले पेशेवर गुंडों के सामने नत मस्तक होते थे। राज्य में महीनों कर्फ्यू लगा रहता था।अब ऐसा नहीं होता।सीएम योगी ने कहा कि, हमें मेडिकल कॉलेज बनाना था तो हमने ये नहीं कहा कि सैफई में बनेगा, हमने कहा मेडिकल कॉलेज गोंडा,बहराइच,अयोध्या, बस्ती,सिद्धार्थ नगर में बनेगा। कौन सा ऐसा जिला है जहां मेडिकल कॉलेज का निर्माण नहीं हो रहा है आज।सीएम योगी के कहने का तात्पर्य था कि विकास सिर्फ किसी क्षेत्र विशेष तक सीमित नहीं होगा, जैसा की पहले होता था। सैफई मुलायम सिंह और अखिलेश यादव का क्षेत्र है।योगी आदित्य नाथ ने कहा कि, विदेशी आक्रांताओं के साथ कैसा व्यवहार होना

**2017 से पहले यूपी में दंगे होते थे,सरकार में भाई भतीजावाद था,बहन बेटियां सुरक्षित नहीं थी**

चाहिए, विदेशी आक्रांताओं का मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए इसकी प्रेरणा महराज सुहेलदेव ने हम सबको एक हजार वर्ष पहले दी थी। भारत के शौर्य को, आक्रांताओं को दहलाने वाला शौर्य कैसा होना चाहिए, महाराज सुहेलदेव इसके प्रतीक हैं।मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने 516 करोड़ रुपये की लागत वाली 262 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।उन्होंने इस कार्यक्रम में पहुंचने से पहले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा था,आज मां बाराही देवी धाम की पावन धरा जनपद गोंडा में जनकल्याण और विकास को समर्पित 516 करोड़ रुपये की लागत वाली 262 परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास कार्य क्रम में सहभागी बनूंगा।'उन्होंने लिखा, 'ये परियो जनाएं क्षेत्र के विकास को नई दिशा देंगी, जन सुविधाओं का विस्तार करेंगी व गोंडा की प्रगति और समृद्धि के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएंगी।सीएम योगी ने कहाँ कहा- आज यूपी के नौजवानों को सरकारी नौकरी मिली है,यूपी पुलिस की 60 हजार सिपाहियों की भर्ती में गोंडा, बहरा इच और बलरामपुर के युवा भर्ती हुए हैं,अब निवे श केवल गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद और नोएडा में ही नहीं, बल्कि गोंडा में भी हो रहा है।अब कोई भेदभाव नहीं हो रहा। अब चेहरा और जाति नहीं देखी जा रही।अब सिर्फ पात्रता देखी जा रही है। कोई किसी जाति, वर्ग का हो उसे लाभ दिया जा रहा है। बिना भेदभाव के गांव तक हर योजना का लाभ पहुंचाया जाएगा।

## हाथों की मेहंदी भी नहीं सूखी थी, शादी के 25 वे दिन बाद उजड़ गया सुहाग,हादसे में पति की मौत


कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह वजीरगंज के पास उनकी बाइक सड़क कि नारे खड़े एक ट्रक से टकरा गई।हादसे में एक 23 वर्षीय कृष्णलाल उर्फ दद्दन की मौत हो गई,जबकि जबकि उनके साथी शिवम अवस्थी बीस वर्ष की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है।उन्हें प्राथमिक उप चार के बाद लखनऊ ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है।वहीं मृतक युवक के शव को पुलिस ने कब्जे में लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेजा है मृतक यु वक की शादी 25 दिन पहले हुई थी। जानकारी के अनुसार चौदहा मेटुकहा गांव के रहने वाले जवाहर लाल के मुताबिक उनका छोटा भाई कृष्णलाल बृहस्पतिवार की रात अपने पांच दोस्तों के साथ दो बाइकों पर सवार होकर अयोध्या गया था।सभी ने मिलकर रामलला के दर्शन किए और शनिवार की सुबह करीब पांच बजे घर वापस आ रहे थे।वजीर गंज के पास सड़क किनारे एक ढाबे के सामने ख ड़े ट्रक से उनकी बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गई।टक्कर इतनी भीषण थी कि कृष्णलाल और पीछे बैठे शिवम लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े। साथ चल रहे दोस्तों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर दो नों को मेडिकल कॉलेज गोंडा भिजवाया,लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही कृष्णलाल ने दम तोड़ दिया।इस हादसे ने हंसते-खेलते परिवार को कभी न भूलने वाला जख्म दे दिया है।पांच भाइयों में चौथे नंबर के कृष्णलाल चंडीगढ़ में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। बीते 12 मई को ही कृष्णलाल उर्फ दद्दन की शादी हुई थी। हाथों की मेहंदी का रंग अभी छूटा भी नहीं था कि मांग का सिंदूर उजड़ गया। पति की मौत की खबर सुनते ही पत्नी बबीता बदहवास हो गई है और रो-रोकर उसका बुरा हाल है।इस हृदयविदारक घटना से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और हर आंख नम है।

## माँ के अंतिम संस्कार के बाद बाल शिशु गृह भेजा गया सात वर्षीय अर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । मां के निधन के बाद अकेले पड़ गए सात वर्षीय अर्पित को अब जिला प्रशासन का सहारा मिल गया है।मामले की जानकारी मिलने पर देर रात जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने तत्काल संज्ञा न लेते हुए अर्पित को बाल शिशु गृह भेजने के निर्दे श दिए।प्रशासन ने उसकी पढ़ाई, रहन-सहन और भोजन सहित सभी आवश्यक जरूरतों का पूरा जिम्मा उठाने की घोषणा की है।दरअसल, गीता (35) का गुरुवार देर शाम टीबी के इलाज के दौरा न गोंडा मेडिकल कॉलेज में निधन हो गया था। गीता ही अर्पित का एकमात्र सहारा थीं। गीता के निधन के बाद शव करीब चौबीस घंटे तक मेडिक ल कॉलेज की मोर्चरी में रखा रहा,क्योंकि रिश्तेदा रों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया था

स्थानीय समाजसेवियों की मदद से अर्पित ने कच्चे बाबा स्थान पर अपनी मां को मुखाग्नि दी,यह दृश्य देख मौजूद लोगों की आंखें नम हो गई थीं। घटना सामने आने के बाद प्रशासन हरकत में आया और बच्चे की देखभाल के लिए तत्काल कदम उठाए गए।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि अ र्पित की सभी जिम्मेदारियां अब गोंडा जिला प्रशा सन वहन करेगा। उसकी शिक्षा, रहने और खाने-पीने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी,ताकि उसे किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े वही जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन और बाल कल्या ण समिति की मदद से अर्पित को बाल शिशु गृह में सुरक्षित भेज दिया गया है।अब उसकी पूरी देख भाल जिला प्रशासन की निगरानी में होगी।उन्होंने बताया कि प्रशासन अर्पित के परिजनों की भी त लाश कर रहा है। इसके लिए कई अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रशासन का कहना है कि बच्चे के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए हर सं भव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

## सरयू संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन के लिए सामूहिक संकल्प, सरयू तट पर आयोजित हुई पर्यावरण चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। महामना मालवीय मिशन (अवध) एवं सरयू बचाव संरक्षण समिति के संयुक्त तत्वावधान में रामायणकालीन सरयू नदी तट स्थित झिंगहा घाट (बड़े हनुमान मंदिर) पर पर्यावरण एवं जल संरक्षण चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को सरयू नदी को संरक्षित एवं सदा नीरा बनाए रखने का सामूहिक संकल्प दिलाया गया।

नमामि गंगे प्रकल्प की ओर से सरयू नदी तट पर पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सहयोग से सरयू नदी आरती का सामूहिक गायन भी हुआ।

सरयू बचाव संरक्षण समिति द्वारा आयोजित पर्यावरण संरक्षण चौपाल को संबोधित करते हुए आयोजक राकेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि रामायणकालीन सरयू नदी की स्थिति चिंताजनक हो चुकी है। इसका जल जलचर, थलचर एवं नभचर प्राणियों के लिए अनुपयोगी होता जा रहा है, जबकि यह नदी बहराइच की जीवनरेखा मानी जाती रही है। उन्होंने कहा कि नदी को सदानीरा, स्वच्छ एवं उपयोगी बनाए रखने के लिए सामूहिक सफाई अभियान, घाटों




के विकास तथा व्यापक वृक्षारोपण की तत्काल आवश्यकता है।

महामना मालवीय मिशन (अवध) के अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि सरयू नदी के उद्गम क्षेत्र गोपिया एवं गायघाट (मिहींपुरवा क्षेत्र) से लेकर गोंडा जनपद की सीमा तक तटीय क्षेत्रों में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण तथा उनके संरक्षण के लिए स्थानीय लोगों के सहयोग से प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरीश चंद्र गुप्ता ने कहा कि सरयू नदी को स्वच्छ एवं पेयजल योग्य बनाए रखने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम करन टेकड़ीवाल ने कहा कि नगर के आसपास सरयू नदी को स्वच्छ एवं पेयजल योग्य बनाए रखने के लिए बेहतर कार्ययोजना पर कार्य किया जा रहा है तथा नदी की सफाई के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ समाजसेवी एवं पर्यावरणविद नन्हेलाल लोधी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ अधिवक्ता रामरूप मिश्रा ने किया। सरयू नदी तट पर दीप प्रज्वलन के उपरांत इनर व्हील क्लब की सचिव ज्योति बंसल, सरयू बचाव समिति की पदाधिकारी मोहिनी सोनी, रोली सोनी, सीमा यादव, निर्मला वर्मा, भाजपा नेत्री एकता जायसवाल एवं स्काउट-गाइड अधिकारी अहाना द्वारा सरयू नदी आरती का सामूहिक गायन किया गया। समापन अवसर पर महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव, रूल ऑफ लॉ सोसाइटी के अध्यक्ष अनिल मिश्रा, पर्यावरणविद मनीष रस्तोगी एवं संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को सरयू नदी को सदानीरा एवं सरस सलिला बनाए रखने का सामूहिक संकल्प दिलाया। वरिष्ठ साहित्यकार एवं कवि रमेश मिश्रा तथा शिक्षाविद एवं कवि पुण्डरीक पांडेय ने पर्यावरण संरक्षण विषयक काव्य पाठ प्रस्तुत किया। इसके उपरांत निर्माणाधीन सर्वेश्वर नाथ महादेव मंदिर में आराधना कर ़सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः़ की मंगलकामना की गई। कार्यक्रम के दौरान सरयू नदी तट पर पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राहुल उपाध्याय, डॉ. पंकज श्रीवास्तव, पर्यावरणविद संजय श्रीवास्तव, चंद्रिका प्रसाद गुप्ता, अंगद गुप्ता, नरेंद्र आर्य, मोहम्मद सलीम, आकाश सोनी, कुंदन लोधी (अधिवक्ता) सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संघ विचारक दिलीप कुमार अर्जुन ने सभी के स्वस्थ एवं निरोगी जीवन की मंगलकामना की।

## मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने से पहले घरों, पर नजर बंद हुए सपाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । जिले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे से पहले जिले में समाजवादी पार्टी के कई नेताओं को पुलिस ने उनके घरों में नजरबंद कर दिया,इनमें सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन समेत कई प्रमुख ने ता शामिल हैं।जानकारी के अनुसार,सपा जिलाध्य क्ष अरशद हुसैन को देहात कोतवाली पुलिस ने खो रहंसा स्थित उनके आवास पर ही रोक दिया,उनके अलावा सपा नेता दिनेश यादव, अजय गौतम और अन्य कार्यकर्ताओं को भी घरों से बाहर निकलने की अनुमति नहीं दी गई।वहीं गौरा विधानसभा क्षे त्र से पूर्व सपा प्रत्याशी और पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री संजय विद्यार्थी को भी खोडारे थाना पुलिस ने देर रात से उनके आवास पर ही नजरबंद रखा। सपा नेताओं ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पहुंचकर पेपर लीक, महंगाई, किसानों और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर ज्ञापन सौंपने की घोषणा की थी। इसी के बाद पुलिस की ओर से यह कार्रवाई की गई। सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन ने आरोप लगाया कि सर कार विपक्ष की आवाज दबाने के लिए पुलिस का इस्तेमाल कर रही है।उनका कहना है कि वे लोक तांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाना चाहते थे, लेकिन उन्हें रात से ही घर में रोक दिया गया।पूर्व राज्य मंत्री संजय विद्यार्थी ने भी सरकार पर युवाओं, गरीबों और आम लोगों की समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दों पर सरकार जवाब देने के बजाय विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। लालचंद गौतम ने कहा कि किसान और युवा लगातार सम स्याओं का सामना कर रहे हैं, लेकिन उनकी बात उठाने वाले नेताओं को ही घरों में नजरबंद किया जा रहा है।फिलहाल पुलिस प्रशासन की ओर से इस कार्रवाई को लेकर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था, कड़ी कर दी गई थी।

## संयुक्त अभियान में एसएसबी को मिली सफलता, स्मैक के साथ नेपाली युवक गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में नशा तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) एवं थाना मोतीपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने 25 ग्राम स्मैक के साथ एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया है। 59वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट कैलाश चंद रमोला के निर्देशन में सीमा चौकी लौकाही एवं थाना मोतीपुर पुलिस द्वारा संयुक्त गश्त की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर अचकवा-बलईगांव मार्ग पर भारत-नेपाल सीमा स्तंभ संख्या 667/1 के निकट एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर पूछताछ एवं तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से लगभग 25 ग्राम स्मैक तथा नीले रंग का एक मोबाइल फोन बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मणिराम थापा (23) पुत्र तुले थापा, निवासी ग्राम बैजनाथ, वार्ड संख्या-02, जिला बांके (नेपाल) के रूप में हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह वर्तमान में



देहरादून में मजदूरी करता है तथा बलईगांव क्षेत्र से किसी अज्ञात व्यक्ति से स्मैक खरीदकर लाया था। उसने स्वीकार किया कि बरामद मादक पदार्थ का कुछ हिस्सा उसके स्वयं के उपयोग के लिए था, जबकि शेष मात्रा वह देहरादून निवासी एक व्यक्ति को देने वाला था। बरामद पदार्थ की पुष्टि एसएसबी के प्रशिक्षित एनडी डॉग मिचू द्वारा भी की गई। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 8/21 के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे बरामद स्मैक एवं अन्य जब्त सामग्री सहित अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना मोतीपुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि भारत-नेपाल सीमा पर नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने तथा सीमा क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एसएसबी और स्थानीय पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान लगातार चलाया जा रहा है। सीमा क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि के विरुद्ध आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## बहराइच में आधार केंद्रों का औचक निरीक्षण, मानकों के पालन के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच। जनपद में आधार सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सीएससी राज्य मुख्यालय की टीम ने विभिन्न ब्लॉक स्तरीय आधार सेवा केंद्रों, आधार संशोधन केंद्रों तथा संचालित सीएससी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में सीएससी राज्य मुख्यालय के वरिष्ठ प्रबंधक अजय प्रकाश चौबे, राज्य समन्वयक (आधार) शक्ति कुमार गुप्ता तथा बहराइच के जिला प्रबंधक अखिलेश कुमार मिश्र शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्रों पर उपलब्ध आधार नामांकन एवं संशोधन सेवाओं की गुणवत्ता, नागरिकों को प्रदान की जा रही सुविधाओं, अभिलेखों के रख-रखाव, बायोमेट्रिक उपकरणों की कार्यशीलता, सुरक्षा मानकों तथा यूआइडीएआइ एवं सीएससी द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा की। टीम ने केंद्र संचालकों को निर्देशित किया कि सभी सेवाएं निर्धारित मानकों एवं प्रक्रियाओं के अनुरूप संचालित की जाएं, जिससे आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान केंद्रों पर उपस्थित लाभार्थियों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। कई केंद्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, जबकि कुछ स्थानों पर अनुपालन संबंधी कमियां मिलने पर संबंधित संचालकों को कड़ी चेतावनी देते हुए तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। वरिष्ठ प्रबंधक अजय प्रकाश चौबे ने कहा कि आधार सेवाएं नागरिकों से सीधे जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण सेवाएं हैं। इनके संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा निर्धारित मानकों की अनदेखी स्वीकार नहीं की जाएगी। राज्य समन्वयक शक्ति कुमार गुप्ता ने केंद्र संचालकों को सेवा गुणवत्ता, डेटा सुरक्षा तथा नागरिक संतुष्टि को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। जिला प्रबंधक अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि जनपद में आधार सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं नागरिक हितैषी बनाने के लिए समय-समय पर ऐसे निरीक्षण अभियान जारी रहेंगे। उन्होंने सभी केंद्र संचालकों से निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने का आह्वान किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने केंद्र संचालकों की समस्याओं एवं सुझावों को भी गंभीरता से सुना तथा सेवा वितरण प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। यह निरीक्षण अभियान आधार सेवाओं की गुणवत्ता, विश्वसनीयता एवं जवाबदेही को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## संयुक्त नर्सिंग प्रवेश परीक्षा सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित संयुक्त नर्सिंग प्रवेश परीक्षा जनप द में आज सकुशल शुचिता पूर्ण सम्पन्न हुई,परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज के भौति की विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.जितेंद्र सिंह अंग्रेज़ी विभाग की असिस्टेंट प्रो.डॉ वंदना भारतीय,प्रो. अनूप कुमार सिंह लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ ए वं डॉ शशांक शेखर राम स्वरूप यूनिवर्सिटी लखन ऊ को सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया था।

प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया की गोण्डा जनपद में इस परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए 09 परीक्षा केन्द्र बनाये गए थे,इस परीक्षा में बी.एस-सी,पोस्ट बेसि क बीएससी,एम एस-सी नर्सिंग,के 4433 अभ्यर्थि यों को निर्धारित केंद्रों के लिए अलॉट किया गया था,परीक्षा में 4368 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए व परीक्षा में 65 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।प्रो.सिंह ने बताया



कि सभी परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उप स्थित के बाद उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति प्र दान की गई,सम्पूर्ण परीक्षा की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई गई,अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिव र्सिटी द्वारा आयोजित यह परीक्षा प्रदेश के बीस जनपदों में आयोजित की गई परीक्षा के कुशल सं चालन के लिए पूरे प्रदेश को 9 जोन,में विभाजित किया गया। प्रो.श्री सिंह ने बताया कि इस परीक्षा के लिए गोंडा टामसन इंटर कॉलेज,रोजवुड इंटर कॉलेज ,फातिमा स्कूल, एससीपीएम आयुर्वेदिक कॉलेज, स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज ,श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज एवं जिगर स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था.परीक्षा संपन्न कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर दो प्रतिनिधि मेडिकल यूनिवर्सिटी की तरफ से नियुक्त किए गए थे प्रो. सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन सभी परीक्षा केंद्र के केंद्राध्यक्षों उनके सहयोगियों शहर के प्रमुख एचडीएफ़सी बैं क के प्रबंधकों अभिभावकों व परीक्षा में सम्मिलि त होने वाले परीक्षार्थियों के सहयोग से जनपद में शुचितापूर्ण परीक्षा संपन्न हुई।

# तिलोई के सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की आई सर्वाधिक शिकायतें

## डीएम और एसपी ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील तिलोई में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है। पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने सुनकर निस्तारण का निर्देश दिया है।आज तहसील तिलोई में कुल छियासी शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें छह का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील मुसाफिरखाना में तेइस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का निस्तारण किया गया।तहसील अमेठी में चौंतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा तहसील गौरीगंज में नब्बे शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें सात शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी अमित सिंह, जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह, तहसीलदार अभिषेक यादव, सीओ दिनेश कुमार मिश्रा सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री व्यापार संवाद कार्यक्रम में बीस उत्कृष्ट उद्यमी हुये सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । राज्य कर विभाग अमेठी द्वारा एम बी रिसॉर्ट जगदीशपुर में मुख्यमंत्री व्यापार संवाद कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों एवं करदाताओं के साथ सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का समाधान करना तथा कर प्रणाली को अधिक सरल एवं पारदर्शी बनाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लाक प्रमुख राजेश विक्रम सिंह, उत्तर प्रदेश व्यापारी मंडल के महामंत्री समीर कुरैशी सहित जनपद के प्रतिष्ठित व्यापारी, कर अधिवक्ता एवं महिला उद्यमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर कर अनुपालन एवं व्यापारिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जनपद के बीस प्रमुख उद्यमियों में सात महिला एवं तेरह पुरुष को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त राज्य कर खण्ड प्रथम अमेठी अशोक कुमार गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप राज्य कर विभाग करदाताओं और विभाग के बीच विश्वास को मजबूत करने तथा प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने व्यापारियों को नियमित रूप से जीएसटी रिटर्न दाखिल करने, जीएसटी पोर्टल पर मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी अद्यतन रखने तथा डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा अपंजीकृत व्यापारियों को कर व्यवस्था की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों एवं महिला उद्यमियों को जीएसटी टू तथा ई-इनवॉयसिंग के नवीन प्रावधानों की सरल भाषा में जानकारी दी गई। संवाद सत्र में व्यापारियों द्वारा आईटीसी रिवर्सल के उपरांत भी नोटिस प्राप्त होने तथा जीएसटी पोर्टल के पासवर्ड एवं प्रोफाइल प्रबंधन से संबंधित समस्याएं उठाई गईं, जिनका उपायुक्त राज्य कर अशोक कुमार गुप्ता ने विस्तार से समाधान प्रस्तुत किया। उन्होंने करदाताओं को पोर्टल पर ई-मेल एवं मोबाइल नंबर अपडेट करने तथा पासवर्ड पुनर्प्राप्ति की प्रक्रिया की भी जानकारी दी। उपायुक्त राज्य कर ने कहा कि विभाग करदाताओं की समस्याओं के त्वरित एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में व्यापारियों, महिला उद्यमियों एवं अधिवक्ताओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त राज्य कर खंड प्रथम अमेठी अशोक कुमार गुप्ता ने की। इस अवसर पर सहायक आयुक्त नीरज कुमार सिंह, राज्य कर अधिकारी अंकुर कुमार द्विवेदी सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ईद-ए-गदीर के मौके पर अमहट में महफिल का आयोजन



सुलतानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्रों अमहट गोराबारिक तुराबखानी हसनपुर मनियारपुर जूडूपुर प्रतापपुर मनियारी भाईं लौहर दक्षिण खैराबाद सैदपुर हयातनगर कोटवा सुरौली मूंगर बेलहरी प्यारेपुर कादीपुर सैदखानपुर चुनहा करौंदिया वलीपुर कारीभीप इसौली में पहले इमाम हजरत अली अलैहिस्सलाम की ताजपोशी यौमे जश्ने गदीर के मौके पर महफिल का आयोजन करके जश्न मनाया गया और मिठाइयां बांटी गयी। जामा मस्जिद गोराबरिक अमहट में सुबह 10बजे आमाले गदीर हुआ और अमहट गेट के बगल स्टाल लगाकर फल व मिठाई बांटी गयी। रात में 8बजे जामा मस्जिद गोराबरिक अमहट के सामने तनजीमे हैदरी गोराबारिक अमहट की तरफ से एक महफिल का आयोजन किया गया जिसमें मौलाना फरमान अली ने तलावते कलाम पाक से शुरूआत की। तकरीर मौलाना अब्बास इरशाद नकवी लखनऊ ने की उन्होंने कहा आज ही के दिन मोहम्मद साहब ने अपने अन्तिम समय में अन्तिम हज की वापसी पर गदीर ए खुम के मैदान में सवा लाख हाजियों के सामने खुदा के हुक्म से मौला अली अलैहिस्सलाम को अपना उत्तराधिकारी बनाया था।उसी याद में हर साल जश्न मनाया जाता है। संचालन अहमद रजा बिजनौरी ने की और मारूफ सिरसवी बेताब हल्लौरी नदीम असगर बिजनौरी नगमी केरतपुरी तकी नौगवी अपना कसीदा सुनाया ।यह जानकारी हैदर अब्बास खान अध्यक्ष हुसैनी शिया वेलफ़ेयर एसोसिएशन सुल्तानपुर ने दी है।

## अंतिम संस्कार में शामिल होने जा रही महिला की बाइक से गिरकर हुई मौत

तिलोई अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना शिवरतनगंज क्षेत्र के सेमरौता कठौरा मार्ग पर स्थित मनारूल उलूम पब्लिक स्कूल रुकुनपुर के पास बने ब्रेकर से बाइक से गिरकर एक महिला की मौत हो गई है ।थाना इन्हौना क्षेत्र की ग्राम पंचायत आजादपुर के गांव दिलावलगढ़ निवासी मोहम्मद कयूम की पत्नी जुलेखा शनिवार दोपहर अपने भांजे और एक अन्य महिला के साथ मोटरसाइकिल से महाराजगंज में अपनी मौसी के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिये जा रही थी। वह रास्ते में मनारूल उलूम पब्लिक स्कूल रुकुनपुर के सामने बने ब्रेकर पर वह बाइक से नीचे गिर गई। गिरने से महिला के सिर में गंभीर चोट पहुंची और बेहोश हो गई। परिजनों और स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।मृतक महिला के पति मोहम्मद कयूम फ़ेरी लगाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं घटना के वक्त वह उड़ीसा में है। परिजनों के अनुसार महिला के दो लड़कियां और तीन लड़के है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है परिजनों की इच्छानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## कच्ची शराब की शिकायत के बाद टूटा कहर,तहसील पहुंची महिला ने लगाया पुलिस पर घर में घुसकर मारपीट का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कलीनगर क्षेत्र के ग्राम टांडा छत्रपति निवासी कीर्ति देवी पत्नी सूरज ने पूरनपुर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए समस्त समाधान दिवस में डीएम और पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है महिला अपने दो दुधमुंहे बच्चों के साथ तहसील पहुंची और प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने गांव में हो रही अवैध कच्ची शराब की बिक्री की शिकायत पुलिस से की थी शिकायत के बाद शराब कारोबार से जुड़े लोगों ने उनसे रंजिश मान ली और पुलिस से मिलीभगत कर उनके परिवार के खिलाफ झूठी शिकायत करा दी कीर्ति देवी के अनुसार, कुछ दिन पहले पुलिसकर्मी उनके घर पहुंचे और मुख्य दरवाजे से आने के बजाय दीवार फांदकर घर के अंदर घुस आए महिला का आरोप है कि पुलिसकर्मी उस समय शराब के नशे में थे और घर में घुसते ही गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार करने लगे। विरोध करने पर उनके पति और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मारपीट की गई महिला का दावा है कि मारपीट के दौरान पुलिस के डंडे से उनके सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उनका सिर फट गया घटना के समय घर में मौजूद उनके दो छोटे बच्चे भय और दहशत में रोते-बिलखते रहे पीड़िता का आरोप है कि पूरे परिवार को बेवजह प्रताड़ित किया गया समस्त समाधान दिवस में दिए गए प्रार्थना पत्र में महिला ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, मेडिकल परीक्षण और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।

## पूरनपुर सीएचसी में बड़ी लापरवाही उजागर : प्रसव कक्ष और ऑपरेशन थियेटर के बाहर बैठे मिले आवारा पशु, मरीजों की सुरक्षा पर उठे सवाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पूरनपुर में स्वास्थ्य विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है अस्पताल के प्रसव कक्ष और ऑपरेशन थियेटर के बाहर आवारा पशु आराम करते दिखाई दिए, जिससे अस्पताल की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं जिस स्थान पर प्रसूताएं, नवजात शिशु और गंभीर मरीज भर्ती रहते हैं, वहीं पशुओं का खुलेआम घूमना संक्रमण और अव्यवस्था का बड़ा खतरा बनता नजर आया बताया जा रहा है कि प्रसव कक्ष के एक ओर जनरल वार्ड स्थित है, जहां महिलाओं और नवजात शिशुओं का उपचार चलता है, जबकि दूसरी ओर ऑपरेशन थियेटर है ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में आवारा पशुओं की मौजूदगी स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगा रही है अस्पताल परिसर में पशुओं का जमावड़ा होने से मरीजों और तीमारदारों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल प्रशासन की अनदेखी के चलते यह स्थिति लगातार बनी हुई है यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो यह लापरवाही किसी बड़े हादसे या संक्रमण का कारण बन सकती है लोगों ने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल अस्पताल परिसर को पशुमुक्त कराने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## नवनियुक्त मंडल प्रभारी के तेवर सख्त, पहली बैठक में बूथ मजबूत करने का दिया मंत्र

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त मंडल प्रभारी मनोज गुप्ता ने पदभार संभालने के बाद संगठन की पहली महत्वपूर्ण बैठक लेकर कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा भरने का काम किया साईं बैंक्वेट हॉल स्थित मंडल अध्यक्ष कार्यालय में आयोजित बैठक में सेक्टर प्रभारी एवं सेक्टर संयोजकों को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए गए बैठक में मंडल प्रभारी मनोज गुप्ता ने आगामी होने वाले कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर प्रभावी ढंग से संपन्न कराने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा की वास्तविक ताकत बूथ कार्यकर्ता हैं उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया बैठक के दौरान संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन और आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई नवनियुक्त मंडल प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हर्ष प्रधान, महामंत्री सूरज बॉथम, सपना चौहान,मानस शुक्ला, अमन शान, उपेन्द्र भारती, प्रदीप सिंह, कमल चौहान, संजय मिश्रा, रितेश गुप्ता, शेर सिंह यादव, आलोक त्रिवेदी, गौरव गुप्ता, रवि वर्मा, अम्बर मिश्रा, फूल चन्द्र राठौर, प्रदीप सिंह मुखिया, नितिन गुप्ता, धर्मवीर सिंह, सुनील सिंह सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे है।

# कूरा में निर्माणाधीन पंचायत उत्सव भवन का डीएम ने किया निरीक्षण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी,जिलाधिकारी संजय चौहान ने शनिवार को तहसील तिलोई की ग्राम पंचायत कूरा में निर्माणाधीन पंचायत उत्सव भवन का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप तथा समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि पंचायत उत्सव भवन ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों, बैठकों, प्रशिक्षण शिविरों, जनजागरूकता अभियानों तथा सामाजिक आयोजनों के लिये बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। इससे ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सामुदायिक गतिविधियों के संचालन की सुविधा मिलेगी तथा पंचायत स्तर पर विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को भी बल मिलेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सरवणन टी., जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी, खण्ड विकास अधिकारी राज कुमार शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार सिंह, राजू दुबे सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अमेठी के बारह केन्द्रों पर होगी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा

## पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने का निर्देश दिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी द्वारा पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन गौरीगंज में पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक निर्देश दिये गये। आगामी आठ नौ एवं दस जून को जनपद में प्रस्तावित आरक्षी भर्ती एवं समकक्ष पदों के लिये परीक्षा के दृष्टिगत शनिवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज में कुल बारह परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा को नकल विहीन, शांतिपूर्ण माहौल में पारदर्शी तरीके से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस केन्द्र प्रभारी व सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस बल को ब्रीफ किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सरवणन टी ने परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थियों की सुचारु आवाजाही, परीक्षा केन्द्रों की निगरानी तथा नकल विहीन एवं पारदर्शी परीक्षा सुनिश्चित कराने के लिये सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने, परीक्षा केन्द्र पर चेकिंग/फ्रिस्किंग के दौरान अभ्यर्थियों की सावधानी व गंभीरता पूर्वक चेकिंग किये जाने, किसी भी प्रकार के चश्मा, ब्लूटूथ, मोबाइल फोन अथवा अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं को भली भांति चेक करने आदि के संबन्ध में के निर्देश दिए । परीक्षा के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने तथा परीक्षा केन्द्रों के आसपास पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी, ताकि परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो सके । इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, पुलिस केन्द्र के प्रभारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बल्दीराय तहसील के नवनिर्मित भवन में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें अधिकारी, लापरवाही पर होगी कार्रवाई : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बल्दीराय/सुलतानपुर। बल्दीराय तहसील के नवनिर्मित भवन में शनिवार को जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। अवैध कब्जा, राशन कार्ड, विद्युत बिल तथा पुलिस विभाग से संबंधित सैकड़ों शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। इस बार शिकायतों के निस्तारण के लिए नई व्यवस्था लागू की गई। प्राप्त शिकायतों को पहले संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास भेजा गया, जहां प्रकरण की जांच कर शिकायत पत्रों पर आवश्यक टिप्पणियां दर्ज की गईं। इसके बाद शिकायतकर्ता संबंधित अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी इन्द्रजीत सिंह एवं पुलिस अधीक्षक चारु निगम के समक्ष उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस में लागू की गई नई व्यवस्था को लेकर प्रशासन ने उम्मीद जताई कि इससे शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण में मदद मिलेगी तथा आमजन को राहत मिलेगी।

# खिलाड़ियों का बॉक्सिंग में शानदार प्रदर्शन, मंडल ट्रायल हेतु चयन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिला खेल कार्यालय, सुल्तानपुर द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय समन्वय सब-जूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता के जिला स्तरीय चयन ट्रायल में सुल्तानपुर खेल एवं शिक्षा परिषद की मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता प्राप्त की। अकादमी के दो खिलाड़ियों असद खान एवं अंश विश्वकर्मा ने चयन ट्रायल में प्रतिभाग किया, जिसमें असद खान का मंडलीय चयन ट्रायल के लिए चयन किया गया। खिलाड़ी की इस उपलब्धि से अकादमी एवं खेल प्रेमियों में हर्ष का माहौल है। यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। चयन प्रक्रिया के दौरान सुल्तानपुर खेल एवं शिक्षा परिषद के महासचिव शुभम धुरिया, सुल्तानपुर बॉक्सिंग संघ के महासचिव विजय यादव तथा सीनियर कोच राहुल की विशेष उपस्थिति एवं मार्गदर्शन रहा। सभी खेल अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों के सहयोग से खिलाड़ियों का सफलतापूर्वक चयन संपन्न हुआ। महासचिव शुभम धुरिया ने चयनित खिलाड़ी को बधाई देते हुए कहा कि परिषद भविष्य में भी खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं प्रतियोगिताओं में भागीदारी के लिए हर संभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। अकादमी परिवार ने चयनित खिलाड़ी असद खान को मंडलीय ट्रायल एवं आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी हैं तथा उम्मीद जताई है कि वह प्रदेश स्तर पर सुल्तानपुर का नाम रोशन करेंगे।

# वृद्धजनों के अधिकारों के प्रति जागरूक होना जरूरी: मुक्ता त्यागी

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने वृद्धाश्रम में लगाया विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सुलतानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर द्वारा वृद्धजनों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मुक्ता त्यागी के संयोजन में संपन्न हुआ।

शिविर को संबोधित करते हुए सचिव मुक्ता त्यागी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने वृद्धजनों को वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, पारिवारिक विवादों के समाधान तथा अन्य विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय एवं जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराता है। किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या, संपत्ति विवाद, भरण-पोषण, उत्पीड़न अथवा अन्य मामलों में वरिष्ठ नागरिक प्राधिकरण से सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने उपस्थित वृद्धजनों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैरा लीगल वालेंटियर सर्वेश कुमार सिंह ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वृद्धजन समाज की वह नींव हैं जिनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी को दिशा मिलती है। उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और विधिक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने उपस्थित वृद्धजनों को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्राधिकरण उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर रहेगा। शिविर के दौरान वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उनके समाधान के संबंध में आवश्यक कानूनी परामर्श भी प्रदान किया गया। उपस्थित वृद्धजनों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें अपने अधिकारों और उपलब्ध कानूनी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होते हैं। इस अवसर पर पीएलवी सुनील राठौर, समाजसेविका खुशी अग्रहरि, वृद्धाश्रम के मैनेजर श्रवण कुमार शर्मा, सूर्य लाल, आंशिक गुप्ता, रमेश कुमार, ललिता मिश्रा सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं वृद्धाश्रम के निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता के संकल्प के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित इस जनहितकारी शिविर की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

# भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर द्वारा वृद्धजनों को उनके अधिकारों एवं उपलब्ध कानूनी सहायता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से वृद्धाश्रम में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मुक्ता त्यागी के संयोजन में संपन्न हुआ। शिविर को संबोधित करते हुए सचिव मुक्ता त्यागी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने वृद्धजनों को वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम, निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, पारिवारिक विवादों के समाधान तथा अन्य विधिक सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आर्थिक रूप से

सुल्तानपुर। त्याग, भक्ति और वैराग्य का संदेश लेकर चल रही श्रीमद् भागवत कथा महापुराण के पांचवे दिन भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा व आनंद में शहरी गांव के लोग डूबे रहे कथा व्यास के प्रवचन व



भक्ति में माहौल में जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया यहां महिलाओं किशोरियों महिलाओं में खास उत्साह देखने को मिला। व्यासपीठ से आचार्य पं रामचंद्र मिश्र रामायणी ने पांचवें दिन श्री कृष्ण जन्मोत्सवष्भक्त ध्रुव की तपस्या और भक्त प्रह्लाद की अटल निष्ठाष का प्रसंग सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कथा सुनने के लिए सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय राज बाबू पूर्व कैबिनेट मंत्री जय नारायण तिवारी सोनभद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आरके मिश्रा भाजपा नेता विकास शुक्ला समेत सैकड़ो सामाजिक विभूतियां ग्रामीणों के साथ शामिल हुईं। यहाँ कथा व्यास ने ध्रुव कथा सुनाते हुए कहा कि राजा उत्तानपाद के पुत्र ध्रुव को माता सुरुचि ने राजसिंहासन पर बैठने से रोक दिया था। पांच वर्ष के बालक ध्रुव ने जब अपनी मां सुनीति से पूछा तो मां ने कहा बेटा, भगवान की भक्ति करो, वही तुम्हें वो पद देंगे जो किसी ने नहीं पाया। ये सुनकर ध्रुव जंगल की ओर निकल पड़ा। महाराज जी ने भावुक होकर कहा आज के बच्चे 5 साल में मोबाइल मांगते हैं, ध्रुव ने 5 साल की उम्र में भगवान को मांग लिया। उन्होंने आगे बताया कि ध्रुव ने मधुवन में जाकर कठोर तपस्या शुरू की। पहले दिन सिर्फ फल खाए, फिर पत्ते, फिर हवा पर रहने लगा। नारद मुनि ने आकर उसे ? नमो भगवते वासुदायष का मंत्र दिया। ध्रुव ने एक पैर पर खड़े होकर 6 महीने तक तपस्या की। उसकी तपस्या से तीनों लोक कांप गए। जब ध्रुव की तपस्या चरम पर पहुंची, तो भगवान विष्णु स्वयं शंख-चक्र-गदा-पद्म धारण करके प्रकट हो गए। भगवान ने ध्रुव से वरदान मांगने को कहा। ध्रुव बोला - प्रभु, मैं तो आपका दर्शन पाकर ही कृतार्थ हो गया, अब मुझे कुछ नहीं चाहिए। भगवान ने ध्रुव को अचल पद दिया ध्रुव तारा। आज भी आसमान में ध्रुव तारा अटल खड़ा है जैसे ध्रुव की भक्ति अटल थी। इसके पश्चात कथा व्यास के मुखारविंद से भगवान श्री कृष्ण के जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया गया इस दौरान लड्डू गोपाल को बधाई देने का सिलसिला जारी रहा भगवान के जन्मोत्सव पर संगीत की धुन पर कथा पंडाल में मौजूद श्रोता थिरकते नजर आए। यहां आए हुए सभी अतिथियों ने व्यास पीठ से आशीर्वाद लिया। मुख्य यजमान संतराम शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

## सम्पादकीय

# लापरवाही के हादसे

बुधवार को दिल्ली के हौजरानी इलाके में एक पांच मंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 11 विदेशी नागरिक थे। इस भयावह घटना के वीडियो सोशल मीडिया पर खूब तैर रहे हैं, जिसमें कहीं ऊपरी मंजिलों से लोग कूद कर जान बचा रहे हैं, तो कहीं छत पर खड़े होकर मदद की गुहार लगा रहे हैं। आग और धुएं के गुबार के बीच फिर से भ्रष्टाचार की चर्चाएं शुरु हो चुकी हैं कि इस पूरे इलाके में नियमों को ताक पर रखकर ऐसी कई इमारतें बनी हुई हैं। जहां पांच-छह कमरे बने होने चाहिए थे, वहां 25 कमरे बना दिए गए और आग से बचाव का कोई इंतजाम नहीं है। इस खबर को बीते कुछ घंटे नहीं हुए थे कि बिहार के मुजफ्फरपुर से ऐसी ही खबर आई। वहां एक अस्पताल के आईसीयू में आग लग गई, जिसमें कम से कम पांच लोगों के मरने की खबर है और 20 घायल हैं। हालांकि मौत के सही आंकड़े पता चलेंगे या नहीं, कहा नहीं जा सकता। क्योंकि अभी से खबर पर लीपापोती की शुरुआत हो चुकी है। सम्राट चौधरी सरकार में पहली बार राजनीति में आकर सीधे स्वास्थ्य मंत्री का पद संभालने वाले निशांत कुमार से इस बारे में जब पत्रकारों ने सवाल किए तो वे बिना कुछ बोले निकल गए। उन पर अब सवाल उठ रहे हैं तो उन के पक्ष में जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि सुबह 3.00 बजे की यह घटना है और सुबह की फ्लाइट से मंत्री जा रहे थे। ऐसा नहीं है कि घटना की जानकारी मंत्री को नहीं थी। तभी तो स्वास्थ्य विभाग एक्शन में है। मेरा मानना है कि एक्शन पर लोगों को फोकस करना चाहिए ना कि बयान पर। ऐसे बयान जाहिर करते हैं कि आम लोगों की जान की कीमत सरकार की नजर में कितनी सस्ती है। इतने मासूम अकाल मौत मारे गए और बजाए जिम्मेदारी लेने के स्वास्थ्य मंत्री को बचाने की कोशिशें हो रही हैं। पाठक ध्यान दें कि बुधवार को भाजपा के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक वीडियो जारी किया गया, जिसमें पटना की साफ-सुथरी चिकनी सड़क और चमचमाता पुल दिखाया गया। इसे बिहार का विकास कहा जा रहा है। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने भी इसे रिपोस्ट किया। लेकिन कांग्रेस ने बताया कि ये एआई जनरेटेड वीडियो है। सच्चाई खुलने के बाद भाजपा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म से तो इसे शायद हटा लिया गया है, लेकिन भाजपा बिहार के प्लेटफार्म पर यह आभासी वीडियो अब भी चल रहा है। भाजपा के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देश का विकास दिखाने वाले कई संदेश एआई जनरेटेड वीडियो के साथ ही दिए जाते हैं। इसका यही मतलब है कि असली विकास दिखाने को नहीं है तो कम्प्यूटर की मदद से बनाई गई तस्वीरों में विकास दिखाया जाए। मान लें कि जनता के सामने अपनी छवि चमकाने के लिए ऐसा करना जरूरी है, तो क्या यह बात भी उतनी ही जरूरी नहीं है कि जनता को सच की तस्वीर भी दिखाई जाए या जनता का वास्ता जिन कड़वे सत्यों से रोज होता है, कम से कम उन पर भाजपा दो शब्द तो संवेदना के कह दे। चमकते-दमकते पुल की नकली तस्वीर दिखाने वाली भाजपा क्या अवैध निर्माण या बिना सुरक्षा मानकों के खड़ी की गई इमारतों की तस्वीर भी कभी दिखाएगी। क्यों भाजपा के बुलडोजर गरीबों और मुसलमानों के ठिकानों तक आसानी से पहुंच जाते हैं, लेकिन अवैध निर्माण कर करोड़ों की उगाही करने वाले लोगों तक नहीं पहुंचते। अभी पिछले साल दिसंबर में गोवा के नाइटक्लब में ऐसी ही भीषण आग लगी थी, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी। इसके संचालक पहले तो आसानी से देश से भाग गए, लेकिन फिर सरकार पर दबाव पड़ा तो इन्हें थाईलैंड से गिरफ्तार कर लाया गया। मगर अब क्या कार्रवाई हो रही है, उन्हें कितनी सजा मिलेगी, इसकी कोई खबर नहीं है। दरअसल भाजपा बहुत अच्छे से ये बात जानती है कि समाज को हिंदू-मुसलमान के अनावश्यक मुद्दे में उलझाकर रखना आसान है। लोग इसी बात पर खुश हो जाएंगे कि अहमदनगर का नाम अहिल्यानगर्य, फैजाबाद का नाम अयोध्या या बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय का नाम श्वागदेवी भोजपाल विश्वविद्यालय्य कर दिया गया है। नाम बदलने से शहर, स्टेशन, शिक्षण संस्थान किसी के भी हालात नहीं बदलेंगे, ये लोग भी अच्छे से जानते हैं।

# तृणमूल कांग्रेस में टूट और ममता की बढ़ती चिन्ताएं

**ममता बनर्जी को कभी संघर्षशील, जुझारू और जननेता के रूप में देखा जाता था। उन्होंने वामपंथी शासन के लंबे दौर को समाप्त कर बंगाल में परिवर्तन का नया अध्याय लिखा। किंतु समय के साथ उनकी राजनीति पर अहंकारवाद, व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण के आरोप बढ़ते गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी के भीतर निर्णय प्रक्रिया का अत्यधिक केंद्रीकरण और कुछ व्यक्तियों का बढ़ता प्रभाव अनेक वरिष्ठ नेताओं को असहज करता रहा है। यही कारण है कि समय-समय पर असंतोष के स्वर उभरते रहे हैं। राजनीतिक टिप्पणीकारों द्वारा प्रकाशित विश्लेषणों में भी यह प्रश्न उठाया गया है कि यदि किसी दल में संगठन से अधिक व्यक्ति महत्वपूर्ण हो जाए, तो वहां असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। हाल के घटनाक्रमों ने इस आशंका को और बल दिया है। जिस प्रकार पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता और विधायक नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल व्यक्तियों की नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति की भी है। भारतीय राजनीति में हाल के वर्षों में आम आदमी पार्टी और उसके नेता अरविंद केजरीवाल का उदाहरण भी इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। वर्ष 2013 से लेकर 2024 तक दिल्ली की राजनीति में आम आदमी पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकले केजरीवाल को जनता ने ईमानदार, पारदर्शी और वैकल्पिक राजनीति के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। लेकिन समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, विरोधियों के प्रति असहिष्णुता, राजनीतिक अहंकार और स्वयं को अजेय मान लेने की प्रवृत्ति उनके नेतृत्व पर हावी होती दिखाई दी।**

पश्चिम बंगाल की राजनीति एक बार फिर उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), जिसने पिछले डेढ़ दशक से बंगाल की राजनीति पर लगभग एकाधिकार स्थापित कर रखा था, आज आंतरिक असंतोष, नेतृत्व संबंधी प्रश्नों और जनविश्वास के संकट से जूझती दिखाई दे रही है। पार्टी के भीतर असंतुष्ट नेताओं और विधायकों की गतिविधियों ने यह संकेत दिया है कि संगठनात्मक एकता में दरारें उभर रही हैं। यह स्थिति केवल किसी एक राजनीतिक दल का संकट नहीं है, बल्कि लोकतंत्र में राजनीतिक मूल्यों, जनभावनाओं और नेतृत्व की भूमिका पर पुनर्विचार का अवसर भी है। राजनीति में इतिहास बार-बार यह प्रमाणित करता रहा है कि जब भी सत्ता के साथ अहंकार जुड़ता है, जनता अंततः उसका उत्तर देती है। लोकतंत्र में जनता ही अंतिम निर्णायक होती है। चाहे वह इंदिरा गांधी का आपातकाल हो, पश्चिम बंगाल में वामपंथी शासन या दिल्ली में आम आदमी पार्टी का अंत या फिर उत्तर प्रदेश एवं बिहार की अनेक राजनीतिक घटनाएँ-हर जगह जनता ने यह संदेश दिया है कि सत्ता जनता की सेवा के लिए है, शासन के अहंकार के लिए नहीं। ममता बनर्जी को कभी संघर्षशील, जुझारू और जननेता के रूप में देखा जाता था। उन्होंने वामपंथी शासन के लंबे दौर को समाप्त कर बंगाल में परिवर्तन का नया अध्याय लिखा। किंतु समय के साथ उनकी राजनीति पर अहंकारवाद, व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण के आरोप बढ़ते गए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पार्टी के भीतर निर्णय प्रक्रिया का अत्यधिक केंद्रीकरण और कुछ व्यक्तियों का बढ़ता प्रभाव अनेक वरिष्ठ नेताओं को असहज करता रहा है। यही कारण है कि समय-समय पर असंतोष के स्वर उभरते रहे हैं। राजनीतिक टिप्पणीकारों द्वारा प्रकाशित विश्लेषणों में भी यह प्रश्न उठाया गया है कि यदि किसी दल में संगठन से अधिक व्यक्ति महत्वपूर्ण हो जाए, तो वहां असंतोष स्वाभाविक रूप से जन्म लेता है। हाल के घटनाक्रमों ने इस आशंका को और बल दिया है। जिस प्रकार पार्टी के कुछ वरिष्ठ नेता और विधायक नेतृत्व की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं, उससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या केवल व्यक्तियों की नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति की भी है। भारतीय राजनीति में हाल के वर्षों में आम आदमी पार्टी और उसके नेता अरविंद केजरीवाल का उदाहरण भी इस संदर्भ में उल्लेखनीय है। वर्ष 2013 से लेकर 2024 तक दिल्ली की राजनीति में आम आदमी पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से निकले केजरीवाल को जनता ने ईमानदार, पारदर्शी और वैकल्पिक राजनीति के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया। लेकिन समय के साथ सत्ता का केंद्रीकरण, विरोधियों के प्रति असहिष्णुता, राजनीतिक अहंकार और स्वयं को अजेय मान लेने की प्रवृत्ति उनके नेतृत्व पर हावी होती दिखाई दी। जनता ने देखा कि जो दल कभी राजनीतिक शुचिता और नैतिकता की बात करता था, वह भी सत्ता के उसी मोह और व्यक्तिकेंद्रित राजनीति का शिकार होता जा रहा है, जिसके विरुद्ध उसने संघर्ष प्रारम्भ किया था। परिणामस्वरूप दिल्ली की राजनीति में उसका प्रभाव कमजोर हुआ और जनता ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि लोकतंत्र में कोई भी नेता अथवा दल जनता से बड़ा नहीं होता। यह घटना इस सत्य को पुनः स्थापित करती है कि जनता लंबे समय तक अहंकार, अतिशयोक्ति और आत्ममुग्धता को स्वीकार नहीं करती। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के समक्ष खड़ी चुनौतियों को भी इसी परिप्रेक्ष्य में देखा जा सकता है। जब किसी दल का नेतृत्व स्वयं को संगठन और जनता से ऊपर मानने लगता है, तब असंतोष जन्म लेता है, कार्यकर्ता दूर होने लगते हैं और अंततः राजनीतिक आधार कमजोर पड़ने लगता है। इतिहास बताता है कि लोकतंत्र में विनम्रता, संवाद, जनभावनाओं का सम्मान और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता ही स्थायी राजनीतिक सफलता की कुंजी हैं। किसी भी लोकतांत्रिक दल की शक्ति उसके विचार, संगठन और कार्यकर्ताओं में होती है, न कि केवल एक नेता में। जब दल विचारधारा की बजाय व्यक्तिपूजा पर आधारित होने लगते हैं, तब उनका संकट निश्चित हो जाता है। भारतीय राजनीति में अनेक उदाहरण हैं जहाँ परिवारवाद ने दलों की जड़ों को कमजोर किया। महाराष्ट्र में शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के विभाजन के पीछे भी नेतृत्व और उत्तराधिकार से जुड़े प्रश्न महत्वपूर्ण रहे। बंगाल में भी इसी प्रकार की चर्चाएँ समय-समय पर सामने आती रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के सामने दूसरा बड़ा संकट उसकी सार्वजनिक छवि का है। शिक्षक भर्ती, नगर निकायों तथा अन्य प्रशासनिक मामलों से जुड़े विवादों ने जनता के मन में अनेक प्रश्न खड़े किए हैं। किसी भी सरकार की सबसे बड़ी पूंजी जनता का विश्वास होता है। यदि जनता को यह महसूस होने लगे कि शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही कम हो रही है, तो राजनीतिक नुकसान होना स्वाभाविक है। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल में लंबे समय से चल रही पहचान, नागरिकता, सीमा सुरक्षा और अवैध घुसपैठ से जुड़ी बहसों ने भी राजनीतिक वातावरण को प्रभावित किया है। भारतीय जनता पार्टी ने इन मुद्दों को राष्ट्रीय सुरक्षा और सांस्कृतिक अस्मिता के प्रश्न के रूप में प्रस्तुत किया। भाजपा का तर्क रहा है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए और किसी भी प्रकार की तुष्टिकरण की राजनीति अंततः समाज को विभाजित करती है। यही कारण है कि बंगाल में भाजपा ने अपनी राजनीतिक रणनीति को राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक पहचान और सुशासन के मुद्दों पर केंद्रित किया। भाजपा की बंगाल यात्रा भी अपने आप में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक अध्ययन का विषय है। कभी केवल दो सीटों तक सीमित रहने वाली पार्टी आज राज्य की सत्ता शक्ति बन चुकी है। यह परिवर्तन अचानक नहीं हुआ। इसके पीछे वर्षों का संगठनात्मक विस्तार, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं का निर्माण, राष्ट्रीय नेतृत्व की सक्रियता तथा स्थानीय मुद्दों को राष्ट्रीय विमर्श से जोड़ने की रणनीति रही है। भाजपा ने बंगाल में यह संदेश देने का प्रयास किया कि वह केवल एक राजनीतिक विकल्प नहीं, बल्कि वैचारिक विकल्प भी है। हालांकि यह भी उतना ही सत्य है कि केवल राष्ट्रवाद या धार्मिक पहचान के आधार पर किसी दल की स्थायी सफलता सुनिश्चित नहीं होती। लोकतंत्र में जनता विकास, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा भी चाहती है। इसलिए किसी भी राजनीतिक दल के लिए आवश्यक है कि वह राष्ट्रीय भावना के साथ-साथ जनकल्याणकारी नीतियों को भी प्राथमिकता दे। राष्ट्र और राजनीति का संबंध अत्यंत गहरा है। कोई भी राजनीतिक दल तभी दीर्घकालिक सफलता प्राप्त कर सकता है जब वह राष्ट्रहित, संविधान, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनभावनाओं के प्रति प्रतिबद्ध रहे। यदि कोई दल ऐसे तत्वों का समर्थन करता हुआ दिखाई देता है जो राष्ट्रीय एकता के विरुद्ध हों, तो जनता धीरे-धीरे उससे दूरी बनाने लगती है। भारत की लोकतांत्रिक चेतना इतनी परिपक्व हो चुकी है कि वह अंततः राष्ट्रहित और जनहित के बीच संतुलन स्थापित करने वाले नेतृत्व को ही स्वीकार करती है। पश्चिम बंगाल का वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य इसी सत्य की पुष्टि करता है। तृणमूल कांग्रेस के सामने चुनौती केवल बगावत या संगठनात्मक असंतोष नहीं है, बल्कि जनता के विश्वास को पुनः अर्जित करने की भी है। यदि पार्टी आत्ममंथन करती है, संगठन को लोकतांत्रिक बनाती है, पारदर्शिता बढ़ाती है और जनभावनाओं को समझने का प्रयास करती है, तो वह अपनी स्थिति को पुनः मजबूत कर सकती है। लेकिन यदि अहंकार, व्यक्तिवाद और तुष्टिकरण की राजनीति जारी रहती है, तो संकट और गहरा सकता है। यही लोकतंत्र का शाश्वत सत्य है और यही पश्चिम बंगाल की वर्तमान राजनीति का सबसे बड़ा सबक भी। लोकतंत्र का सबसे बड़ा संदेश यही है कि सत्ता स्थायी नहीं होती, किंतु मूल्य स्थायी होते हैं। राजनीतिक दल आते-जाते रहते हैं, लेकिन जनता की अपेक्षाएँ और राष्ट्र की आवश्यकताएँ हमेशा बनी रहती हैं। जो दल इन अपेक्षाओं को समझते हैं, वे इतिहास बनाते हैं और जो इन्हें अनदेखा करते हैं, वे इतिहास बन जाते हैं। आज बंगाल की राजनीति एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। आने वाले वर्षों में यह स्पष्ट होगा कि तृणमूल कांग्रेस आत्मसुधार का मार्ग चुनती है या राजनीतिक पतन की ओर बढ़ती है। **–ललित गर्ग**

# पाकिस्तान के इशारे पर नाचते खालिस्तानी

**पी. कामता**

हर वर्ष छह जून को पंजाब 1984 की घटनाओं को याद करता है। इसी दिन सेना ने स्वर्ण मंदिर परिसर में छुपे खालिस्तान समर्थकों को निकालने के लिए बख्तरबंद गाड़ियों और टैंकों का उपयोग किया था। बयालीस वर्ष पहले ऑपरेशन ब्लू स्टार का समापन भारतीय सेना द्वारा स्वर्ण मंदिर परिसर को हथियारबंद आतंकवादियों के कब्जे से मुक्त कराने के साथ हुआ। कुछ कट्टरपंथी कहते हैं कि इस ऑपरेशन ने गहरे घाव दिए। तब से एक छोटा लेकिन मुखर समूह इन घावों का उपयोग खालिस्तान के नैरेटिव को आगे बढ़ाने के लिए करता रहा है यह सच है कि खालिस्तानी भारत और अधिकांश सिखों की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व नहीं करते। पंजाब इस बात का हकदार है कि उसके दर्द का राजनीतिक उपयोग न किया जाए और सिख समुदाय को भारत के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक के रूप में पहचाना जाए। 1980 के दशक की शुरुआत तक पंजाब बढ़ती हिंसा और उग्रवाद की चुनौती का सामना कर रहा था। जरनैल सिंह भिंडरांवाले के नेतृत्व में हथियारबंद उग्रवादियों ने स्वर्ण मंदिर परिसर को एक मजबूत ठिकाने में बदल दिया था। जून 1984 में सरकार ने ऑपरेशन ब्लू स्टार शुरू किया। इस अभियान में अकाल तख्त को हुए नुकसान और जानमाल की क्षति ने सिख समुदाय के मन पर गहरे घाव छोड़े। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या और उसके बाद की घटनाओं ने इन घावों को और गहरा कर दिया। 1984 से जुड़े दर्द को स्वीकार करना इतिहास के प्रति ईमानदारी है। यह पीड़ा वास्तविक है, लेकिन इसे खालिस्तान के समर्थन के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। भारत के निर्माण और विकास में सिख समुदाय का योगदान असाधारण है। स्वतंत्रता के समय देश की कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी कम होने के बावजूद स्वतंत्रता संग्राम में उनका उल्लेखनीय बलिदान है। विभाजन के दौरान पंजाब ने भारी नुकसान झेला, लेकिन सिख समुदाय ने साहस और परिश्रम से स्वयं को फिर खड़ा किया। हरित क्रांति ने भारत को खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में निर्णायक भूमिका निभाई और पंजाब इसका केंद्र रहा। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में भी सिखों का योगदान अद्वितीय है। सिख रेजिमेंट, पंजाब रेजिमेंट और सिख लाइट इन्फैंट्री ने देश के लगभग हर प्रमुख सैन्य अभियान में वीरता और समर्पण का परिचय दिया है। जिस समुदाय ने देश की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया, राष्ट्र को भोजन दिया और सीमाओं की रक्षा की, उसे व्यापक अलगाववादी सोच से जोड़ना वास्तविकता से परे है। वर्तमान खालिस्तान अभियान मुख्य रूप से विदेशों में सक्रिय कुछ संगठनों और व्यक्तियों द्वारा संचालित किया जाता है। पंजाब के भीतर इसका समर्थन सीमित है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियों और पंजाब पुलिस ने कई बार संकेत दिया है कि पाकिस्तान समर्थित तत्व और कट्टरपंथी नेटवर्क प्रचार, दुष्प्रचार और भड़काऊ गतिविधियों के माध्यम से इस नैरेटिव को जीवित रखने का प्रयास करते हैं। उनका उद्देश्य प्रतिनिधित्व नहीं, बल्कि विभाजन और अस्थिरता पैदा करना है। शोधकर्ताओं और पर्यवेक्षकों का मानना है कि खालिस्तान की चर्चा पंजाब से अधिक प्रवासी राजनीति में दिखाई देती है। अब खालिस्तानी अपना पांव धीरे-धीरे ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया समेत कई और देशों में पसार रहे हैं। पाकिस्तान ने भले ही कभी यह कुबूल न किया हो लेकिन खालिस्तान आंदोलन के पीछे उसकी भूमिका किसी से भी छिपी नहीं रह गई है। पाकिस्तान के वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञ जैद हामिद का एक वायरल वीडियो इसकी पुष्टि कर चुका है। वो कह रहे हैं कि हमने भारत के खिलाफ खालिस्तान को खड़ा किया। पाकिस्तान अनटोल्ड नाम के एक ट्विटर हैंडल (अब एक्स) पर साझा किए गए वीडियो में हामिद ने कहा, ''हमने पूरे 80 के दशक में, ये वो समय था जब 1971 का भारत से बदला लेना शुरू किया था, उस वक्त सिखों की तहरीक बनाई। हमने कश्मीरी जिहाद को दोबारा खड़ा किया। नागा, असम, नक्सली, माओवादी, नॉर्थ ईस्ट जैसे भारत के अलग-अलग भागों में मदद पहुंचाई। यह सच है कि ऑपरेशन ब्लू स्टार के माध्यम से सरकार ने खालिस्तान आंदोलन को कुचल तो दिया लेकिन उसकी आग जलती रही। अब तो यह ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में कई हिंदू मंदिरों को निशाना बना चुके हैं। खालिस्तान पर बहस भले ही सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरती हो, लेकिन पंजाब की वास्तविक चुनौतियां कहीं अधिक गंभीर हैं।

## सेहत मंत्र

# किडनी के लिए बहुत फायदेमंद है भुजंगासन

शरीर को स्वस्थ रख बीमारियों को दूर करने का सबसे प्रभावी तरीका है योग, योग में हर रोग का न सिर्फ इलाज छिपा है बल्कि यह आपको ऊर्जा भी प्रदान करता है। योग के कई आसनों में से एक है भुजंगासन। संस्कृत के शब्द भुजंग का अर्थ होता है सर्प और आसन का अर्थ है स्थिति। इस आसन को करने से रीढ़ की हड्डी सर्प की तरह लचीला हो जाती है और शरीर में गर्मी उत्पन्न होती है। इसीलिए इस आसन को भुजंगासन कहा जाता है। यह आसन पेट के बल लेटकर किया जाता है। इस आसन से शरीर को सुडौल बनाता है। कैसे करेंगे ये आसन- शुद्ध वातावरण और समतल जमीन पर आसन बिछाकर पेट के बल लेट जाएं। सांस सामान्य रहे और शरीर की मांसपेशियों के शिथिल होने तक इस स्थिति में लेटें। माथे को जमीन पर और हाथों को कंधों के पास इस तरह से टिकाएं कि कोहनियां पीछे की तरफ शरीर के पास आ जाएं। टांगों और पैरों को सीधा रखते हुए आपस में मिला लें। धीरे-धीरे सांस भरें और हाथों को जमीन पर अच्छी तरह से टिकाते हुए कंधों के सहारे नाभि तक के हिस्से को इस प्रकार ऊपर की तरफ उठाएं कि छाती सामने की ओर आ जाए। गर्दन को पीछे की तरफ करते हुए ऊपर आकाश की ओर देखने का प्रयास करें। इस स्थिति में यथाशक्ति रुकने के बाद सांस छोड़ते हुए धीरे-धीरे पूर्व स्थिति में लौट आएं।

भुजंगासन से किडनी और अन्य अंगों को लाभ- छाती, पीठ, गर्दन और कंधों की मांसपेशियों को शक्तिशाली बनाता है। गले में स्थित ग्रंथियों को सशक्त कर शरीर को ऊर्जावान बनाता है। किडनी के लिए लाभप्रद है। तनाव व थकान को दूर करता है। हृदय और फ़ेफड़ों के लिए विशेष लाभप्रद है।पेट के सभी आंतरिक अंगों को सशक्त और सक्रिय करता है।


विशेषः योगाभ्यास शुरू करने से पहले अपने डॉक्टर से परामर्श अवश्य लें। योग्य योग शिक्षक की देखरेख में ही आसनों की शुरुआत करें।

## धर्म मंत्र

# घर के मंदिर में न रखें 4 देवताओं की मूर्ति, वरना फायदा नहीं उल्टा हो सकता है नुकसान

भगवान की कृपा पाने के लिए लोग अपने-अपने घर के मंदिर देवी-देवताओं की मूर्ति रखते हैं। मान्यता है कि घर में भगवान की मूर्ति या फोटो होती है तो परेशानियां दूर रहती हैं। मंदिर में पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार घर में सभी देवताओं की मूर्तियां नहीं रखनी चाहिए। भगवान के कुछ ऐसे स्वरूप हैं जो घर में रखना शुभ नहीं बल्कि अशुभ होता है। ऐसे स्वरूप घर में रखने से फायदा नहीं बल्कि नुकसान हो सकता है। 1. भैरव देवः भैरव देव को भगवान शिव का अवतार माना जाता है। घर में छोटा सा शिवलिंग रख सकते हैं, लेकिन शिवजी के अवतार भैरव भगवान की मूर्ति नहीं रखनी चाहिए। भैरव देव तंत्र के देवता हैं और इनकी पूजा घर के बाहर ही करनी चाहिए। 2. नटराजः भगवान शिवजी का रौद्र स्वरूप है नटराज। इस स्वरूप में शिवजी तांडव करते नजर आते हैं। ये मूर्ति रखने से घर में अशांति बढ़ सकती है। परिवार के सदस्यों का स्वभाव क्रोधी हो सकता है। 3. शनि देवः ज्योतिष में शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता है, साथ ही ये एक क्रूर ग्रह है। शनिदेव सूर्य के पुत्र हैं। इनकी मूर्ति घर में रखना अशुभ माना जाता है। शनि की पूजा घर से बाहर ही करनी चाहिए। 4. राहु-केतुः राहु और केतु को छाया ग्रह और पाप ग्रह माना जाता है। ज्योतिष की मान्यता है कि राहु-केतु की पूजा की जाए तो हम बड़ी-बड़ी परेशानियों से बच सकते हैं, लेकिन इनकी पूजा घर में नहीं बल्कि बाहर किसी मंदिर में करनी चाहिए। घर में इनकी मूर्ति रखने से अशुभ फल मिल सकते हैं।

## पर्यटन



# सारे जग से न्यारा ऐसा रंग बिरंगा है राजस्थान हमारा

राजस्थान देश का एक ऐसा रंगीला प्रांत है जो इतिहास में न केवल त्याग,बलिदान और शौर्य की कहानियों के लिये प्रसिद्ध है, बल्कि यहां की कला, संस्कृति और सम्यता ने भी इसे एक विशिष्ट पहचान प्रदान की है। विश्व की सबसे प्राचीन सिन्धु घाटी सम्यता और वैदिक सभ्यता का जन्म स्थल सप्त-सैन्धव प्रदेश का गौरवगान करने वाली सरस्वती नदी इसी के नाम से बहती है। इससे हमें इस प्रदेश की प्राचीनता का बोध होता है। विश्व की सर्वाधिक प्राचीन अरावली पर्वत, श्रृखलाएं कर्णवत अक्ष बनाती हुई प्रदेश के मध्यभाग में उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम तक फैली हुई हैं। सैकड़ों मील दूर तक फैला हुआ मरू टीलों का साम्राज्य, प्राकृतिक सौन्दर्य की छठा बिखेरती राजस्थान की झीलें एवं वन्य प्राणी कलात्मक और भव्य राजप्रासाद, दुर्ग और हवेलियां तथा संध्या के समय एकांत में गूंजते लोकसंगीत के स्वर अनायास ही पर्यटकों का मन मोह लेते हैं। राजस्थान प्रदेश इतिहास, कला एवं संस्कृति की दृष्टि से राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। अपने ऐतिहासिक, पुरातात्विक एवं स्थापत्य महत्व के दर्शनीय स्थलों के कारण राजस्थान देशी-विदेशी पर्यटकों के लिये आकर्षण का प्रमुख केन्द्र बना हुआ है। राजस्थान का इतिहास बड़ा ही गौरवशाली और महिमामयी रहा है। यहां की धरती कुछ ऐसी है कि यहां जन्म लेकर न केवल वीरों ने इसका गौरव बढ़ाया है बल्कि साहत्यि, संस्कृति एवं कला तीनों ही क्षेत्रों में इसकी श्री वृद्धि में अपना योगदान दिया है। पृथ्वीराज चैहान, राणाकुम्भा, महाराणा प्रताप, दुर्गादास तथा सवाई जयसिंह आदि इसी रणभूमि की संताने हैं। भामाशाह की निःस्वार्थ सेवा, पद्मिनी के जौहर और पन्नाधाय के त्याग से कौन परिचित नहीं है। साहित्य सृजन और चिंतन परम्परा को महाकवि चंद व सूर्यमल्ल, कृष्णभक्त मीरा और संत दादू ने जीवित रखा है। राजस्थान के शौर्य का वर्णन करते हुस प्रसिद्ध इतिहासकार कर्नल जेम्स टॉड ने कहा कि राजस्थान में ऐसा कोई राज्य नहीं जिसकी अपनी थर्मोपोली न हो और कोई ऐसा नगर नहीं जिसने अपने लियोनिडास पैदा नहीं किया हो।

# बकरा चुराकर, काटकर बोरे में भरने का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना सदर बाजार पुलिस ने बकरा चुराकर और उसे काटकर बोरे में भरकर भागने वाले दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीती 25 मई को थाना सदर बाजार की हदद्फ चैकी क्षेत्र में दो लोगों ने एक बकरा चुराकर मौके पर ही काट दिया और उसे बोरे में भरकर बाइक से भागने लगे। इसी दौरान बकरा मालिक महिला ने शोर मचा दिया, शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने एक बकरा चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बकरा चोर ने अपना नाम अयान पुत्र बब्बू निवासी मोहल्ला मामूड़ी बताया। जबकि अपने साथी फरार अभियुक्त का नाम नदीम पुत्र रईस निवासी मोहल्ला हद्दफ बताया। इस मामले में सदर पुलिस ने तहरीर के आधार पर थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला मामूड़ी निवासी अयान पुत्र बब्बू और मोहल्ला हद्दफ निवासी नदीम पुत्र रईस के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पकड़े गए अभियुक्त अयान को विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया था। पुलिस फरार अभियुक्त नदीम की तलाश में थी। इसी क्रम में बीती रात थाना सदर बाजार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त नदीम को मोहल्ला मामूडी से गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त नदीम पुत्र रईस अहमद को जेल भेज दिया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना सदर बाजार के उपनिरीक्षक सिद्धार्थ भाटी के साथ कास्टेवल रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग से अश्लील हरकतें व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना पुवायां पुलिस ने नाबालिग किशोरी से अश्लील हरकतें, फोटो खींचने और विरोध करने पर गाली-गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

26 मई को थाना पुवायां क्षेत्र की एक महिला की तहरीर पर पुलिस ने इसी थाना क्षेत्र के गांव कहमारा के रहने वाले विकास उर्फ मिस्त्री और उसके भाई मुकेश के खिलाफ पाक्सो एक्ट समेत गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। महिला का आरोप था कि उसकी नाबालिग पुत्री से अश्लील हरकतें की गईं और उसका फोटो खींचा गया। शिकायत करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसी क्रम में थाना पुवायां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर निगोही रोड स्थित जठियापुर बुजुर्ग पुलिया के पास से वांछित अभियुक्त विकास उर्फ मिस्त्री पुत्र जसवन्त को गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त विकास उर्फ मिस्त्री को न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना पुवायां के उपनिरीक्षक कपिल देव के साथ आरक्षी सन्देश कुमार मौजूद रहे।

## पूरनपुर में साहित्य और संस्कृति का संगम, दीपिका चतुर्वेदी की पुस्तक गोमती नदी के किनारे भेंट

पूरनपुर। कैनविज टाइम्स संवाददाता पूरनपुर मे एक अत्यंत सुखद, प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक क्षण देखने को मिला, जब 'ड्रीम मैंगोज' संस्था की फाउंडर आदरणीय दीपिका चतुर्वेदी जी द्वारा रचित पुस्तक गोमती नदी के किनारे भेंट स्वरूप प्राप्त हुई यह पुस्तक आदिगंगा माँ गोमती के समृद्ध इतिहास, सांस्कृतिक विरासत और उसकी जीवनदायिनी यात्रा को बेहद सुंदर और भावपूर्ण तरीके से प्रस्तुत करती है पुस्तक में गोमती नदी से जुड़ी सभ्यता, संस्कृति, लोकजीवन और ऐतिहासिक महत्व को जीवंत रूप में दर्शाया गया है, जो पाठकों को अपनी धरोहर से जोड़ने का कार्य करती है दीपिका चतुर्वेदी जी द्वारा किया गया यह प्रयास न केवल साहित्यिक दृष्टि से सराहनीय है, बल्कि हमारी नदियों और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति समाज को जागरूक करने वाला भी है।

## डीआईओएस वेतन घोटाले में तीन महिला आरोपियों को जमानत, जांच और अभियोजन पर गहराए सवाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत के चर्चित डीआईओएस कार्यालय वेतन घोटाले मामले में सत्र न्यायालय द्वारा परवीन खातून, लुबना नबी और फातिमा नबी को जमानत दिए जाने के बाद पूरे मामले की जांच प्रक्रिया और अभियोजन की कार्यशैली पर सवाल खड़े होने लगे हैं करोड़ों रुपये के कथित सरकारी धन के गबन से जुड़े इस मामले में अब तक कई सह-अभियुक्तों को राहत मिल चुकी है, जबकि कथित मुख्य आरोपी इल्हाम उर्र रहमान शम्सी को भी उच्च न्यायालय से अंतरिम/अग्रिम जमानत प्राप्त है न्यायालय ने अपने आदेश में उल्लेख किया कि तीनों महिला अभियुक्ताएं प्रारंभिक एफआईआर में नामजद नहीं थीं और उनके नाम विवेचना के दौरान सामने आए ऐसे में लगातार आरोपियों को जमानत मिलने से यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्य न्यायिक कसौटी पर पर्याप्त मजबूत साबित हो पा रहे हैं या नहीं मामला डीआईओएस कार्यालय से जुड़े खातों में कथित अनियमित धन हस्तांतरण और सरकारी धन के दुरुपयोग से जुड़ा बताया जा रहा है शुरुआत से ही इस प्रकरण की जांच की पारदर्शिता और कार्रवाई की दिशा सार्वजनिक बहस का विषय बनी रही है अधिवक्ता अंशुल गौरव सिंह ने कहा कि जमानत का अर्थ दोषमुक्ति नहीं होता, लेकिन यह जरूर दर्शाता है कि न्यायालय उपलब्ध तथ्यों और साक्ष्यों का स्वतंत्र मूल्यांकन कर रहा है उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपये के सरकारी धन से जुड़े मामलों में वास्तविक दोषियों तक पहुंचना और निर्दोष लोगों को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाना, दोनों ही कानून व्यवस्था की विश्वसनीयता के लिए बेहद जरूरी हैं।

## प्राकृतिक आपदा से किसानों को हुआ नुकसान, भाजपा नेत्री ने मौके पर पहुंचकर एसडीएम से मुआवजे की मांग की

देहरादून कैनविज टाइम्स संवाददाता। ग्राम सभा मयुंडा के अंतर्गत चाईला छानी, नाईगार्ड, गढ़ाड़ी, मइजुका और मिगाड में प्राकृतिक आपदा से किसानों की क्यारियों व नकदी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। आपदा में कई पशुओं की भी जान चली गई।सूचना मिलते ही भाजपा लाखामंडल की पूर्व मंडल उपाध्यक्ष वंदना शर्मा मौके पर पहुंचीं। उन्होंने आपदा से पीड़ित सभी परिवारों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया और सरकार से उचित मुआवजा व सहयोग दिलाने का भरोसा दिया।वंदना शर्मा ने कहा कि अगर प्रशासन द्वारा पीड़ितों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो वे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तक किसानों की समस्याएं लेकर जाएंगी। उन्होंने एसडीएम कालसी और क्षेत्र पटवारी सुरेश जीनाटा से वार्ता कर नुकसान का आकलन जल्द पूरा कर मुआवजा देने की मांग की।आपदा से रणवीर, बालवीर, टिकम बारू, राजेंद्र, जयवीर, गंगौ देवी, रत्ना देवी, पुरण दीवान, श्याम सिंह, केसर सिंह, हुकम सिंह, वीडो देवी, महेंद्र, रोबिन, नवीन, राकेश, किशन सिंह, पूरन सिंह, अजय पाल, नारायण सिंह, संजय लाल समेत दर्जनों किसानों की फसलें बर्बाद हुई हैं। इस दौरान ओमप्रकाश, घनश्याम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## आजाद समाज पार्टी की सरकार बनने पर शिक्षा, चिकित्सा व बिजली होगी मुफ्तः चन्द्रशेखर

शामली कैनविज टाइम्स संवाददाता। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर ने दावा किया कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में आसपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर सभी को निःशुल्क शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी तथा प्रत्येक परिवार को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। बेघर परिवारों को 150 गज के प्लॉट पर पक्का मकान दिया जाएगा और पूर्ण शराबबंदी लागू कर शराब की दुकानों को लाइब्रेरी बना दिया जाएगा। प्रदेशव्यापी सत्ता परिवर्तन यात्रा के तीसरे दिन शामली के खेड़ी करमू तथा डॉ. आंबेडकर प्रतिमा, अजंता चौक पर आयोजित रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि फर्जी एनकाउंटर और बुलडोजर से मकान तोड़े जाने की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। न्यूनतम दैनिक वेतन 753 रुपये सुनिश्चित किया जाएगा तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक पर सख्ती से रोक लगाई जाएगी। चंद्रशेखर ने कहा कि यात्रा में उमड़ रही भीड़ संकेत दे रही है कि प्रदेश में बदलाव की लहर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियों और घोषणाओं को घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया। उनका कहना था कि आगामी विधानसभा चुनाव अपेक्षा से पहले अक्टूबर में भी हो सकते हैं, इसलिए संगठन को अभी से चुनावी तैयारी में जुट जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आसपा की सरकार बनने पर स्मार्ट सिटी की बजाय स्मार्ट गांव विकसित किए जाएंगे। गांवों में पक्की सड़कें, बेहतर परिवहन, आधुनिक सुविधाएं और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। महिलाओं और युवाओं को कुटीर उद्योगों के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे पलायन रुकेगा और गांव आत्मनिर्भर बनेंगे। चंद्रशेखर ने बढ़ती बेरोजगारी, महंगी शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं पर चिंता जताई तथा कहा कि नशाखोरी समाज की प्रगति में बड़ी बाधा है। इसलिए उनकी सरकार बनने पर घरों को बर्बाद कर रही शराब को पूरी तरह बंद करने की घोषणा की।

## राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन 10 सूत्रीय मांगों पर अड़े, लखनऊ में होगा आंदोलन

औरैया । उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में राजस्व अधिवक्ता एसोसिएशन की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर शनिवार को जिले भर की बार एसोसिएशनों की महापंचायत आयोजित हुई, जिसमें प्रशासन के रवैये की कड़ी आलोचना करते हुए आंदोलन को तेज करने का ऐलान किया गया। महापंचायत में जिला बार एसोसिएशन, अजीतमल बार एसोसिएशन, सिविल बार एसोसिएशन बिधूना तथा तहसील बार एसोसिएशन बिधूना के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभा को संबोधित करते हुए जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह भदोरिया और महामंत्री अजय कुमार पाल ने कहा कि संगठन की 10 सूत्रीय मांगें अधिवक्ताओं और वादकारियों के हितों से जुड़ी हैं । लेकिन प्रशासन उनकी लगातार उपेक्षा कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिला बार तहसील स्तर के अधिवक्ताओं के संघर्ष में पूरी मजबूती के साथ साथ खड़ी है।

# संगठन को मजबूत करने के लिए तीन दिवसीय कानपुर-बुंदेलखंड दौरे पर रहेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी

एजेंसी



कानपुर । भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी सात से नौ जून तक कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वह कानपुर नगर, कानपुर देहात, जालौन, झांसी, ललितपुर और औरैया जनपदों में संगठनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे तथा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों से संवाद करेंगे। पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस दौरे में विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और जनसंपर्क कार्यक्रम भी शामिल हैं। प्रदेश अध्यक्ष सात जून को कानपुर पहुंचकर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल के बड़े भाई स्वर्गीय रामपाल के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करेंगे। इसके बाद वह कानपुर देहात में प्रबुद्धजनों से भेंट, पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक और अन्य कार्यक्रमों में भाग लेंगे। जालौन में कार्यकर्ता परिचय बैठक, विशिष्ट जनों से संवाद तथा विधायक खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विधानसभा प्रीमियर लीग के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल होंगे। आठ जून को झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई पार्क में पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ वृक्षारोपण एवं स्वच्छता कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। इसके अलावा पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों के साथ विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेंगे। इसके बाद ललितपुर में संगठनात्मक बैठकों और जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाग लेने का कार्यक्रम निर्धारित है। नौ जून को ललितपुर में दर्शन, स्वच्छता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम के बाद जिला कार्यालय में पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसके पश्चात औरैया में संगठनात्मक बैठकों में भाग लेते हुए पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। बाद में कानपुर पहुंचकर पद्मश्री डॉ. अशोक साहू के आवास पर शिष्टाचार भेंट के उपरांत लखनऊ के लिए रवाना होंगे। मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने शनिवार को बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के पूरे प्रवास के दौरान भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल भी उनके साथ रहेंगे।

# मंडलायुक्त ने परखी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत, अनुपस्थित डॉक्टर को नोटिस जारी

एजेंसी



महोबा। चित्रकूट धाम मंडल के मंडलायुक्त अजीत कुमार ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जैतुपर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी में पानी व जनरेटर की व्यवस्था ठीक पायी गयी। मण्डलायुक्त द्वारा चिकित्सकों को गर्मी के दौरान आवश्यक दवाएं व ओआरएस उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं।साथ ही बाहर की दवा न लिखने की सख्त हिदायत दी है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर के निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त अजीत कुमार ने जननी सुरक्षा योजना रजिस्टर को चैक किया। जिसमें पाया कि प्रसव के 12 घण्टे बाद ही महिलाओं को डिस्चार्ज कर दिया गया जोकि नियम विरूद्ध है। जबकि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार जन्म के बाद 48 घण्टे माँ व बच्चे के लिये बहुत जरूरी होते हैं। जिसके लिये जन्म के बाद 48 घण्टे तक मां व बच्चे को अस्पताल में ही रखने और उसके बाद डिस्चार्ज करने का नियम है। जच्चा बच्चा के स्वास्थ्य से लापरवाही बरतने के मामले में सम्बन्धित अधिकारियों का स्पष्टीकरण मांगा गया। तो वहीं उपस्थिति रजिस्टर में डॉ मानस माहेश्वरी के अनुपस्थित मिलने पर मंडलायुक्त ने स्पष्टीकरण के निर्देश दिए हैं।

### पर्यावरण दिवस के बीच पेड़ों के कटान के आरोपों में घिरी राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रिंसिपल, धार्मिक भेदभाव और भ्रष्टाचार के भी लगे गंभीर आरोप

पूरनपुर।राजकीय कन्या इंटर कॉलेज पूरनपुर की प्रिंसिपल पर धार्मिक भेदभाव, सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं मामले में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच और तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है शिकायतकर्ता राजेन्द्र कुमार आर्य ने आरोप लगाया है कि विद्यालय में हिन्दू छात्राओं के साथ धार्मिक आधार पर भेदभाव किया जाता है उनका कहना है कि प्रार्थना सभा में हिन्दू छात्राओं के माथे पर लगाए गए टीके को हटवाया जाता है, जबकि मुस्लिम छात्राओं को हिजाब पहनने की अनुमति दी जाती है शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि विद्यालय परिसर में मौजूद नीम, आम, पाकड़ और बरगद जैसे कीमती एवं प्रतिबंधित पेड़ों को बीते वर्षों में कटवा दिया गया आरोप है कि पेड़ों की कटान बिना पारदर्शी प्रक्रिया और टेंडर के कराई गई तथा सरकारी धन का निजी लाभ के लिए दुरुपयोग किया गया शिकायतकर्ता ने कहा कि छुट्टियों के दौरान रातों-रात पेड़ों की जड़ें तक खुदवा दी गईं जहां एक ओर पूरे देश में विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की बात हो रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी विद्यालय में पेड़ों के कटान के आरोप चर्चा का विषय बने हुए हैं शिकायत में मिड डे मील योजना में अनियमितता, छात्राओं से विभिन्न फार्मों और पीटीए के नाम पर अवैध वसूली, विद्यालय में बाहरी लोगों के आवागमन और सरकारी धन के फर्जी बिलों के जरिए गबन जैसे आरोप भी लगाए गए हैं ।

# तालाब में डूबा युवक, तीन घंटे बाद मिला शव

एजेंसी



औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद में फफूंद थाना क्षेत्र के केशमपुर गांव में शनिवार दोपहर एक युवक तालाब में डूब गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और ग्रामीणों ने उसका शव बाहर निकाला।

गांव निवासी 27 वर्षीय दिनेश राजपूत पुत्र वीरेंद्र राजपूत दोपहर लगभग दो बजे गांव से सटे तालाब के किनारे पहुंचा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, वह तालाब किनारे बैठा था तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चला गया। युवक को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर मचाया, जिससे मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तालाब में वर्षों से सफाई न होने के कारण फैली जलकुंभी और दलदल की वजह से कोई भी अधिक अंदर तक नहीं जा सका। सूचना मिलते ही सीओ अजीतमल मनोज गंगवार और थानाध्यक्ष अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू कराई। तलाशी अभियान के दौरान दलदल के कारण खोजबीन कर रहे लोग भी पानी में फंसने लगे। इसके बाद पुलिस ने जेसीबी मशीन मंगवाकर तालाब का पानी दूसरे तालाब में निकालने की व्यवस्था शुरू कराई। ग्राम प्रधान राजेश पाल और सिंदुरिया पंचायत के प्रधान प्रतिनिधि सुधीर राजपूत ने भी ट्यूब और अन्य संसाधनों के साथ खोजबीन में सहयोग किया। आखिरकार, भर्रापुर निवासी रिंकू और मंसाराम ने तालाब में घुसकर डोंगिया में बैठकर बांस के सहारे डूबे हुए युवक को खोजकर बाहर निकाला। उनकी बहादुरी के लिए पुलिस और ग्रामीणों ने उनकी सराहना की।

## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण

बीसलपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम विधानसभा संयोजक एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष शरद पाल सिंह जी के सानिध्य में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम के अंतर्गत मंडल के प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्षों एवं बूथ समिति के सदस्यों के साथ-साथ मंडल के पदाधिकारियों ने मिलकर पौधारोपण किया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाकर प्रकृति को संरक्षित करना रहा।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हजारीलाल वर्मा, भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष गौतम शर्मा, मंडल महामंत्री शिवकुमार सक्सेना, संगम बाजपेई, मंडल उपाध्यक्ष रजनीश शर्मा, जितेंद्र शर्मा, कृष्ण पाल सिंह, बलराम सिंह, राकेश गुप्ता, मंडल मंत्री जितेंद्र गोस्वामी, जितेंद्र गंगवार, रजनीश गंगवार जी, कोषाध्यक्ष लीलाधर सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

इसके अलावा शक्ति केंद्र संयोजक दामोदर राठौर, योगेंद्र पांडे, संजय शर्मा, रामसिंह गंगवार, बूथ अध्यक्ष नरेश चंद्र सक्सेना, सत्यवीर सिंह, सुधांशु अवस्थी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।कार्यक्रम में उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने का संदेश दिया। वक्ताओं ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं और इनके बिना स्वस्थ पर्यावरण की कल्पना नहीं की जा सकती।अंत में मंडल महामंत्री संगम बाजपेई एवं भाजपा युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष गौतम शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में सहायक होते हैं।

## कोर्ट के आदेशों की धज्जियां स्टे ऑर्डर के बावजूद प्लाट पर दुकान निर्माण का आरोप, पीड़िता ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगाई न्याय की गुहार

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के नारायणपुर जप्ती स्थित एक प्लाट को लेकर चल रहे विवाद में नया मोड़ सामने आया है सिविल न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिए जाने के बावजूद निर्माण कार्य कराने का आरोप लगाते हुए एक महिला ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है मामला गाटा संख्या 435 स्थित भूमि से जुड़ा है, जिसको लेकर सिविल न्यायालय में वाद विचाराधीन है न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में वादी पक्ष ने बताया था कि उसने उक्त भूमि को विधिवत बैनामे के माध्यम से खरीदा था तथा धारा-80 के अंतर्गत आवासीय घोषित कराने के बाद वहां चारदीवारी भी कराई गई थी आरोप था कि प्रतिवादी पक्ष जमीन पर कब्जे का प्रयास करते हुए वहां पन्नी डालकर मसाला, तंबाकू व अन्य सामान बेचने का कार्य कर रहा है तथा दीवार तोड़ने का भी प्रयास किया गया वहीं प्रतिवादी पक्ष ने न्यायालय में अपना पक्ष रखते हुए दावा किया कि उक्त स्थान पर वर्ष 2007 से उनका कब्जा है और वादी गलत तरीके से भूमि पर अधिकार जताना चाहता है दोनों पक्षों की दलीलें सुनने तथा प्रस्तुत दस्तावेजों का अवलोकन करने के बाद सिविल जज द्वारा 27 फरवरी 2026 को आदेश पारित करते हुए मौके पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए गए थे अब इसी मामले में फूलबानो पत्नी नन्हे शाह निवासी ग्राम ढका ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि न्यायालय के स्टे आदेश के बावजूद शीवान खां ने विवादित प्लाट पर दुकान का निर्माण कराकर लिंटर तक डाल दिया है और वहां व्यापार शुरू करने की तैयारी की जा रही है पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर उसे और उसके पुत्र को जान से मारने की धमकी दी गई तथा पूर्व में मारपीट की घटनाएं भी हो चुकी हैं महिला ने प्रशासन से न्यायालय के आदेश का अनुपालन सुनिश्चित कराने, अवैध निर्माण हटवाने तथा आरोपी के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## फ्लाईओवर पर कुंडल लूटकर भागे बदमाश चंद मिनटों में गिरफ्तार, पीलीभीत पुलिस की सतर्कता से बची बड़ी वारदात

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। पीलीभीत में महिला से कुंडल लूटकर फरार हो रहे दो बाइक सवार बदमाशों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया पुलिस की मुस्तैदी और तत्परता के चलते बदमाश वारदात के कुछ ही देर बाद दबोच लिए गए आरोपियों के कब्जे से लूटे गए कुंडल तथा घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद कर ली गई है पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्रभर में सराहना हो रही है घटना शुक्रवार शाम करीब पौने छह बजे की है गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम बंजरिया जमुनिया निवासी बबलू वर्मा अपनी पत्नी सरिता देवी के साथ जहानाबाद स्थित ससुराल से वापस घर लौट रहे थे जैसे ही वे शहर के असम चौराहा फ्लाईओवर पर पहुंचे, तभी पीछे से आए दो बाइक सवार बदमाशों ने चलती बाइक पर सरिता देवी के कानों से कुंडल झपट लिए और मौके से फरार होने लगे पीड़ित दंपत्ति द्वारा शोर मचाने और पीछा करने पर पूरनपुर पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए घेराबंदी कर दी पुलिस की तेजी के चलते अलीगंज बाईपास चौराहे के पास दोनों बदमाशों को पकड़ लिया गया मामले में सुनगढ़ी थाना पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जगन्नाथ गंगवार निवासी ग्राम बेला डांडी थाना बरखेड़ा तथा ओमप्रकाश गंगवार निवासी ग्राम बड़हरा थाना दियोरिया कला के रूप में हुई है सुनगढ़ी थाना अध्यक्ष नरेश त्यागी ने बताया कि दोनों आरोपियों के पास से महिला के लूटे गए कुंडल बरामद कर लिए गए हैं पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया पीलीभीत पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई ने एक बार फिर साबित कर दिया कि अपराधियों के खिलाफ पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है आमजन ने पुलिस की तत्परता की सराहना करते हुए इसे सराहनीय कार्यवाही बताया है।

## कलीनगर में डीएम का सख्त संदेश, राजस्व मामलों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कलीनगर तहसील पहुंचे जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व वादों और कब्जा संबंधी शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया जाए उन्होंने कहा कि जनता को न्याय दिलाने में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी एसडीएम परमेंद्र कुमार की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादियों की शिकायतें सुनी गईं डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के विशेष अभियान के अंतर्गत लंबित राजस्व मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर उन्हें ऑनलाइन पोर्टल पर भी तत्काल अपडेट किया जाए उन्होंने कहा कि समाधान दिवस केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि आम जनता को त्वरित राहत दिलाने का माध्यम है इस दौरान अधिकारियों को शिकायतों की गुणवत्ता पूर्ण जांच कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए कार्यक्रम में सीओ डॉ. प्रतीक दहिया, सीएमओ डॉ. भुवन चंद्र पंत सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे हैं।

## पहले दिन भारत का दबदबा, राहुल-गिल के शतक

एजेंसी



न्यू चंडीगढ़। महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और अफगानिस्तान के बीच खेले जा रहे एकमात्र टेस्ट मैच के पहले दिन टीम इंडिया ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए स्टंप्स तक 85 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 368 रन बना लिए। कप्तान शुभमन गिल 103 और ऋषभ पंत 50 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए अहम साझेदारी कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को यशस्वी जायसवाल के रूप में पहला झटका लगा, लेकिन इसके बाद केएल राहुल और साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पारी को संभाल लिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 139 रन की बेहतरीन साझेदारी की और अफगान गेंदबाजों को लंबे समय तक सफलता से दूर रखा। राहुल ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा, जबकि सुदर्शन ने भी प्रभावित किया। अपने टेस्ट करियर की यादगार पारी खेल रहे साई सुदर्शन शतक के करीब पहुंचकर चूक गए। मोहम्मद सलीम सफी की गेंद पर ड्राइव खेलने के प्रयास में उनके बल्ले का बाहरी किनारा लगा और विकेटकीपर अफसर जजई ने शानदार कैच पकड़ लिया। सुदर्शन ने 81 रन की शानदार पारी खेली और भारत को मजबूत मंच प्रदान किया। राहुल के शतक के बाद कप्तान शुभमन गिल ने मोर्चा संभाला और अफगान गेंदबाजों पर दबाव बनाए रखा। गिल ने सिर्फ 138 गेंदों में अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया और पूरे दिन बेहद संयमित बल्लेबाजी की। दूसरी ओर ऋषभ पंत ने शुरुआत में संभलकर खेलते हुए बाद में तेजी दिखाई और 70 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 368/3 का मजबूत स्कोर खड़ा कर लिया था। शुभमन गिल 103* और ऋषभ पंत 50* रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। अफगानिस्तान की ओर से मोहम्मद सलीम सफी ने 2 विकेट हासिल किए, जबकि अन्य गेंदबाज भारतीय बल्लेबाजों पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके। दूसरे दिन भारत की नजर 500 रन के करीब पहुंचने और मैच पर पूरी तरह पकड़ बनाने पर होगी।

## सूर्यकुमार की जगह श्रेयस बने टी20 कप्तान, सूर्यवंशी को मौका

एजेंसी



मुंबई। भारतीय टी20 क्रिकेट में शनिवार को बदलाव की नई बयार देखने को मिली जब श्रेयस अय्यर को सूर्यकुमार यादव की जगह राष्ट्रीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया तो वहीं युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल कर लिया गया। महज 15 वर्ष और 71 दिन की उम्र में वैभव सूर्यवंशी राष्ट्रीय टीम में जगह पाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का वर्षों पुराना रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। भारतीय टीम 26 और 28 जून को आयरलैंड के खिलाफ दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलेगी। इसके बाद एक से 11 जुलाई तक इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेगी। श्रेयस अय्यर की राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी तीन दिसंबर 2023 के बाद पहली बार हुई है। उन्होंने अपना पिछला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच उसी दिन बेंगलुरु में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनकी शानदार कप्तानी और लगातार बेहतरीन प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को प्रभावित किया। अय्यर ने 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाया था, जबकि 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक पहुंचाया। बल्लेबाजी में भी दो लगातार सफल सत्रों ने उनके दावे को और मजबूत बनाया। यही कारण रहा कि चयन समिति ने टी20 विश्व कप 2026 विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव के उत्तराधिकारी के रूप में श्रेयस पर भरोसा जताया। मध्यक्रम के बल्लेबाज तिलक वर्मा को टीम का उपकप्तान बनाया गया है जबकि लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज प्रिंस यादव को भी आयरलैंड और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में जगह मिली है। वैभव सूर्यवंशी का चयन लगभग तय माना जा रहा था। इस युवा बल्लेबाज ने 2026 आईपीएल सत्र में 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप अपने नाम किया। इस दौरान उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक जड़े तथा 237.30 के विस्फोटक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी कर क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा।

आयरलैंड और इंग्लैंड टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, मोहम्मद सिराज, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव और वैभव सूर्यवंशी।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, ईशान किशन, शिवम दुबे, तिलक वर्मा (उपकप्तान), नितीश कुमार रेड्डी, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह और वैभव सूर्यवंशी।

## दुनिया की नंबर एक मुक्केबाजी मीनाक्षी और दीपक विश्व मुक्केबाजी कप में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे

एजेंसी



नयी दिल्ली। दुनिया की नंबर एक मुक्केबाज मीनाक्षी और अनुभवी दीपक चीन के गुइयांग में 15 से 21 जून तक होने वाले विश्व मुक्केबाजी कप 2026 (चरण दो ) में भारत की चुनौती की अगुवाई करेंगे। यह भारत की दूसरे दर्जे की टीम है जिसमें वे मुक्केबाज शामिल हैं जो राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के ट्रायल में उप विजेता रहे थे। भारत पिछले विश्व कप चक्र में शानदार प्रदर्शन के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रहा है। उस दौरान टीम ने अलग-अलग चरण में लगातार कई पदक जीते और फाइनल में भी अच्छा प्रदर्शन किया जिससे वैश्विक स्तर पर उसके बढ़ते रुतबे का पता चलता है। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने एक मजबूत टीम चुनी है जिसमें पुरुष और महिला दोनों वर्ग में अनुभवी और युवा प्रतिभा का अच्छा मिश्रण है। शीर्ष 10 रैंकिंग वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या के मामले में भारत अभी दुनिया में तीसरे स्थान पर है। इसमें महिला वर्ग में दूसरा और पुरुष वर्ग में चौथा स्थान शामिल है। शीर्ष तीन रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के मामले में भारत महिला वर्ग में दुनिया में सबसे आगे है जो एलीट स्तर पर उसके दबदबे को दिखाता है। यह टूर्नामेंट भारतीय मुक्केबाजों के लिए जरूरी रैंकिंग अंक हासिल करने और महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी सत्र में अपनी लय बनाए रखने का मौका है। टीम के बारे में बात करते हुए बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा, ''विश्व मुक्केबाजी कप हमारे खिलाड़ियों के लिए शीर्ष अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के बीच खुद को परखने का एक अहम मंच है। हमने जो प्रणाली और ढांचा बनाया है उनके अब लगातार अच्छे नतीजे आ रहे हैं और सभी वजन वर्ग में खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, ''हमें पहले से कहीं अधिक गहराई देखने को मिल रही है और यह निरंतरता भारत को दुनिया के प्रमुख मुक्केबाजी देशों में से एक के तौर पर स्थापित करने में मदद कर रही है। महिलाओं के वर्ग में मीनाक्षी (51 किग्रा) मजबूत क्रम की अगुवाई कर रही हैं जिसमें पूनम (54 किग्रा), प्राची (57 किग्रा) और माही लामा (60 किग्रा) भी शामिल हैं।

## प्रज्ञानानंदा ने रचा इतिहास, नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने

एजेंसी



ओस्लो। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा इतिहास रचते हुए अंतिम दौर में जर्मनी के विन्सेंट कीमर को हराकर प्रतिष्ठित नार्वे शतरंज का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। प्रज्ञानानंदा ने आखिरी दिन की शुरुआत 15 अंक के साथ तीसरे स्थान से की। उन्होंने सबसे अहम मौके पर बेहतरीन खेल दिखाया और क्लासिकल बाजी में जीत हासिल करके पूरे तीन अंक बटोरे। इस तरह वे 18 अंक पर पहुंचे और एलीट शतरंज की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफियों में से एक अपने नाम की। चेन्नई के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी ने वह उपलब्धि हासिल की जो 2013 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से भारतीय शतरंज के दिग्गज विश्वनाथन आनंद और मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश जैसे खिलाड़ी भी हासिल नहीं कर पाए थे। नार्वे शतरंज में दूसरी बार हिस्सा ले रहे प्रज्ञानानंदा की शुरुआत धीमी रही थी लेकिन टूर्नामेंट के दूसरे हाफ में उन्होंने रफ्तार पकड़ी और लगातार चार जीत हासिल की। प्रज्ञानानंदा के अभियान की सबसे खास बात यह रही कि उन्होंने नार्वे शतरंज के सात बार के चैंपियन और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को क्लासिकल बाजी में दो बार हराया। मौजूदा विश्व चैंपियन गुकेश के अंतिम चरण में खिताब की दौड़ से बाहर होने के बाद प्रज्ञानानंदा ने भारत की उम्मीदों को जीवंत रखा और आखिरकार खिताब अपने नाम किया। अमेरिकी ग्रैंडमास्टर वेस्ली सो आखिरी दौर से पहले 15.5 अंक के साथ सबसे आगे थे लेकिन अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ उनकी क्लासिकल बाजी ड्रॉ रही जिससे मुकाबला आर्मागेडन टाईब्रेक में चला गया। इस नतीजे ने प्रज्ञानानंदा के लिए रास्ता खोल दिया। उन्हें पता था कि कीमर के खिलाफ क्लासिकल बाजी में जीत उन्हें अंक तालिका में सबसे ऊपर पहुंचा देगी और यादगार खिताब दिला देगी। हालांकि वेस्ली सो ने टाईब्रेक जीत लिया लेकिन उस जीत से उन्हें सिर्फ डेढ़ अंक मिला जिससे उनके कुल अंक 17 रहे जबकि प्रज्ञानानंदा ने 18 अंक के साथ खिताब जीता। खिताब जीतने की उम्मीद के साथ आखिरी दौर में उतरे अलीरेजा 15.5 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहे। मैच के बाद प्रज्ञानानंदा ने बताया कि चेन्नई में अपनी मां से हुई बातचीत ने उनका हौसला बढ़ाया था। उन्होंने कहा, ''उन्होंने मेरे से कहा था कि जून का महीना मेरे लिए अच्छा रहेगा और उनकी यह भविष्यवाणी सच साबित हुई। प्रज्ञानंदा ने कहा, ''मैं एक जून को अलीरेजा के खिलाफ मुकाबले से पहले अपनी मां से बात कर रहा था और वह मुझे कह रही थी, 'यह नया महीना है, तुम अच्छा खेलोगे।' यह वैसी ही बात है जो मां हमेशा कहती हैं और फिर मैंने ये चार बाजी जीतीं। मुझे लगता है कि उन्हें कुछ पता था। इसके बाद प्रज्ञानानंदा ने लगातार चार जीत हासिल कीं। यहां तक कि कार्लसन ने भी प्रज्ञानानंदा की जमकर तारीफ की और पूरे टूर्नामेंट में इस युवा भारतीय खिलाड़ी के प्रदर्शन को 'शानदार' बताया।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला अंडर-18 एशिया कप 2026: भारत ने कोरिया को 3-0 से हराकर जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** भारतीय अंडर-18 महिला हॉकी टीम ने शनिवार को जापान के काकामिगाहारा में खेले गए महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 के कांस्य पदक मुकाबले में कोरिया को 3-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की और टूर्नामेंट का समापन कांस्य पदक के साथ किया। भारत की ओर से संदीपा कुमारी (2वां मिनट), कप्तान स्वीटी कुजूर (16वां मिनट) और नौशीन नाज़ (33वां मिनट) ने गोल दागे। पूरे मुकाबले में भारतीय टीम ने आक्रामक खेल और मजबूत रक्षापंक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। सेमीफाइनल में चीन के खिलाफ शूटआउट में मिली करीबी हार के बाद भारतीय टीम ने कांस्य पदक मुकाबले में दमदार वापसी की। मैच शुरू होने के मात्र दो मिनट के भीतर संदीपा कुमारी ने बेहतरीन गोल कर भारत को बढ़त दिला दी। पहले गोल के बाद भारतीय टीम लगातार आक्रमण करती रही और गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा। इसका फायदा 16वें मिनट में मिला जब कप्तान स्वीटी कुजूर ने फील्ड गोल कर भारत की बढ़त 2-0 कर दी। दूसरे हाफ में भी भारत ने अपना दबदबा बनाए रखा। 33वें मिनट में टूर्नामेंट की शीर्ष गोल स्कोरर नौशीन नाज़ ने शानदार फील्ड गोल कर बढ़त को 3-0 तक पहुंचा दिया। इस गोल के साथ नौशीन ने पूरे टूर्नामेंट में अपने गोलों की संख्या 12 कर ली और शीर्ष स्कोरर के रूप में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली। रक्षापंक्ति में भी भारतीय टीम ने अनुशासित प्रदर्शन किया और कोरिया को कोई स्पष्ट मौका नहीं दिया। भारतीय खिलाड़ियों ने क्लीन शीट बनाए रखते हुए मुकाबला आसानी से अपने नाम कर लिया। शानदार प्रदर्शन और शुरुआती गोल करने वाली संदीपा कुमारी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। महिला अंडर-18 एशिया कप 2026 में भारतीय टीम ने कुल 36 गोल दागते हुए अपनी आक्रामक क्षमता, मजबूत रक्षा और भविष्य की संभावनाओं की शानदार झलक दिखाई।

### विराट कोहली अफगानिस्तान वनडे सीरीज से बाहर यशस्वी जायसवाल को मिला मौका

**मुंबई।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली आगामी तीन मैचों की अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2026) में को खिताब दिलाने वाले अभियान के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग में चोट लगी थी। उनकी जगह टीम में यशस्वी जायसवाल को शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने जानकारी दी है कि भारत बनाम अफगानिस्तान वनडे सीरीज के लिए चोटिल विराट कोहली की जगह यशस्वी जायसवाल को टीम में शामिल किया गया है। अफगानिस्तान के खिलाफ यह वनडे सीरीज तीन मैचों की होगी और इसकी शुरुआत 13 जून से होगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट मैच खेला जाएगा। विराट कोहली अब भारत के लिए केवल वनडे क्रिकेट खेलते हैं। वे पहले ही टी20 अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। उनका पिछला वनडे मैच जनवरी में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में था। आईपीएल 2026 में कोहली शानदार फॉर्म में रहे। उन्होंने 16 पारियों में 675 रन बनाए, औसत 56.25 और स्ट्राइक रेट 165.84 रही। इस दौरान उन्होंने 1 शतक और 5 अर्धशतक लगाए तथा उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर नाबाद 105 रन रहा। वहीं, यशस्वी जायसवाल ने फरवरी 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे पदार्पण किया था। अब तक 4 वनडे मैच खेले हैं। दिसंबर 2025 में विशाखापत्तनम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने नाबाद 116 रन बनाकर अपना पहला वनडे शतक लगाया था।

### एसबीआई म्यूचुअल फंड ने अदाणी समूह की दो कंपनियों में हिस्सेदारी 5,747 करोड़ रुपये में खरीदी

**नयी दिल्ली।** एसबीआई म्यूचुअल फंड ने खुले बाजार में हुए लेनदेन के जरिए अदाणी एंटरप्राइजेज और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में कुल 5,747.55 करोड़ रुपये की हिस्सेदारी खरीदी है। यह हिस्सेदारी अमेरिकी निवेश फर्म जीक्यूजी पार्टनर्स से खरीदी गई। एनएसई पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, एसबीआई म्यूचुअल फंड ने अदाणी एंटरप्राइजेज के 1,64,39,984 शेयर खरीदे, जो कंपनी की लगभग 1.3 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर हैं। इसके अलावा, फंड ने अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के 63,65,796 शेयर भी खरीदे, जो कंपनी की करीब 0.52 प्रतिशत हिस्सेदारी का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## पश्चिम एशिया संकट, महंगाई से चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि पर दबावः विशेषज्ञ

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025-26 में भले ही उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है लेकिन अर्थशास्त्रियों ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष, ऊंची ऊर्ज़ा कीमतों और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर धीमी पड़ने को लेकर आगाह किया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-मार्च तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के आठ प्रतिशत से मामूली कम है। हालांकि पूरे वित्त वर्ष की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही, जो दूसरे अग्रिम अनुमान 7.6 प्रतिशत से अधिक है। इन आंकड़ों पर अर्थशास्त्रियों का कहना है कि मजबूत घरेलू मांग, निजी खपत और निवेश गतिविधियों में तेजी के कारण घरेलू अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया में मार्च के दौरान तेज हुए संघर्ष के शुरुआती असर को झेलने में सक्षम रही। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के मुख्य अर्थशास्त्री धर्मकीर्ति जोशी ने कहा कि प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद मार्च तिमाही की वृद्धि पिछली 10 तिमाहियों के औसत से काफी ऊपर रही। वहीं, डेलॉयट इंडिया की अर्थशास्त्री रुमकी मजूमदार ने कहा कि वृद्धि व्यापक आधार पर रही और इसमें मांग एवं उत्पादन दोनों का योगदान रहा। सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) की वृद्धि दर 7.9 प्रतिशत रही, जो जीडीपी वृद्धि से अधिक है। यह संकेत देता है कि सेवा, विनिर्माण और निर्माण क्षेत्रों में मजबूती बनी रही। हालांकि, विश्लेषकों का मानना है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि दर में गिरावट की आशंका है और यह घटकर 6.5-6.6 प्रतिशत के आसपास रह सकती है। इसका कारण कच्चे तेल और अन्य जिंसों की बढ़ती कीमतें, वैश्विक वृद्धि में सुस्ती, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं और सामान्य से कम मानसून की आशंका है। क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष के लिए 6.6 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान बरकरार रखा है, जबकि एचडीएफसी बैंक ने 6.5 प्रतिशत का अनुमान जताया है। दोनों संस्थानों ने इस बात को लेकर आगाह किया है कि बढ़ती लागत, कमजोर निर्यात, ऊंची महंगाई और निवेश गतिविधियों में संभावित कमी आर्थिक गति को प्रभावित कर सकती है। डीबीएस बैंक ने कहा कि अर्थव्यवस्था का नए वित्त वर्ष में प्रवेश अपेक्षाकृत मजबूत स्थिति में हुआ है, लेकिन पश्चिम एशिया संघर्ष का पूरा असर अभी आंकड़ों में नजर आना बाकी है। बैंक ने ऊर्ज़ा और खाद्य कीमतों में वृद्धि तथा वित्तीय परिस्थितियों के सख्त होने को जोखिम बताया। मजूमदार ने कहा कि सरकार के अग्रिम पूंजीगत व्यय कार्यक्रम और स्थिर ईंधन कीमतों जैसी नीतियों ने संकट के प्रभाव को सीमित रखने में मदद की है। उन्होंने उम्मीद जताई कि घरेलू मांग और नीतिगत समर्थन के चलते भारत बाहरी झटकों को कुछ हद तक झेल सकेगा।

## लोकल से ग्लोबल बना सिमडेगा का आम्रपाली आम, पहली व्यावसायिक खेप लंदन रवाना

एजेंसी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के बीच लोकल से ग्लोबल बना झारखंड के सिमडेगा जिले के अम्रपाली आम का लगभग 1322 किलोग्राम की पहली व्यावसायिक खेप ब्रिटेन के लिए 5 जून को रवाना की गई। सिमडेगा को यह उपलब्धि कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के सहयोग से हासिल हुई है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को एक्स पर जारी एक पोस्ट में कहा कि लोकल से ग्लोबल का सशक्त उदाहरण...झारखंड के सिमडेगा जिले की महिला किसान उत्पादक कंपनी द्वारा उगाए गए आम्रपाली आम यूनाइटेड किंगडम पहुंचने वाले हैं। गोयल ने कहा कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के निरंतर प्रयासों से किसानों को बेहतर मूल्य, महिलाओं को नई पहचान और भारत के कृषि निर्यात को नई गति मिल रही है। उच्च गुणवत्ता वाले आम को 42 रुपये प्रतिकिलो ग्राम की दर से स्थानीय किसानों से खरीदा गया है। आम्रपाली आम के निर्यात की मुख्य बातें:- कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण ने कहा कि यह आम झारखंड के सिमडेगा जिले में महिला कृषक उत्पादक समूहों (एफपीओ) द्वारा 'बिरसा हरित ग्राम योजना' के तहत उगाए जाते हैं। इन उच्च गुणवत्ता वाले आमों को 42 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से स्थानीय किसानों से खरीदा गया है, जो स्थानीय बाजार भाव की तुलना में बेहतर मूल्य है। इस खेप में 1322 किलोग्राम उच्च गुणवत्ता वाले आम्रपाली आम शामिल हैं। यह खेप कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के माध्यम से यूनाइटेड किंगडम भेजी गई। आम्रपाली अपने समृद्ध स्वाद, गहरे नारंगी गूदे और बेहतरीन मिठास के लिए दुनिया भर में एक लोकप्रिय संकर आम है।

## सरगुजा खनन क्षेत्र में हरियाली लाने की पहल, 16 लाख पेड़-पौधे लगाए गए

एजेंसी

नयी दिल्ली। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में पारसा ईस्ट एवं कंाता बसन (पीईकेबी) कोयला खदान क्षेत्र में खनन से प्रभावित इलाके में नए सिरे से वन विकसित किया जा रहा है। इसके तहत 568 हेक्टेयर क्षेत्र में 16 लाख से अधिक पेड़ एवं पौधे लगाए गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि यह प्रयास खनन गतिविधियों से प्रभावित भूमि को फिर से हरित क्षेत्र में बदलने की दिशा में किया गया है। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड इस खदान का संचालन राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरवीयूएनएल) के लिए कर रही है। खनन के दौरान हटाए गए प्रत्येक पेड़ के बदले 40 पौधे लगाए गए हैं। इन पौधों में साल, महुआ, तेंदू, अमलतास और सिधा जैसी स्थानीय प्रजातियां शामिल हैं। लगाए गए पौधों की जीवित रहने की दर लगभग 88 प्रतिशत बताई गई है। इस पहल का उद्देश्य दशक के अंत तक हरित आवरण को 40 लाख से अधिक पेड़ों तक बढ़ाना है, ताकि खनन से प्रभावित भूमि का पुनर्स्थापन किया जा सके और क्षेत्र में जैव विविधता को बढ़ावा दिया जा सके। कोयला मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इस पहल का उल्लेख करते हुए खनन के बाद भूमि के पुनर्विकास को एक उदाहरण के रूप में पेश किया है। परियोजना के तहत क्षेत्र में अदाणी एंटरप्राइजेज ने 3.5 हेक्टेयर की एक नर्सरी भी विकसित की है, जहां लगभग पांच लाख पौधे तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा सरगुजा, कोरिया, बलरामपुर और सूरजपुर वन मंडलों में 4,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में काटे गए पेड़ों के बदले नए पौधे लगाए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि पर्यावरणीय और वन संबंधी अनिवार्यताओं के तहत संबंधित मदों में कंपनी द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के पास 259 करोड़ रुपये से अधिक जमा कराए गए हैं।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी सोना और चांदी की घटी कीमत

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई। चेन्नई को छोड़कर देश के अधिकांश प्रमुख शहरों में सोने के भाव 350 से 380 रुपये प्रति 10 ग्राम तक कम हुए हैं, जबकि चेन्नई में सोने की कीमत में 300 से 310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमी दर्ज की गई। हालांकि गिरावट के बावजूद चेन्नई देश का सबसे महंगा सोना बाजार बना हुआ है। वहीं चांदी की कीमत में भी बड़ी नरमी देखने को मिली और इसका भाव 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक घट गया। कीमतों में आई इस कमी के बाद देश के सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,55,720 रुपये से 1,57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच कारोबार कर रहा है। इसी प्रकार 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,740 रुपये से 1,44,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बनी हुई है। चांदी की बात करें तो दिल्ली सर्राफा बाजार में इसका भाव घटकर 2,74,900 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,55,870 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,42,890 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,55,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,740 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा है। वहीं अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने का भाव 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। दक्षिण भारत के प्रमुख बाजार चेन्नई में 24 कैरेट सोना 1,57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,44,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है, जो देश में सबसे अधिक कीमत है। वहीं कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,55,720 रुपये प्रति 10 ग्राम तथा 22 कैरेट सोना 1,42,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में 24 कैरेट सोना 1,55,770 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,42,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर उपलब्ध है। राजस्थान की राजधानी जयपुर में 24 कैरेट सोने का भाव 1,55,870 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने का भाव 1,42,890 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज किया गया है।

# सीजेपी ने किशोरों को किया आकर्षित, 'जीवन के पहले प्रदर्शन' में पहुंचे युवा

एजेंसी

नयी दिल्ली। सोशल मीडिया के जरिये सामने आयी कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) की ओर से नीट-पेपर लीक को लेकर शनिवार को जंतर-मंतर पर आयोजित प्रदर्शन में सैकड़ों की तादाद में लोग इकट्ठा हुए। हाथ में पोस्टर-पर्चे लिये कुछ लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफ़े की मांग की, तो कुछ ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को खत्म करने की मांग की।

जंतर-मंतर दिल्ली में विरोध-प्रदर्शनों का केंद्र है। सरकार की नीतियों के प्रति अपनी नाराज़गी व्यक्त करने के लिए हर शख्स एवं समूह इसकी ओर रुख करता है, हालांकि सीजेपी का यह प्रदर्शन खास था। यहां सिर्फ समाज के वरिष्ठ प्रतिभागी ही नहीं, बल्कि किशोर, यहां तक की स्कूली बच्चे भी मौजूद रहे। ऐसे ही एक छात्र समर्थ अपने जीवन के पहले विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लेने जंतर-मंतर पहुंचे। बारहवीं कक्षा में पढ़ने वाले समर्थ की उम्र सिर्फ 17 वर्ष है लेकिन जब उसे यह पता चला कि यह विरोध प्रदर्शन शिक्षा के मुद्दे पर आयोजित हो रहा है तो उसने अपनी मां से ज़िद की कि वह जंतर-मंतर जाना चाहते हैं। उसकी यह ज़िद मान ली गयी। समर्थन ने इस प्रदर्शन में शामिल होने के अनुभव पर यूनीवार्ता से कहा, ''यह मेरे जीवन का पहला विरोध प्रदर्शन है। सालों से बहुत से ऐसे मुद्दे हैं जिनसे गुस्सा आता है। सीजेपी ने हमें एक मंच दिया जहां हम शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज़ उठा सकते हैं। हमारी यही मांग है कि हमारा भविष्य सुरक्षित रहे और व्यवस्था साफ हो जिसमें हम ठीक तरह परीक्षा दे सकें और आगे चलकर जीवन में कुछ बन सकें। कम से कम परीक्षाएं तो ठीक से हों। समर्थ ने अभी 12वीं कक्षा में प्रवेश किया है और आने वाले साल में वह बोर्ड परीक्षा देंगे। यही वजह है कि वह हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के परीक्षा परिणाम में हुई ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) संबंधी अव्यवस्था को लेकर भी चिंतित हैं। उन्होंने कहा, ''अगर मैं सोचूं कि इस साल मैंने बोर्ड परीक्षा नहीं दी तो मेरे लिए चिंता का विषय नहीं है, तो यह गलत होगा। आने वाले साल में मुझे भी परीक्षा देनी है। सीबीएसई एक बड़ा बोर्ड है और देशभर के बच्चे इस परीक्षा में हिस्सा लेते हैं। ओएसएम व्यवस्था इसलिए लायी गयी थी कि चेकिंग पारदर्शी हो। अगर यही प्रणाली ठीक से काम नहीं करेगी तो छात्रों का आक्रोशित होना लाजमी है। दूसरी ओर, हंसराज कॉलेज में पढ़ने वाले 19 वर्षीय निखिल गुप्ता भी एक नयी पहल को अनुभव करने के लिए जंतर-मंतर पहुंचे। वह अक्सर विरोध प्रदर्शनों में शामिल नहीं होते, लेकिन युवाओं और विद्यार्थियों से संबंधित मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन हुआ तो जंतर-मंतर चले आए। उन्होंने कहा, ''यह (पेपर लीक) चिंता का विषय है। सीबीएसई-नीट की परीक्षाएं ठीक से न होना देश के युवाओं को प्रभावित करता है। निखिल ने धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा तलब करने वाली सीजेपी की मांग का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वह सीजेपी का घोषणा-पत्र पढ़ चुके हैं और पार्टी की मांगों से इत्तफाक भी रखते हैं। राष्ट्रीय राजधानी की चिलचिलाती गर्मी और धूप में 13 वर्षीय अपरस कौर भी शिक्षा व्यवस्था की खामियों के खिलाफ अपना आक्रोश व्यक्त करने जंतर-मंतर पहुंचीं। नौंवी कक्षा में पढ़ने वाली अपरस के हाथ में एक बैनर था, जिस पर काले वॉटर कलर से लिखा था, 'बच्चे कोई प्रयोग नहीं हैं। उन्होंने अपनी नाराजगी को शब्दों में पिरोते हुए कहा, ''मैं प्रदर्शन में आयी हूं क्योंकि हमारे साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ मेरे मन में आक्रोश है। शिक्षा मंत्री को इस्तीफा देना चाहिए। अगर वह इस्तीफा नहीं दे सकते तो व्यवस्था सुधारने की जिम्मेदारी लें। मैं बड़ी होकर एक डिजाइनर-इलस्ट्रेटर बनना चाहती हूं। वहां तक पहुंचने के लिए मुझे कई पड़ाव पार करने होंगे। अगर एक आम नागरिक की इतनी जिम्मेदारी तय की जा सकती है तो मंत्रियों की क्यों नहीं। अपरस बताती हैं कि जब उन्हें पता चला कि उनके माता-पिता विरोध प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे हैं, तो उन्होंने भी साथ जाने की इच्छा जाहिर की। अपने जीवन के पहले विरोध प्रदर्शन में अपरस ने अनुभव किया कि एक लोकतंत्र का नागरिक होना कैसा है। उन्होंने कहा, ''मुझे अच्छा लग रहा है कि मैं अपनी आवाज़ उठा पा रही हूं। अपनी अभिव्यक्ति की आज़ादी का इस्तेमाल कर रही हूं।



## आज भारत उसी मार्ग पर आगे बढ़ रहा हैं जिसकी आजादी के बाद आवश्यकता थी: शेखावत

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत उसी मार्ग पर आगे बढ़ रहा है जिसकी आजादी के बाद आवश्यकता थी और पिछले 12 साल के कालखंड में देश अविश्वास के माहौल से बाहर निकलकर आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा में आगे बढ़ा है। श्री शेखावत ने शनिवार को जोधपुर हवाई अड्डे पर मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने पूर्ववर्ती कंाग्रेस सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में लोकतंत्र और व्यवस्था के प्रति लोगों के मन में अविश्वास का माहौल पैदा हो गया था, क्योंकि निरंतर भ्रष्टाचार और बड़े- बड़े घोटाले हो रहे थे। कूटनीतिक विफलताओं ने हालात और खराब कर दिये थे, जिससे देश लगातार आर्थिक मोर्चे पर विफल हो रहा था। आलम यह था कि देश गिरती अर्थव्यवस्था वाले देशों की श्रेणी में शुमार हो गया था। वर्ष 2014 के बाद वहां से निकलकर हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

# कांग्रेस का दलित-अल्पसंख्यक अधिकारों के लिए 20 को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने अनुसूचित जाति, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई व्यापक स्तर पर लड़ने का फैसला करते हुए कहा है कि इसके तहत 20 जुलाई को यहां जंतर-मंतर पर विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। कंाग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी ने शनिवार को दोनों विभागों के कार्यकर्ताओं की यहां दिनभर चली बैठक के बाद संयुक्त सम्मेलन में कहा कि देश में दलितों, आदिवासियों, अल्पसंख्यकों और अतिपिछड़े वर्गों के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है और उनके उत्पीड़न की घटनाएं तेजी से सामने आ रही हैं जिन्हें देखते हुए दोनों विभाग मिलकर देशव्यापी अभियान चलाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के विकास के लिए केंद्र और राज्यों में विभिन्न वित्त एवं विकास निगम बनाए गए हैं, लेकिन उन्हें पर्याप्त बजट नहीं मिलता, ऋण योजनाओं की शर्तें बहुत कठिन हैं जिसके कारण जरूरतमंद गरीब और मजदूर वर्ग उनका लाभ नहीं उठा पाते हैं। उनका कहना था कि इस अभियान को केवल राष्ट्रीय स्तर तक सीमित नहीं रखा जाएगा, बल्कि राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर भी अधिवेशन आयोजित किए जाएंगे। आगामी कार्यक्रमों में आदिवासी विभाग को भी जोड़ा जाएगा तथा बाद में अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीब तबकों को भी इस मुहिम में शामिल किया जाएगा। कंाग्रेस नेताओं ने कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए कई छात्रवृत्ति योजनाओं में वार्षिक आय सीमा 2.5 लाख रुपये निर्धारित है, जबकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए यह सीमा 8 लाख रुपये है।

# सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कंाग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए।

श्री नड्डा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि तथ्यों की अनदेखी कर चुनिंदा आंकड़ों का इस्तेमाल राजनीति के लिए किया जा सकता है लेकिन राष्ट्रहित तथ्यों पर आधारित होता है। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर 'अधूरी जानकारी' खतरनाक साबित हो सकती है। देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों को राजनीतिक बयानबाजी के बजाय तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था में हुए उल्लेखनीय सुधार को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 (2005-06) की तुलना में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, गर्भावस्था की पहली तिमाही में प्रसवपूर्व पंजीकरण का प्रतिशत 43.9 प्रतिशत से बढ़कर 76.2 प्रतिशत हो गया है। वहीं संस्थागत प्रसव 38.7 प्रतिशत से बढ़कर 90.6 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में होने वाले प्रसवों का प्रतिशत 46.6 प्रतिशत से बढ़कर 91.3 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि करोड़ों महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित होने और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों का प्रमाण हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की स्वास्थ्य यात्रा की वास्तविक कहानी निराशा नहीं, बल्कि निरंतर प्रगति और सुधार की कहानी है।

उल्लेखनीय है कि श्री खरगे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर स्वास्थ्य और पोषण के मुद्दों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार न केवल महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ विश्वासघात कर रही है, बल्कि अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ों को भी दबा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत के एक-तिहाई बच्चे कम वजन की समस्या से जूझ रहे हैं। इसके अलावा 6 से 23 महीने की आयु के 84 प्रतिशत से अधिक बच्चों को पर्याप्त पोषण नहीं मिल रहा है।

# अन्नाद्रमुक के चार पूर्व मंत्रियों और कई पूर्व विधायकों ने छोड़ी पार्टी, विजय की टीवीके में हुए शामिल

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु में चुनावों में अपने इतिहास में पहली बार तीसरे स्थान पर खिसकने और लगातार चुनावी हार का सामना करने के बाद, तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक में टूट का सिलसिला जारी है। शनिवार को पार्टी के चार लोकप्रिय पूर्व मंत्रियों और कई पूर्व विधायकों ने अन्नाद्रमुक का साथ छोड़कर मुख्यमंत्री विजय की सत्ताधारी पार्टी टीवीके (तमिलगा वेत्री कषगम) का दामन थाम लिया। टीवीके में शामिल होने वाले प्रमुख नेताओं में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता उडुमलाई के. राधाकृष्णन, एम.सी. संपत, कड़म्बूर सी. राजू और एन.आर. शिवपति शामिल हैं। इनमें से राधाकृष्णन, संपत और राजू ने क्रमशः उडुमलपेट, कुड्डालोर और कोविलपट्टी सीटों से हालिया विधानसभा चुनाव लड़ा था, लेकिन वे जीत नहीं पाए थे। इन सभी नेताओं ने पूर्वी तट मार्ग (ईसीआर) पर स्थित पनायुर उपनगर में टीवीके के मुख्य कार्यालय का दौरा किया। वहाँ उन्होंने टीवीके के महासचिव आनंद और चुनाव अभियान प्रबंधन महासचिव आधाव अर्जुना से मुलाकात की और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इसके अलावा अन्नाद्रमुक के कई पूर्व विधायक भी टीवीके में शामिल हुए हैं, जिनमें सुंदरराज, राजमुथु, मनराज, राजावर्मन पन्नीरसेल्वम, एम. मुरुगन और एन. शिव शामिल हैं।

वरिष्ठ नेताओं का पार्टी छोड़ना अन्नाद्रमुक के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा है। पार्टी को लगातार मिल रही हार और विजय के बढ़ते राजनीतिक प्रभाव को रोकने के लिए अपनी धुर विरोधी पार्टी द्रमुक के सहयोग से सरकार बनाने की कथित कोशिशों के कारण वरिष्ठ नेता नेतृत्व से नाराज चल रहे थे। अन्नाद्रमुक के इतने बड़े चेहरों का टीवीके में शामिल होना मुख्यमंत्री विजय की पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने और पूरे तमिलनाडु में अपना विस्तार करने में काफी मददगार साबित होगा।

# पंचायती राज मंत्रालय सोमवार को जारी करेगा डेटासेट पर गठित समिति की रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय पंचायती राज मंत्रालय आठ जून को नयी दिल्ली में आयोजित एक समारोह में राज्य वित्त आयोगों की डेटासेट पर गठित समिति की रिपोर्ट सोमवार को जारी करेगा।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. वी. अनंत नागेश्वरन, पंचायती राज मंत्रालय के सचिव विवेक भारद्वाज और राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के एसोसिएट प्रो़फेसर डॉ. मनीष गुप्ता के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों और अनुसंधान संस्थानों एवं नीति निकायों के विशेष प्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह रिपोर्ट जारी करेंगे। रिपोर्ट जारी होने के बाद, मुख्य आर्थिक सलाहकार डेटा-आधारित नीति निर्माण और प्रमाण-आधारित राजकोषीय शासन को सशक्त स्थानीय स्वशासन और समावेशी विकास के लिए आवश्यक आधार बताते हुए मुख्य वक्तव्य देंगे। इस रिपोर्ट का प्रकाशन देश में राजकोषीय विकेंद्रीकरण के लिए प्रमाण आधार को मजबूत करने की दिशा में सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। संविधान के अनुच्छेद 243-आई के तहत गठित राज्य वित्त आयोग, पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करने और स्थानीय सरकारों को वित्तीय संसाधनों के हस्तांतरण को नियंत्रित करने वाले सिद्धांतों की अनुशंसा करने के लिए अनिवार्य प्रमुख संवैधानिक निकाय हैं। इन आयोगों को इस संवैधानिक दायित्व को अपेक्षित सावधानी और विश्वसनीयता के साथ निभाने के लिए स्थानीय सरकार के वित्त, जनसांख्यिकी, अवसंरचना, सेवा वितरण और परिसंपत्ति प्रबंधन पर विश्वसनीय, समयबद्ध और विखंडित आंकड़ों की आवश्यकता होती है। मंत्रालय ने सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष के नेतृत्व में नवंबर 2024 में विकास के लिए हस्तांतरण पर एक सम्मेलन का आयोजन किया था। वित्त आयोगों ने इस सम्मेलन में विभिन्न विभागों और एजेंसियों में व्यापक डेटासेट तक पहुंच की कठिनाई को राज्य वित्त आयोगों की अनुशंसाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता को प्रभावित करने वाली एक महत्वपूर्ण कमी बताया था। इसके समाधान के लिए मंत्रालय ने राज्य वित्त आयोगों के लिए डेटासेट समिति का गठन किया। यह रिपोर्ट राज्य वित्त आयोगों के आवश्यक महत्वपूर्ण डेटासेटों का एक योजनाबद्ध और व्यापक ढांचा प्रस्तुत करती है और स्थानीय स्तर पर राजकोषीय विश्लेषण में सहायक डेटा व्यवस्था में डेटा की उपलब्धता, मानकीकरण, अंतरसंचालनीयता और संस्थागत क्षमता में सुधार के लिए व्यावहारिक अनुशंसाएं करती है।

## सीबीएसई में अनियमिताएं धर्मेंद्र प्रधान की अक्षमता का प्रमाण: कंाग्रेस

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधते हुए कहा है कि सीबीएसई की परीक्षा, ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं से साबित हो गया है कि श्री प्रधान सक्षम नहीं है और उनकी अक्षमता सबके सामने अब उजागर हो गयी है। कंाग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि शिक्षा मंत्रालय से जुड़े मामलों की परतें लगातार खुल रही हैं। सीबीएसई के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल के लिए चयनित कंपनी सीओईएमपीटी ने साइबर सुरक्षा संबंधी जिन प्रमाणपत्रों को निविदा प्रक्रिया में प्रस्तुत किया था, उनमें गंभीर खामियां थीं। उनका कहना था कि एक प्रमाणपत्र किसी अन्य ग्राहक से संबंधित था और उसकी वैधता समाप्त हो चुकी थी, जबकि दूसरा केवल अस्थायी एप्लिकेशन के ऑडिट पर आधारित था। कंाग्रेस नेता ने कहा कि इन तथ्यों के बावजूद सीबीएसई ने कंपनी को ऊंची दरों पर ठेका प्रदान किया। पार्टी का कहना है कि फरवरी 2025 में कुछ एथिकल हैकर्स ने पोर्टल की साइबर सुरक्षा में गंभीर कमियों की ओर ध्यान दिलाया था, लेकिन सीबीएसई ने लंबे समय तक इन तथ्यों को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि बाद में सीबीएसई को पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए सीओईएमपीटी के प्लेटफॉर्म का उपयोग बंद कर अपना अलग पोर्टल विकसित करना पड़ा। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा संचालन, ओएसएम प्रणाली और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में अधिक जवाबदेही दिखाई होती तो लाखों छात्रों और उनके परिवारों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

# सामाजिक जागरण के प्रतीक थे बिरसा मुंडा: विजेंद्र

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा है कि बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे, बल्कि स्वाभिमान, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक जागरण के प्रतीक थे।

श्री गुप्ता ने शनिवार को यहां इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में 'भगवान श्री बिरसा मुंडा, जनजातीय भारत में सांस्कृतिक पुनर्जागरण एवं संग्रहालयों में उनका प्रतिनिधित्व' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में कहा, ञ्च भगवान श्री बिरसा मुंडा भारत के इतिहास में एक विशिष्ट एवं प्रेरणादायी स्थान रखते हैं। 'धरती आबा' के रूप में पूजनीय बिरसा मुंडा केवल एक स्वतंत्रता सेनानी नहीं थे, बल्कि स्वाभिमान, सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक जागरण के प्रतीक थे।ञ्ज

उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा का आंदोलन केवल औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध संघर्ष नहीं था, बल्कि सांस्कृतिक पहचान, पारंपरिक संस्थाओं और स्वदेशी जीवन-पद्धति की रक्षा का एक सशक्त प्रयास भी था। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब जनजातीय समुदाय आर्थिक शोषण, सामाजिक विघटन और परंपराओं के क्षरण का सामना कर रहे थे, बिरसा मुंडा ने उनमें आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक चेतना का नया संचार किया। उनके अनुसार बिरसा मुंडा से जुड़ा सांस्कृतिक पुनर्जागरण जनजातीय समुदायों में उनके इतिहास, ज्ञान-परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति विश्वास को पुनर्स्थापित करने का प्रयास था, जिसने यह सिद्ध किया कि अधिकारों की रक्षा और संस्कृति का संरक्षण परस्पर गहराई से जुड़े हुए हैं।



भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत का उल्लेख करते हुए श्री गुप्ता ने कहा कि जनजातीय समुदायों के पास मौखिक साहित्य, लोक परंपराओं, संगीत, कला, पारिस्थितिक ज्ञान और पीढ़ियों से विकसित सामाजिक व्यवहारों की अद्भुत धरोहर है। उन्होंने कहा कि ये परंपराएं केवल अतीत की स्मृतियां नहीं हैं, बल्कि जीवंत सांस्कृतिक अभिव्यक्तियां हैं, जो आज भी भारत की सामाजिक संरचना को समृद्ध बना रही हैं।

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि जनजातीय समुदाय लंबे समय से वनों, जैव-विविधता और सतत जीवन-पद्धतियों के संरक्षक रहे हैं। ऐसे समय में, जब विश्व पर्यावरणीय चुनौतियों और तीव्र तकनीकी परिवर्तनों का सामना कर रहा है, उनके ज्ञान-तंत्र विशेष रूप से प्रासंगिक हो उठते हैं। उन्होंने कहा कि इन महत्वपूर्ण योगदानों के बावजूद दशकों तक अनेक जनजातीय इतिहासों और स्वतंत्रता संग्रामों को मुख्यधारा के विमर्श में पर्याप्त स्थान नहीं मिला। जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने, जनजातीय गौरव दिवस मनाने और जनजातीय धरोहर के दस्तावेजीकरण के प्रयासों का स्वागत करते हुए उन्होंने इन्हें भारत के इतिहास की अधिक समावेशी समझ विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। श्री गुप्ता ने कहा कि संग्रहालय केवल कलाकृतियों के भंडार नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक स्मृति के संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि संग्रहालय जिन कथाओं को प्रस्तुत करते हैं, वे यह निर्धारित करती हैं कि आने वाली पीढ़ियां अपने राष्ट्र, अपने इतिहास और स्वयं को किस प्रकार समझेंगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि संग्रहालयों में जनजातीय समुदायों का प्रतिनिधित्व केवल वस्तुओं के प्रदर्शन तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनके अनुभवों, आकांक्षाओं, ज्ञान-परंपराओं, सृजनात्मकता और राष्ट्रीय जीवन में योगदान को भी सार्थक रूप से प्रतिबिंबित करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आर्थिक प्रगति और तकनीकी उन्नति के साथ-साथ सांस्कृतिक आत्मविश्वास और ऐतिहासिक चेतना का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र अपनी सांस्कृतिक विरासत की उपेक्षा करता है, वह अपनी पहचान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा खोने का जोखिम उठाता है, जबकि जो समाज अपनी धरोहर का संरक्षण और सम्मान करता है, वह उससे शक्ति और प्रेरणा प्राप्त करता है।

# पेज एक का शेष

### विकास में बाधा डालने ...

इसके अलावा रमापुर में पशु चिकित्सालय और करनैलगंज आईटीआई में आधुनिक कार्यशाला का निर्माण भी कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य गोंडा को ''आधुनिक उत्तर प्रदेश के आधुनिक गोंडा'' के रूप में नई पहचान दिलाना है। कार्यक्रम में कैसरगंज सांसद करण भूषण सिंह, विधायक विनय कुमार द्विवेदी, अजय सिंह, बावन सिंह, प्रेम नारायण पांडेय, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह 'मंजू', जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र सहित अनेक जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रज्ञानंद ने...

कार्लसन की क्लासिकल जीत के साथ खत्म हुआ। नॉर्वेजियन स्टार ने लंबे संघर्ष के बाद जीत हासिल की और टूर्नामेंट का समापन जीत के साथ किया। 10वें राउंड के बाद, प्रज्ञानंद रमेशबाबू ने 18 अंकों के साथ नॉर्वे चेस 2026 का खिताब जीता। वेस्ली सो 17 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अलीरेज़ा फिरोज़ा 15.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में असाउबायेवा ने नॉर्वे शतरंज का खिताब जीता। बिबिसारा असाउबायेवा ने एक राउंड बाकी रहते ही नॉर्वे चेस विमेंस 2026 का खिताब पक्का कर लिया था, और ओस्लो में शानदार टूर्नामेंट के बाद आखिरी दिन शीर्ष पर उनकी जगह पक्की हो गई। आखिरी राउंड में तीन निर्णायक क्लासिकल गेम हुए, और नॉर्वे चेस विमेंस में आर्मागेडन से फैसला करने की जरूरत नहीं पड़ी। मौजूदा महिला वर्ल्ड चैंपियन जू वेनजुन ने सफ़ेद मोहरों के साथ असाउबायेवा को हराया, जिससे आखिरी राउंड में चैंपियन का बिना हारे क्लासिकल गेम खेलने का सिलसिला खत्म हो गया। झू जिनर ने हम्पी कोनेरू पर अहम क्लासिकल जीत के साथ अपना टूर्नामेंट खत्म किया। इस नतीजे से झू को दूसरा स्थान मिला, जो असाउबायेवा से सिर्फ आधे अंक पीछे रहीं। अन्ना मुज़िचुक ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए क्लासिकल शतरंज में दिव्या देशमुख को हराया और तीसरा स्थान हासिल किया। 10वें राउंड के बाद, बिबिसारा असौबायेवा ने 16.5 पॉइंट्स के साथ नॉर्वे चेस विमेन 2026 का खिताब जीता। झू जिनर 16 पॉइंट्स के साथ दूसरे स्थान पर रहीं, जबकि अन्ना मुज़िचुक 15 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

### यूपी डिफेंस इंडस्ट्रियल...

उतारने के प्रति गंभीरता दिखाएंगे। प्राधिकरण ने संकेत दिया है कि भविष्य में भी परियोजनाओं की नियमित समीक्षा जारी रहेगी और निर्धारित शर्तों का पालन न करने वाले आवंटियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे डिफेंस कॉरिडोर में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि रद्द किए गए आवंटनों में जुलाई 2021 में 100 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए 4.5 हेक्टेयर भूमि प्राप्त करने वाली जय साई अनु, जून 2021 में 20 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव के साथ 1.6 हेक्टेयर भूमि पाने वाली नवराज मेटल्स तथा जून 2021 में 4 करोड़ रुपये के निवेश के लिए 0.4 हेक्टेयर भूमि आवंटित पीबीएम इंसुलेशंस शामिल हैं।

### जंतर-मंतर पर जुटे...

समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में हो रही गड़बड़ियों से आज युवा परेशान हैं। इसलिए केन्द्र सरकार से वह मांग कर रहे हैं कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान अपने पद से इस्तीफा दें। दोपहर बाद गर्मी के चलते अभिजीत की तबियत बिगड़ी जिसके चलते उन्हें यहां से जाना पड़ा। वहीं शाम को पुलिस ने जंतर-मंतर का प्रदर्शन स्थल खाली करवा लिया। प्रदर्शन के दौरान जंतर-मंतर के आसपास, इंडिया गेट, केन्द्रीय मंत्रियों के निवास आदि जगहों पर पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त रहे। इसके साथ ही कुछ जगहों पर ट्रैफिक को भी डाइवर्ट किया गया ताकि लोगों को जाम का सामना न करना पड़े।

### अमेरिका-ईरान एक...

कुवैत में हवाई हमले के सायरन गूंज उठे। कुवैत की सेना ने कहा कि वह मिसाइलों और ड्रोनों के खतरों का सक्रियता से जवाब दे रही है। हालांकि किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन इस चेतावनी ने यह साफ कर दिया है कि जब भी अमेरिका-ईरान के बीच टकराव होता है, तो खाड़ी देश कितने जोखिम में आ जाते हैं। लेबनान के सरकारी मीडिया के अनुसार, शुक्रवार को वहां स्थिति और अधिक हिंसक हो गयी, जहां दक्षिण में हुए इजरायली हमलों में 20 से अधिक लोग मारे गये। दोनों सरकारों के बीच पहले से तय संघर्ष विराम समझौते के बावजूद ये हमले हुए, जिससे यह आशंका बढ़ गयी है कि लेबनान एक बार फिर इस व्यापक क्षेत्रीय युद्ध का एक बड़ा मोर्चा बन सकता है। इस हिंसा ने बेरूत और तेहरान के बीच सार्वजनिक रूप से एक दुर्लभ विवाद को भी जन्म दे दिया है। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सीएनएन से कहा कि ईरान, इजरायल-अमेरिका के साथ टकराव में लेबनान का इस्तेमाल सौदेबाजी के मोहरे के रूप में कर रहा है। उन्होंने कहा कि उनके देश के लोग बरसों के संघर्ष से टूट चुके हैं और अब और अधिक युद्ध नहीं चाहते। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने इस पर पलटवार करते हुए तर्क दिया कि अगर लेबनान सचमुच सौदेबाजी का मोहरा होता, तो अमेरिका से समझौता बहुत पहले ही हो चुका होता। उन्होंने इसका पूरा दोष इजरायल पर मढ़ा और लेबनान के नेताओं से अपने देश के असली दुश्मन को पहचानने का आग्रह किया। इस बीच ट्रंप प्रशासन ने परमाणु संबंधी चर्चाओं को आगे बढ़ाया। इसके तहत दूत स्टीव विटकॉफ और जेरेड कुशनर ने ईरान के साथ व्यापक बातचीत के हिस्से के रूप में हाल ही में टेनेसी की एक राष्ट्रीय प्रयोगशाला का दौरा किया। श्री ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान की स्थिति पर तेजी से काम कर रहे हैं, और उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि यह संघर्ष अब अपने तीसरे महीने में प्रवेश कर चुका है।

# 'मेरा भारत युवा सम्मेलन' विविध प्रतिभा व असीम क्षमता का सशक्त प्रतिबिंब बना : रेखा गुप्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को त्यागराज स्टेडियम में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत आयोजित 'विकसित भारत के लिए युवा - मेरा भारत युवा सम्मेलन' में शामिल हुईं। देशभर से आए 6,000 से अधिक युवाओं की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, युवा मामलों की सचिव डॉ. पल्लवी जैन गोविल सहित विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिष्ठित हस्तियां उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने युवा उद्यमियों, खिलाड़ियों, कलाकारों, कंटेंट क्रिएटर्स, यूपीएससी अभ्यर्थियों और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का यह मंच वास्तव में भारत की युवा शक्ति का उत्सव है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों के इतने प्रतिभाशाली युवा और प्रेरणास्रोत व्यक्तित्वों की उपस्थिति इस आयोजन को वास्तव में 'तारे जमीन पर' जैसा स्वरूप देती है। जब एक ही मंच पर युवा उद्यमी, खिलाड़ी, कलाकार, जनप्रतिनिधि, कंटेंट क्रिएटर्स और यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले युवा उपस्थित हों तो यह भारत की विविध प्रतिभा और असीम क्षमता का सशक्त प्रतिबिंब बन जाता है। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया को इस अभिनव पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि मेरा भारत युवा सम्मेलन युवाओं को सम्मानित करने के साथ-साथ उन्हें राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का कार्यक्रम इस बात का प्रमाण है कि भारत का युवा देश की जिम्मेदारी उठाने के लिए पूरी तरह तैयार है। दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा आबादी है, जो मेहनती, दूरदर्शी, रचनात्मक और साहसी है। खेल, उद्यमिता, कला, तकनीक, कंटेंट निर्माण, शिक्षा और प्रशासन जैसे हर क्षेत्र में भारतीय युवाओं ने नए मानदंड स्थापित किए हैं। किसी भी क्षेत्र में सफलता के पीछे अथक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण होता है। यही समर्पण भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में आगे बढ़ा रहा है।

# लुधियाना स्टेशन पर हादसा, नई दिल्ली-कटरा ट्रेन के स्लीपर कोच का शौचालय धमाके के साथ टूटा, सभी यात्री सुरक्षित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के लुधियाना में शनिवार सुबह रेलवे स्टेशन पर खड़ी कटरा स्पेशल ट्रेन में जोरदार धमाके साथ दो कोच को आपस में जोड़ने वाली कपलिंग टूट गई और जोरदार धमाके के साथ शौचालय दो हिस्सों में टूट गया। धमाके से रेलवे स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। हालांकि सभी सुरक्षित हैं।रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। न्यू दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा स्पेशल (04081) नाम की यह ट्रेन शनिवार सुबह ही नई दिल्ली से वैष्णो देवी के लिए रवाना हुई थी। गर्मी की छुट्टियों के चलते ट्रेन फुल चल रही थी। वैष्णो देवी स्पेशल ट्रेन सुबह ९ बजे लुधियाना रेलवे स्टेशन पर पहुंची। ट्रेन जैसे ही अगले स्टेशन के लिए चलने लगी तो ट्रेन की बोगी एस-टू के शौचालय में जोरदार धमाका हुआ। धमाके की आवाज सुनते ही यात्रियों में भगदड़ मच गई और स्टेशन पर अफरातफरी फैल गई। सूचना मिलते ही लुधियाना पुलिस, जीआरपी तथा आरपीएफ की टीमें मौके पर पहुंचीं। लुधियाना के एडीसीपी समीर वर्मा ने बताया कि हादसे में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गेयर बदलते समय जब ईंजन ने बोगियों को आगे की तरफ खींचा तो यह कलंप टूट गया। ट्रेन के एस-2 कोच के वॉशरूम वाले हिस्से में अचानक दरार आ गई थी। यह कोई ब्लास्ट या विस्फोट नहीं था। घटना में किसी यात्री को चोट नहीं आई और सभी यात्री सुरक्षित हैं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी तरह की अफवाह फैलाने से बचें। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे में फिरोजपुर डिविजन के डीआरएम संजीव कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि जब ट्रेन चलने लगी तो एस-2 बोगी का एन पैनल ब्रेक हो गया। ट्रेन में तैनात स्टाफ ने गाड़ी रुकवा दी। एहतियात के तौर पर सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। उसके बाद चेक किया गया। दिल्ली से विशेषज्ञों की टीम को बुलाया गया है जो इसकी जांच करेगी।

# संक्षिप्त समाचार

## सजा पूरी कर चुके सिखों की रिहाई के लिए एकजुटता से करें प्रयास: कुलदीप सिंह गडग़ज

**चंडीगढ़।** अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडग़ज ने ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं बरसी के अवसर पर सिख कौम के नाम जारी संदेश में कहा है कि पंथ हमेशा से चढ़दीकला में था और चढ़दीकला में रहेगा। ऑपरेशन ब्लू स्टार की बरसी के अवसर पर दरबार साहिब स्थित अकाल तख्त साहिब में तीन दिन से चल रहे अखंड पाठ के भोग शनिवार की सुबह डाले गए। ऑपरेशन ब्लू स्टार से संबंधित कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए भारी संख्या में सिख श्रद्धालु, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि आज सुबह से ही यहां पहुंचे हुए थे। अरदास के बाद अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गडग़ज ने कहा कि सिख अच्छा खाएं, अच्छा पहने लेकिन अगर उनका सम्मान नहीं तो वह हराम के बराबर है। उन्होंने कहा कि 6 जून 1984 को हुए घल्लूघारा के दौरान हमलावर हमारे देश के ही थे। सिख योद्धाओं ने उनका डटकर मुकाबला किया और शहादत दी। अकाल तख्त जत्थेदार ने हिमाचल में हो रही घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि पंजाब में समूचे देश के विभिन्न राज्यों के लिए स्थाई रूप से रह रहे हैं लेकिन सिख श्रद्धालु अगर दो दिन के लिए हिमाचल में जाते हैं तो उन पर हमले होते हैं। उनकी पहचान को चुनौती दी जाती है। उन्होंने बंदी सिंघों की रिहाई का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बलवंत सिंह राजोआणा के संबंध में वर्ष 2019 में फैसला आने के बाद सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। जगतार सिंह हवारा को उसकी मां से नहीं मिलने दिया जा रहा है। जत्थेदार ने बंदी सिंघों की रिहाई का समर्थन करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर समूची सिख कौम को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि जो चुनौतियां वर्ष 1984 में सिखों के सामने थी वही चुनौतियां आज भी सिखों के सामने हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सभी को एकजुट होना पड़ेगा। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी कुलदीप सिंह गडग़ज ने समूचे विश्व में बसे सिखों से अपील की कि पंजाब सिखों का होमलैंड है। वह विश्व के किसी भी कोने में क्यों न रहें लेकिन साल में एक बार अपने बच्चों को दरबार साहिब जरूर लेकर आएं, ताकि विदेशों में जन्म के बावजूद उन्हें अपनी जड़ों का पता लगे। जत्थेदार ने विदेशों में बसे सिखों से अपील की कि वह पंजाब में अपनी जमीनों को न बेचें। पंजाब के साथ जुड़े रहें। गडग़ज ने पंजाब सरकार द्वारा बनाए गए बेअदबी कानून को खारिज करते हुए कहा कि गुरु ग्रंथ साहिब के सत्कार के नाम पर गुरु ग्रंथ व गुरु पंथ को कानून के दायरे में लाने की साजिश रची जा रही है। गुरु धामों को सरकारी कब्जे में लेने का प्रयास किया जा रहा है। मांग बेअदबी के दोषियों के विरूद्ध कानून बनाने की थी लेकिन सरकार ने सिखों के विरूद्ध ही कानून बना दिया है। अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार कुलदीप सिंह गडग़ज ने कहा कि देश के कई शहरों में प्लास्टिक बैन है लेकिन अमृतसर में इसका खुलेआम इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमृतसर का 450 वां स्थापना दिवस आ रहा है। इसे सभी जत्थेबंदियों को मिलकर मनाना चाहिए। उन्होंने पंजाब सरकार से अपील की कि अमृतसर को सुंदर शहर बनाया जाए। यहां सफाई व्यवस्था को सुधारा जाए तो यह पंथ का सम्मान होगा।

## भाजपा उम्मीदवार बनाए जाने के बाद प्रदेश कार्यालय पहुंचे पवन सिंह, बोले- पार्टी मेरी मां, आजीवन करता रहूंगा सेवा

**पटना।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद भोजपुरी फिल्म जगत के चर्चित अभिनेता और गायक पवन सिंह शनिवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में पवन सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसे वे पूरी निष्ठा, समर्पण और ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करेंगे। पवन सिंह ने कहा, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी को मैं दिल से प्रणाम करता हूं और उनका धन्यवाद करता हूं। भाजपा मेरे लिए केवल एक राजनीतिक दल नहीं है, बल्कि यह मेरे लिए मां और परिवार के समान है। मैं भाजपा परिवार का सच्चा सेवक हूं और जीवनभर पार्टी तथा समाज की सेवा करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि राजनीति उनके लिए केवल पद प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि जनसेवा का अवसर है। पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वह उसके लिए सदैव आभारी रहेंगे। उन्होंने विश्वास दिलाया कि संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने और आम लोगों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने के लिए पूरी मेहनत से काम करेंगे। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा और नेतृत्व के मार्गदर्शन में जनता के बीच जाकर संगठन को और मजबूत बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी एकजुट होकर पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। पवन सिंह आगामी 8 जून को बिहार विधान परिषद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। उनके नामांकन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल है। उम्मीद की जा रही है कि नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में पार्टी नेता, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि बिहार विधान परिषद चुनाव के लिए भाजपा ने चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की है। इनमें पवन सिंह के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर और शीला पंडित को भी उम्मीदवार बनाया गया है। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद राज्य की राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं और विभिन्न राजनीतिक दल चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं।

## लालू यादव और राबड़ी देवी ने अपने आवास पर तैनात सुरक्षा कर्मियों को लौटाया

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव तथा उनकी पत्नी और बिहार विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी ने अपने सरकारी आवास पर तैनात सभी सुरक्षाकर्मियों को वापस लौटा दिया है। जानकारी के अनुसार, दोनों नेताओं ने सुरक्षा में लगे जवानों को आवास छोड़ने का निर्देश दिया, जिसके बाद सभी सुरक्षाकर्मी वहां से हट गए। इस घटनाक्रम के बाद लालू यादव के सरकारी आवास के बाहर सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह समाप्त हो गई और परिसर में सन्नाटा छा गया। राजद के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव ने भी इस पूरे मामले की आज पुष्टि की है। सुरक्षा में कटौती के फैसले के विरोध में उठाए गए इस कदम के बाद आवास पर तैनात जवान अपने-अपने बैरक लौट गए। मुख्य प्रवेश द्वार से भी सुरक्षा व्यवस्था हटा ली गई। आमतौर पर जहां आवास के बाहर सुरक्षा कर्मियों की गतिविधियां दिखाई देती थीं, वहां अब कोई सुरक्षा दस्ता मौजूद नहीं है।

# ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं बरसी: दरबार साहिब परिसर में लहराए भिंडरावाला के पोस्टर, नारेबाजी

■ अमृतसर छावनी में तब्दील: सुरक्षा के मद्देनजर 65 से अधिक जगहों पर नाकेबंदी, 3000 जवान तैनात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। ऑपरेशन ब्लू स्टार की 42वीं बरसी पर शनिवार को दरबार साहिब परिसर में जरनैल सिंह भिंडरांवाले के पोस्टर बांटे गए और खालिस्तान समर्थन में नारे लगाए गए। सुरक्षा के मद्देनजर अमृतसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। दरबार साहिब में सुबह के समय अखंड पाठ साहिब के भोग के बाद जत्थेदार अकाल तख्त साहिब ने कौम के नाम संदेश जारी किया। इसके बाद सरबत खालसा के जत्थेदार ध्यान सिंह मंड अपने समर्थकों के साथ श्री अकाल तख्त पहुंचे। अकाली दल अमृतसर के अध्यक्ष सिमरनजीत सिंह मान अपने साथियों के साथ श्री अकाल तख्त पर पहुंचे। कट्टरपंथी समर्थकों ने भिंडरावाला के पोस्टर लहराकर मान का स्वागत किया। गर्मपंथियों ने किरपाने लहराकर खालिस्तान का समर्थन किया। आज दरबार साहिब परिसर में जगह-जगह स्टाल लगाकर संगत को ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद की तस्वीरों तथा भिंडरावाला के पोस्टर बांटे गए। यहां तक की दर्शनी ड्योढ़ी में भी कुछ लोग भिंडरावाला के पोस्टर लेकर संगत को दिखा रहे थे। इस बीच ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान जख्मी हुए गुरु ग्रंथ साहिब के दर्शनों के भारी संख्या में संगत उमड़ गई। जिसे नियंत्रित करने के लिए टास्क फोर्स को कड़ी मशक्कम करनी पड़ी। असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद कट्टरपंथी सांसद अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह भी आज समर्थकों समेत दरबार साहिब पहुंचे और माथा टेका। गर्मपंथी दल खालसा व कुछ अन्य संगठनों की तरफ से शनिवार को अमृतसर बंद का भी आहवान किया गया है। जिसके चलते भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। एसजीपीसी ने भी श्री अकाल तख्त साहिब के आसपास एक हजार से अधिक टास्क फोर्स कर्मी तैनात किए हैं। पुलिस आयुक्त गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गुरु नगरी में 65 से ज्यादा जगहों पर नाकाबंदी है। संदिग्ध वाहनों और लोगों की तलाशी ली जा रही है। होटल मालिकों को संदिग्धों की जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। प्रमुख प्रवेश मार्गों, रेलवे स्टेशन, बस अड्डा और एयरपोर्ट पर भी चेकिंग अभियान चल रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर अमृतसर में पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के करीब 3000 जवान तैनात किए गए हैं। इस बीच एसजीपीसी अध्यक्ष एच.एस. धामी, बुद्ढा दल के मुखी बाबा बलबीर सिंह, बाबा निहाल सिंह हरियांवेलां,जरनैल सिंह खालसा, जन.सुबेग सिंह का परिवार, अमरीक सिह का परिवार, सतवंत सिंह का परिवार, बलवंत सिंह राजाओणा की बहन व अन्य परिजनों ने भी आज के समागम में भाग लिया।

# दिल्ली हर्ष फायरिंग मामले में बिहार के भाजपा विधायक राजू सिंह दोषी करार

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 31 दिसंबर 2018 को नव वर्ष की पूर्व संध्या पर की गयी हर्ष फायरिंग में एक महिला की मौत के मामले में बिहार के भारतीय जनता पार्टी के विधायक राजू सिंह को दोषी करार दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने ने इस मामले में राजू सिंह की पत्नी रेणु सिंह, राणा राजेश सिंह और रमेंद्र सिंह को सभी आरोपों से बरी कर दिया है। कोर्ट ने राजू सिंह की सजा पर 9 जून को विचार करने का आदेश दिया। कोर्ट ने राजू सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (खंड दो) और आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत दोषी करार दिया। कोर्ट ने 23 नवंबर 2023 को इस मामले में सभी आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किया था। कोर्ट ने राजू सिंह को भारतीय दंड संहिता की धारा 304 (खंड दो) और आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत जबकि राजू सिंह की पत्नी रेणु, राणा राजेश सिंह और रमेंद्र सिंह पर साक्ष्य मिटाने का आरोप तय किया था।

# फिरोजपुर में सडक़ हादसा, 8 की मौत 12 घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के फिरोजपुर-फाजिल्का मार्ग पर शनिवार की सुबह हुए भीषण सडक़ हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई जबकि 12 अन्य घायल हो गए। घायलों को आसपास के अस्पतालों में भर्ती कराया जा रहा है। हादसे का शिकार हुए सभी लोग अपने पारिवारिक सदस्य की अस्थियों का विसर्जन करने के लिए जलालाबाद से ब्यास जा रहे थे। रास्ते में फिरोजपुर-फाजिल्का मार्ग जंगा वाला मोड़ के पास यह हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार जलालाबाद के गांव मल्कज़ादे का एक परिवार अपने मृतक परिजन की अस्थियां विसर्जित करने के लिए डेरा ब्यास जा रहा था। परिवार और रिश्तेदारों समेत करीब 25 से 30 लोग पिकअप में सवार थे। जब वाहन गांव हुसैनशाह के पास पहुंचा, तो सामने से आ रहे ट्राले के साथ उसकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप के ऊपर बने टूल बॉक्स में बैठे पांच लोग उछलकर ट्राले का शीशा तोड़ते हुए उसके अंदर जा गिरे। टक्कर इतनी ज़बरदस्त थी कि गाड़ी में सवार कई लोग अंदर ही फंस गए। बताया जा रहा है कि कई लोगों की मौत मौके पर ही हो गई, जबकि घायलों को इलाज के लिए फिरोजपुर के सिविल अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही एसएसपी फिरोजपुर भूपिंदर सिंह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एसएसपी ने कहा कि पुलिस ने हादसे की सही वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार पिकअप में मौजूद अंशप्रीत ने बताया कि सुबह 3:30 बजे वह घर से अस्थियां लेकर करीब 30 लोग रवाना हुए थे। रास्ते में गाड़ी में पेट्रोल डलवाने के बाद वह जैसे ही जनगांव वाला मोड़ के पास पहुंचे तो सडक़ के बीच में खड़े ट्राले से अचानक उनकी पिक अप गाड़ी की टक्कर हो गई। सिविल अस्पताल के सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. निखिल गुप्ता ने बताया कि गंभीर रूप से घायल कई लोगों को बेहतर इलाज के लिए फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज और अस्पताल रेफर किया गया।

# दिल्ली के उपराज्यपाल तरणजीत सिंह संधू ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। दिल्ली के उपराज्यपाल सरदार तरणजीत सिंह संधू ने आज पंजाब लोक भवन, चंडीगढ़ में पंजाब के राज्यपाल एवं संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली तथा राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर व्यापक और सार्थक चर्चा हुई। विशेष रूप से सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से प्रभावी रूप से जोडऩे पर बल दिया गया, ताकि उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाई जा सके और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने विकसित भारतअ2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में युवा सशक्तिकरण और कौशल विकास को महत्वपूर्ण आधार स्तंभ बताते हुए इस दिशा में निरंतर प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया।

# धामी ने किया खेत बचाओ अभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में मुख्यमंत्री धामी ने खेत बचाओ अभियान को जनांदोलन बनाने का आह्वान किया। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच कृषि और किसानों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से हवालबाग में राज्य स्तरीय ''खेत बचाओ अभियान'' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को देखते हुए कृषि संरक्षण, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने तथा किसानों को भविष्य की चुनौतियों के प्रति जागरूक करने पर विशेष जोर दिया गया। मोटे अनाजों विशेषकर मांडुआ, झंगोरा, चौलाई एवं अन्य पारंपरिक फसलों के संरक्षण और उत्पादन बढ़ाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि अल्मोड़ा की धरती पर किसानों के बीच आकर उन्हें नई ऊर्जा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि ''खेत बचाओ अभियान'' अब केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा जनांदोलन बन चुका है। उन्होंने किसानों से अपनी कृषि भूमि, मिट्टी और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान केवल अन्नदाता ही नहीं बल्कि देश की शक्ति और हिम्मत हैं। संस्कृति में मिट्टी केवल भूमि का टुकड़ा नहीं बल्कि मां के समान पूजनीय है। इसलिए मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बनाए रखना और खेतों को रासायनिक पदार्थों से यथासंभव मुक्त रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित कृषि व्यवस्था छोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी है। कहा कि किसानों की आय में वृद्धि करने के लिए बजट में 200 करोड़ रुपये का प्राविधान भी किया है। मुख्यमंत्री ने किसानों से नियमित रूप से मिट्टी का परीक्षण कराने, पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करने तथा कृषि विशेषज्ञों की सलाह और वैज्ञानिक शोध के अनुरूप खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम और जलवायु परिस्थितियों के अनुरूप फसलों का चयन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक समृद्धि दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं तथा इकोलॉजी और इकोनॉमी के बीच संतुलन बनाए रखना आवश्यक है। प्रधानमंत्री के ''मन की बात'' कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल, जमीन और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से बागवानी क्षेत्र के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पॉलीहाउस, फलोत्पादन, कोल्ड स्टोरेज, मेगा फूड पार्क तथा सुगंधित फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं लागू की गई हैं। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 23 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सुगंधित फसलों के उत्पादन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मोटे अनाजों को भी विशेष रूप से प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों को योजनाओं का लाभ सीधे डीबीटी के माध्यम से दिया जा रहा है, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि के मामले में देश में उत्तराखंड का नाम प्रथम श्रेणी में आना सरकार की नीतियों की सफलता का जीता जागता उदाहरण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार किसानों से केवल वादे नहीं करती, बल्कि धरातल पर कार्य करने में विश्वास रखती है। उन्होंने किसानों से अपनी खेती और मिट्टी का परीक्षण कराने तथा टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा जनपद में तारबाड़ योजना के अंतर्गत लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से कार्य कराए जाने घोषणा भी की। इस अवसर पर कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाते हुए उत्पादन बढ़ाने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रही है तथा अब तक सरकारी विभागों में 30 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063